# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित

www.lagatar.in | शनिवार, 13 जनवरी 2024 ● पौष शुक्ल 02 , संवत 2080 ● पृष्ठ : 16, मूल्य : ₹ ● वर्ष : 1, अंक : 266 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 5 मात्र

राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें


मौसम

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
| --- | --- | --- |
| धनबाद | 22.2 | 09.7 |
| जमशेदपुर | 26.0 | 07.0 |
| डालटनगंज | 22.0 | 07.0 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

* * * * *




# कोडरमा, राजमहल, धनबाद और हजारीबाग से तय है वाम दलों का चुनाव लड़ना

प्रवीण कुमार। रांची

लोकसभा चुनाव से पहले राज्य में वाम दलों ने कांग्रेस और झामुमो की टेंशन बढ़ा दी है. इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्ल्युसिव एलायंस यानी इंडिया की पूर्व की बैठकों में राज्य स्तर पर दलों के बीच सीटों को लेकर तालमेल करने की बात कही गई थी. लेकिन सीट शेयरिंग को लेकर राज्य में इंडिया गठबंधन की बैठक अब तक नहीं हुई है.

वहीं वाम दल कोडरमा, हजारीबाग, राजमहल, धनबाद और पलामू लोकसभा सीटो पर मजबूत आधार रखते हैं. सीट शेयरिंग में इन्हें स्थान नहीं मिला, तो राज्य की कई लोकसभा सीटो पर इंडिया गठबंधन का टेंशन बढ़ सकता है.

### खास बातें

- 40 सालों से हजारीबाग लोस सीट निकाल नहीं पाई कांग्रेस
- वाम दलों ने झामुमो और कांग्रेस की बढ़ा दी टेंशन

**सीटें नहीं मिलीं तो वामदल इंडिया से कर सकते हैं किनारा :** वामदलों का झारखंड की 14 लोकसभा संसदीय सीटों में से न्यूनतम चार सीटों पर चुनाव लडना तय माना जा रहा है. मासस धनबाद, सीपीआई हजारीबाग, सीपीएम राजमहल और माले कोडरमा सीटों पर उम्मीदवार खड़ा करेंगे. 2004 के लोकसभा चुनाव में यूपीए गठबंधन के तहत झामुमो, कांग्रेस, राजद और वाम दल मिल कर चुनाव लड़े थे. भाजापा एक कोडरमा सीट पर ही चुनाव जीत पाई.

जबकि 2019 में तीनों दलों ने मिलकर चुनाव लड़ा था. जिसमें झारखंड मुक्ति मोर्चा, कांग्रेस और राजद शमिल थे, महागठबंधन दो सीटों पर ही सिमट गया. वाम नेता मानते हैं कि बड़े दलों को उदारता दिखाते हुए वाम दलों को चार सीटें देनी चाहिए.वाम दलों को साथ लेकर ही इंडिया गठबंधन भाजपा को राज्य में करारी शिकस्त दे सकता है.

चुनाव की तैयारी तेज कर दी है. सीपीआई को राष्टीय पार्टी की मान्यता कायम रखने के लिए चुनाव लड़ना ही होगा, जबकि दूसरे वाम दलों को अपना सिंबल कायम रखना भी चुनौती है. वाम दल राज्य में चार लोकसभा सीटों

### क्या कहते हैं वाम नेता

भाकपा माले के राज्य सचिव मनोज भक्त ने कहा कि वाम दल इंडिया गठबंधन में शामिल हैं. गठबंधन के सभी दलों को मिलजुल के चुनाव लड़ना चाहिए, तभी भाजपा को शिकस्त दे सकते हैं. पिछली बार लोकसभा में हमारी पार्टी कोडरमा सीट पर चुनाव लड़ी थी. कोडरमा सीट पर माले का दावा बनता है, हमने तैयारी शुरू कर दी है.

मासस के अरूप चटर्जी ने कहा कि पार्टी धनबाद लोकसभा सीट से चुनाव लड़ेगी. फरवरी में उमीदवार के नाम की घोषणा कर दी जाएगी. धनबाद लोकसभा सीट पर कंडीडेट खड़ा करने को लेकर पार्टी की सेंट्रल कमिटी ने निर्णय लिया है.

सीपीआई (एम) के राज्य सचिव प्रकाश विप्लव ने कहा ने कहा कि पार्टी ने राजमहल लोकसभा सीट पर अपनी दावेदारी गठबंधन में की है. तमिलनाडु में सभी दल आपस में सीट शेयरिंग कर चुके हैं. झारखंड में सीट शेयरिंग को लेकर अभी कुछ तय नहीं हुआ है. पार्टी राजमहल सीट पर तैयारी कर रही है.

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के प्रदेश सचिव महेंद्र पाठक ने कहा गठबंधन के तहत हजारीबाग सीट पर हमारी दवेदारी है. पिछले 40 सालों से इस चीट को कांग्रेस ने कभी जीत नही पायी है. हजारीबाग लोकसभा सीट को पिछले 40 सालो में दो बार 1991 और 2004 भाकपा ही जीती है.

## वीरेंद्र राम के पिता व पत्नी की जमानत पर अब 19 को सुनवाई

**रांची।** जेल में बंद ग्रामीण विकास विभाग के निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम के पिता गेंदा राम और पत्नी राजकुमारी देवी की अग्रिम जमानत याचिका पर शुक्रवार को झारखंड हाईकोर्ट में आंशिक सुनवाई हुई. इसके बाद न्यायाधीश जस्टिस अनिल कुमार चौधरी की कोर्ट ने दोनों की अग्रिम बेल पर अगली सुनवाई के लिए 19 जनवरी की तिथि निर्धारित कर दी. पिछली सुनवाई में ईडी के अधिवक्ता ने जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगा था. गेंदा राम की ओर से अधिवक्ता शुभाशीष रसिक सोरेन ने बहस की.

### 100 में मिले 69 अंक, मिलेंगे 2000 करोड़

# बिजली वितरण निगम का परफॉरमेंस बेहतर

रवि भारती। रांची


पिछले एक साल में झारखंड बिजली वितरण निगम की परफॉरमेंस बेहतर हुई है. केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय ने झारखंड राज्य बिजली वितरण निगम को 100 में 69 अंक दिए हैं. मंत्रालय की ओर से 100 नंबर में 60 नंबर पासिंग मार्क्स हैं. वहीं बिहार को 100 में 52 और पंजाब को 100 में 48 नंबर ही मिले हैं. परफॉरमेंस में पास होने पर झारखंड राज्य बिजली वितरण निगम को रिवैंप्ड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम (आरडीएसएस) के तहत 2000 करोड़ रुपए भी मिलेंगे.

### दो हजार करोड़ से किन संरचनाओं का होगा निर्माण

- राज्यभर में सभी एलटी लाइन को किया जाएगा कवर
- जिस ट्रांसफार्मर में लोड ज्यादा है वहां अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगाया जाएगा
- 70 नए फीडरों का किया जाएगा निर्माण
- राज्यभर में 2000 ट्रांसफार्मर लगाए जाएंगे
- ओवरलोडेड फीडर को किया जाएगा छोटा
- वितरण निगम को क्या होगा फायदा
- बिजली का नुकसान कम होगा
- नुकसान कम होने से राजस्व में वृद्धि होगी
- उपभोक्ताओं को क्वालिटी पावर मिलेगा
- ग्रामीण से शहरी इलाकों में बिजली नेटवर्क दुरुस्त होगा.

### किस इलाके में इंफ्रास्ट्रक्चर निर्माण के लिए कितने का टेंडर जारी

| इलाका | राशि |
|---|---|
| रामगढ़ और कुजू | 17.82 करोड़ |
| मधुपुर व गोड्डा | 247.70 करोड़ |
| चाईबासा चक्रधरपुर व सरायकेला | 163.02 करोड़ |
| बरही और चतरा | 212.45 करोड़ |
| कोडरमा | 75.33 करोड़ |



- लोड कम करने के लिए राज्यभर में लगेंगे 2000 ट्रांसफार्मर
- 70 नए फीडर का होगा निर्माण, एलटी लाइन होंगी कवर

### वर्तमान में वितरण निगम के पास कितने हैं संसाधन

- 33/11 केवी पावर सब स्टेशन की संख्या : **531**
- 33 केवी फीडर की संख्या : **719**
- 11 केवी फीडर की संख्या : **1806**
- ट्रांसफार्मर की संख्या : **4873000**
- 33 केवी लाइन है 9871 सर्किट किलोमीटर
- 11 केवी लाइन है 97741 सर्किट किलोमीटर
- एलटी लाइन 115732 सर्किट किलोमीटर

*झारखंड बिजली वितरण निगम को केंद्रीय ऊर्जी मंत्रालय ने परफॉरमेंस के आधार पर 100 में 69 नंबर दिए हैं. इसकी एवज में आरडीएसएस स्कीम के तहत 2000 करोड़ रुपए मिलेंगे. इससे बिजली आपूर्ति संरचनाओं का निर्माण किया जाएगा.*

*– ऋषि नंदन ( जीएम कॉमर्शियल, बिजली वितरण निगम)*

## भाकपा और कांग्रेस ने की बैठक

प्रमुख संवाददाता। रांची

विपक्षी पार्टियों के इंडिया गठबंधन के बीच लोकसभा चुनाव को लेकर सीट शेयरिंग पर मंथन चल रहा है. भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी नेता शनिवार को दिल्ली में कांग्रेस नेताओं के साथ मीटिंग करने वाले हैं. शनिवार की बैठक में दोनों दलों के बीच सीट शेयरिंग को लेकर चर्चा होगी. इस मीटिंग में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राष्ट्रीय सचिव डॉ भालचंद्र कांगो और अन्य नेता भाग लेंगे. इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्ल्युसिव एलायंस यानी भारतीय राष्ट्रीय विकासवादी समावेशी गठबंधन के पूर्व की बैठकों में राज्य स्तर पर दलों के बीच सीटों को लेकर तालमेल करने की बात कही गई थी. लेकिन सीट शेयरिंग को लेकर राज्य में इंडिया गठबंधन की बैठक नहीं हुई है. शुक्रवार को आम आदमी पार्टी और कांग्रेस पार्टी के नेताओं के बीच बातचीत हो रही है.

# किसानों तक पहुंचाएं तकनीक: डॉ. खलिकर

### बीएयू कार्यक्रम

- बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न
- किसानों को सोशल मीडिया को लेकर दिए टिप्स

संवाददाता। रांची

भारत सरकार के कृषि एवं किसान मंत्रालय के अंतर्गत प्रसार निदेशालय के सह निदेशक डॉ. एसएम खलिकर ने कहा कि कृषि को उन्नत बनाने के लिए किसानों तक नयी तकनीक का पहुंचना आवश्यक है. डॉ. खलिकर शुक्रवार को बिरसा कृषि विवि रांची एवं हरियाणा के विस्तार शिक्षा संस्थान नीलोखेड़ी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे. उन्होंने कहा कि विस्तार शिक्षा संस्थान, नीलोखेड़ी देश का सबसे प्राचीन विस्तार शिक्षा संस्थान है, जिसका मुख्य उद्देश्य विस्तार अधिकारियों को नवीन तकनीकों से अवगत करवाना है. उन्होंने प्रतिभागियों से नई तकनीकों जैसे कि विभिन्न प्रकार के सोशल मीडिया इत्यादि के माध्यम से किसानों तक नई तकनीकों को पहुंचाने का आह्वान किया.



कृषि प्रसार की विधि भी बताई

प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डॉ. जे. उरांव ने कहा कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम विस्तार अधिकारियों के लिए विस्तार विधियां एवं प्रेरणा कौशल विषय पर आयोजित किया गया, जिसमें राज्य के कृषि विज्ञान केंद्रों एवं विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने हिस्सा लिया. उन्होंने कहा कि इस प्रशिक्षण के माध्यम से कृषि वैज्ञानिकों को कृषि प्रसार की नई विधियों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई है, जिसके माध्यम से किसानों तक नई तकनीकों को ससमय पंहुचाने में लाभ मिलेगा. कार्यक्रम के संयोजक डॉ. अनिल कुमार रोहिला ने कहा कि विस्तार शिक्षा संस्थान नीलोखेड़ी चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार के वाईस-चांसलर प्रोफेसर बीआर कांबोज एवं कुलसचिव एवं विस्तार शिक्षा निदेशंक, डॉ बलवान सिंह मंडल के मार्गदर्शन में उत्तर भारत के आठ राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के विस्तार अधिकारियों को प्रशिक्षण देने का काम कर रहा है.

## डीजीपी कोर्ट में पेश हुए हाईकोर्ट ने दिए निर्देश

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने गिरिडीह जिले के पचंबा पैक्स के मैनेजर संतोष यादव को अग्रिम जमानत सुविधा प्रदान की है. उसकी याचिका पर सुनवाई के दौरान राज्य के डीजीपी अजय कुमार सिंह अदालत के समक्ष सशरीर उपस्थित हुए. अदालत ने उन्हें अनुसंधान सही दिशा में ले जाने के लिए पुलिसकर्मियों को प्रशिक्षण देने का निर्देश दिया. इस मामले की सुनवाई हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस राजेश कुमार की कोर्ट में हुई.

## निशिकांत दुबे के खिलाफ दर्ज चार एफआईआर रद्द

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने मधुपुर विधानसभा उपचुनाव के दौरान सांसद निशिकांत दुबे पर आचार संहिता उल्लंघन से जुड़ी चार प्राथमिकी को रद्द करने का आदेश दिया है. इससे पहले इन मामलों में हाईकोर्ट ने निशिकांत दुबे के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक का आदेश दिया था. निशिकांत दुबे की याचिका पर हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस अनिल कुमार चौधरी की अदालत में सुनवाई हुई. निशिकांत दुबे की ओर से अधिवक्ता प्रशांत पल्लव, पार्थ जालान और शिवानी जुल्का ने बहस की.

# एयरफोर्स अग्निवीर के लिए नोटिफिकेशन जारी

संवाददाता। रांची

ज्वॉइन इंडियन एयरफोर्स ने अग्निवीर एयर इंटेक की विस्तृत अधिसूचना (नोटिफिकेशन) जारी कर दी है. इस वायु सेना भर्ती के लिए इच्छुक पुरुष व महिला उम्मीदवार 17 जनवरी को 11 बजे से रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं. ऑनलाइन आवेदन भरने की अंतिम तिथि 6 फरवरी है. वहीं परीक्षा शुल्क जमा करने की भी अंतिम तिथि 6 फरवरी है. परीक्षा 17 मार्च को आयोजित की जाएगी. इसकी जानकारी कमान अधिकारी विंग कमांडर ए प्रदीप रेड्डी ने दी है.

**12 से 23 जनवरी तक जागरूकता और प्रेरणा सत्र का आयोजन :** स्कूलों और कॉलेजों के लिए 12 से 23 जनवरी तक जागरूकता और प्रेरणा सत्र आयोजित किये जाएंगे. इसको लेकर कमांडिंग ऑफिसर और कर्मचारी झारखंड के सभी जिलों का दौरा करेंगे. इसका उद्देश्य झारखंड के युवाओं तक पहुंचना और उन्हें नौकरी के अवसर प्रदान करना है. भारतीय वायु सेना में बिहार और झारखंड से एयरमैन के चयन और नामांकन के लिए 10 एयरमैन जिम्मेदार हैं.

### 6 फरवरी तक कर सकते हैं आवेदन



**युवाओं के बीच जागरूकता की कमी :** आईएएफ के एयरमैन कैडर में आवेदन करने और भर्ती होने वाले युवाओं की संख्या विशेष रूप से स्टार परीक्षा (एयरमैन भर्ती के लिए निर्धारित परीक्षण) के लिए उत्साहजनक नहीं है, जो साल में दो बार ऑनलाइन आयोजित की जाती है. जबकि भर्ती के आंकड़े बताते हैं कि झारखंड से सेवा के प्रति प्रेरणा या झुकाव में कोई कमी नहीं है, ये संख्या आईएएफ में कैरियर के अवसरों के बारे में युवाओं के बीच जागरूकता की कमी को इंगित करता है. विशेषकर राज्य के दूरस्थ जिलों में.

### महत्वपूर्ण तिथियां

- **आवेदन प्रारंभ** : 17 जनवरी 2024
- **ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि** : 06 फरवरी 2024
- **परीक्षा शुल्क भुगतान की अंतिम तिथि** : 06 फरवरी 2024
- **परीक्षा** : 17 मार्च 2024
- **प्रवेश पत्र (एडमिट कार्ड)** : परीक्षा से पहले होगा उपलब्ध

CLASSIFIED













































# शुभम संदेश

रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित

एक राज्य - एक अखबार

www.lagatar.in | शनिवार, 13 जनवरी 2024 ● पौष शुक्ल 02 , संवत 2080 ● पृष्ठ : 16, मूल्य : ₹ ● वर्ष : 1, अंक : 266 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 5 मात्र





## प्रदेश भर में मटका संचालकों ने अवैध लॉटरी का भी कारोबार संभाला, वाट्सएप पर देते हैं टिकट

# राजधानी में हर रोज 50 लाख रुपये के लॉटरी का कारोबार

सौरभ सिंह। रांची

झारखंड में प्रतिबंधित लॉटरी का करोबार तेजी से पांव पसार रहा है. अवैध ढंग से मटका खेलाने के धंधे से जुड़े लोगों ने ही लॉटरी खेलाना भी शुरू कर दिया है. रांची में मटका किंग के नाम से चर्चित विजय सिंह खुद को तो इससे अलग रखे हुए हैं, लेकिन उसका ही सिंडिकेट शहर में अवैध लॉटरी का भी कारोबार देख रहा है. जांच एजेंसियों की पड़ताल में सामने आया है कि शहर के अलग-अलग हिस्सों में लॉटरी खेलाने के लिए एजेंट नियुक्त हैं, जो समय पर अपने अड्डे पर पहुंच कर टिकटों की बिक्री करते हैं. प्रदेश भर में हर माह अवैध लॉटरी का करोबार लगभग 500 करोड़ का है. सिर्फ रांची में ही रोजाना 50 लाख का अवैध सट्टा ऑनलाइन और ऑफलाइन खेला जाता है.

### शहर में कहां-कहां होता है मटका-लॉटरी का खेल

लोअर बाजार थाना क्षेत्र के खादगढ़ा बस स्टैंड, पुलिस टीओपी के पीछे, एमजी रोड में आर अली मॉल के सामने , कलाल टोली, चुटिया व कोतवाली थाना क्षेत्र के सब्जी मंडी, गाड़ीखाना भुईयांटोली, सेवा सदन व बड़ा तालाब के आसपास इलाके, जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र के लीचीबगान, जगन्नाथपुर मंदिर के पीछे, बिरसा चौक के आसपास, डोरंडा थाना क्षेत्र के परासटोली, मणिटोला, हाथीखाना, पत्थर रोड, सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के मधुकम, थाना के पीछेवाली गली, इंद्रपुरी रोड नंबर 10, अलकापुरी खादगढ़ा सब्जी मंडी, किशोरगंज संस्कृत कॉलेज के आसपास, नामकुम, मौलाना आजाद कॉलीनी, धुर्वा के डैम साइड, सीटीओ, रातू रोड आईटीआई बस स्टैंड सहित बरियातू थाना क्षेत्र के बरियातू बस्ती के पीछेवाले इलाके, एदलहातू जैसे इलाके में अवैध लॉटरी-मटका का कारोबार बेखौफ चल रहा है.

### आनंद वर्मा और बंटी खान का है अवैध धंधे पर दबदबा

राजधानी के सुखदेवनगर थाना क्षेत्र का रहनेवाला आनंद वर्मा और लोअर बाजार इलाके के बंटी खान का लॉटरी-मटका के करोबार में दबदबा है. शहर में 50 से ज्यादा जगहों पर मटका खेलाया जा रहा है और वहीं से ऑनलाइन लॉटरी का धंधा संचालित हो रहा है. इस कारोबार से जुड़े लोगों का जेल आना -जाना लगा रहता है. लेकिन मटका-लॉटरी के अवैध कारोबार में वहीं होता है, जो ये लोग चहते हैं. उनके अवैध करोबार से वहीं जुड़ सकता है, जो उनके इशारों पर काम करता है.

### पुलिस सब कुछ जानती है पर चुप्पी साधी रहती है

राजधानी रांची सहित सूबे के अन्य जिलों में मटका-लॉटरी का अवैध धंधा खुलेआम हो रहा है. ऐसा नहीं कि पुलिस को इन अवैध धंधों के बारे में जानकारी नहीं है. पुलिस सबकुछ जानते हुए भी इसलिए भी चुप्पी साधे रहती है, क्योंकि मटका-लॉटरी के अवैध धंधेबाज उन्हें हर माह बंधी-बंधाई रकम पहुंचा देते हैं. पुलिस की शह की वजह से अवैध धंधेबाजों का मनोबल इतना बढ़ा हुआ है कि वे सुखदेवनगर थाना के पीछे, खादगढ़ा बस स्टैंड में पुलिस टीओपी के पीछे बेखौफ मटका खेलाने के साथ लॉटरी टिकटों की बिक्री करते हैं, लेकिन पुलिस चुप्पी साधे रहती है. कई दफा अवैध धंधे के कारण मारपीट व हो हंगामा भी होता है, लेकिन अवैध धंधेबाज खुद मामला सलटा देते हैं.

### बंगाल से सटे जिलों में कारोबार बूम पर

पुलिस ने रांची सहित प्रदेशभर में कई मटका किंग को चिह्नित कर रखा है. केवल राजधानी में हर माह करोड़ों का अवैध मटका व लॉटरी का खेल होता है. सुखदेवनगर, कोतवाली, चुटिया, मेनरोड, पंडरा, अरगोड़ा आदि क्षेत्र में अवैध मटका व लॉटरी के कारोबार पर अभी भी विजय सिंह का अघोषित कब्जा है. लॉटरी के ऑनलाइन टिकट वाट्स एप पर उपलब्ध करा दिए जाते हैं. वहीं मटका से संबंधित गेस पेपर खुलेआम अड्डों पर उपलब्ध कराया जाता है. गेस पेपर की बोली भी खुलेआम लगती है. रांची, जमशेदपुर, गिरिडीह, हजारीबाग, सरायकेला, पाकुड़, दुमका, साहिबगंज, जामताड़ा, देवघर, पूर्वी सिंहभूम समेत कई अन्य जिलों में प्रतिबंधित लॉटरी का धंधा जोरशोर से चल रहा है. खास कर बंगाल से सटे झारखंड के जिलों में यह धंधा खूब फलफूल रहा है और लोग इस अवैध धंधे में लाखों गवां रहे हैं. आमतौर पर पहले लॉटरी का कारोबार टिकट बेचकर संचालित कराया जाता था, अब इस अवैध धंधे को डिजिटल रूपदे दिया गया है.

### राजधानी रांची में बंटी खान गैंग के जिम्मे है बड़ा इलाका



रांची में बंटी खान गैंग बड़ा इलाका देख रहा है. कारोबार में बंटी के साथ रिजवान-सुहैल गैंग, राजा हामिद गैंग, डोरंडा का बुल्लू, मोइन और जुम्मन का गैंग भी शामिल है. इन सबका काम मेन रोड, पत्थलकुदवा, कांटाटोली, रतन टाकिज, डोरंडा समेत अन्य इलाकों में चलनेवाले अवैध लॉटरी और मटका काउंटर को संभालना है. शहर के सात थाना क्षेत्रों में 20 जगह मटका और अवैध लॉटरी का खेल खुलेआम संचालित हो रहा है.



## किसने क्या कहा

- विवेकानंद के विचार-संदेश युग-युगांतर तक प्रेरित करते रहेंगे : **नरेंद्र मोदी**
- नेहरू की नीतियां देश को विकास के मार्ग पर लाईं : **-मणिशंकर अय्यर**
- कश्मीर में आतंकवाद अब अंतिम सांसें ले रहा : **-मनोज सिन्हा**

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 59,400 |
| चांदी (किलो) | 77,000 |

## ब्रीफ खबरें

### संसद का बजट सत्र 31 जनवरी से शुरू होगा

**नयी दिल्ली।** संसद का बजट सत्र 31 जनवरी से 9 फरवरी के बीच होगा. संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने जोशी ने 'एक्स' पर कहा कि अंतरिम बजट सत्र 2024 यानी 17वीं लोकसभा का आखिरी सत्र 31 जनवरी से 9 फरवरी तक होगा. इसमें संसद में राष्ट्रपति का संबोधन होगा. 1 फरवरी को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण अंतरिम बजट पेश करेंगी. इस साल अप्रैल-मई में लोस चुनाव के बाद नई सरकार बाद में पूर्ण बजट पेश करेगी.

### पीएम नरेंद्र मोदी 27 को धनबाद आएंगे

**रांची।** पीएम नरेंद्र मोदी 27 जनवरी को धनबाद आएंगे. उनका कार्यक्रम बलियापुर हवाई अड्डा मैदान में होगा. यह जानकारी सांसद आदित्य साहू ने दी. पीएम की सभा दोपहर दो बजे होगी. इससे पहले बीजेपी की बैठक प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की अध्यक्षता में धनबाद जिला कार्यालय में हुई. बैठक में पीएम के कार्यक्रम पर चर्चा की गई. बैठक में धनबाद, बोकारो, गिरिडीह और कोडरमा के सांसद, विधायक और जिलाध्यक्ष मौजूद थे.

### संजय सिंह, गुप्ता और स्वाति निर्विरोध निर्वाचित

**नयी दिल्ली।** राज्यसभा के लिए दिल्ली में आम आदमी पार्टी की ओर से नामित संजय सिंह, एनडी गुप्ता और स्वाति मालीवाल निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं. अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी. इन चुनावों के लिए किसी भी अन्य पार्टी ने उम्मीदवार नहीं उतारे थे.

### महंगाई 4 महीने के उच्च स्तर 5.69% पर

**नयी दिल्ली।** खाद्य वस्तुओं के दाम बढ़ने से खुदरा मुद्रास्फीति पिछले महीने बढ़कर चार महीनों के उच्च स्तर 5.69 प्रतिशत पर पहुंच गयी है. यह जानकारी वित्त मंत्रालय की रिपोर्ट में दी गयी है.

### पीएम मोदी का 11 दिन का विशेष अनुष्ठान शुरू

**नयी दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी ने 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले शुक्रवार से 11 दिन का विशेष अनुष्ठान आरंभ किया. पीएम ने कहा, उन्हें पहली बार एक अद्भुत अनुभव हो रहा है, जो वर्णातीत है.

## झारखंड सीआईडी ने सभी बैंकर्स को दी पूरी डिटेल

# 8674 बैंक खातों से हो रही साइबर ठगी



संवाददाता। रांची

झारखंड पुलिस की अपराध अनुसंधान विभाग (सीआईडी) ने साइबर फ्रॉड के खिलाफ कार्रवाई में नयी सफलता हासिल की है. सीआइडी ने राज्य के बैंकों में खुले करीब 8000 बैंक खातों का डाटा तैयार कर लिया है. जिसमें साइबर फ्रॉड के पैसे ट्रांसफर किये गये. इस डाटा के हासिल होने के बाद सीआईडी ने खाताधारकों की पहचान शुरू कर दी है. साथ ही 12 जनवरी को बैंकों के अधिकारियों के साथ हुई बैठक में डाटा उपलब्ध करा दिया गया है. ताकि खाताधारकों की पहचान में तेजी लायी जा सके. सीआइडी के पास जो डाटा है, उसके मुताबिक 8674 में से 2002 बैंक एकाउंट्स सिर्फ देवघर जिले में हैं. 20 प्रतिशत बैंक अकाउंट्स स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के विभिन्न शाखाओं में हैं.

### किस जिले में कितने खाते

| | |
|---|---|
| 2002 | से अधिक बैंक खाते देवघर में |
| 1183 | बैंक खाते धनबाद में |
| 959 | बैंक खाते रांची में |
| 716 | बैंक खाते बोकारो |
| 707 | बैंक खाते गिरडीह में |

### किस बैंक में कितने खाते

| | |
|---|---|
| 2840 | बैंक खाते एसबीआई में |
| 1538 | बैंक खाते इंडियन बैंक में |
| 1290 | बैंक खाते बैंक ऑफ इंडिया |
| 870 | बैंक खाते बैंक ऑफ बड़ोदा में |

### 8 हजार खातों की जानकारी ने चौंकाया

फ्रॉड कर बैंक खातों में पैसे ट्रांसफर करने की बात तो पुरानी है, लेकिन सिर्फ झारखंड में ऐसे 8674 बैंक खातों का होना चौंकाने वाला है. उसमें भी करीब 25% सिर्फ एक जिले में देवघर में होना, इस बात के सबूत हैं कि भले ही जामताड़ा जिला कुख्यात हो, लेकिन देवघर उससे आगे निकल गया. ऐसे में यह सवाल उठने लगा है कि क्या राज्य में साइबर फ्रॉड करने वालों की संख्या 8674 से अधिक है. या बात कुछ और है. अभी दो दिन पहले दिल्ली पुलिस ने साइबर फ्रॉड से जुड़े एक गैंग का पर्दाफाश किया है. गिरोह से जुड़े लोगों ने पुलिस को जानकारी दी है कि साइबर फ्रॉड के जरिए ठगे गए पैसों को बैंक खातों में ट्रांसफर करने के लिए लोगों से किराये पर एकाउंट्स लेते थे. बदले में एकाउंट्स होल्डर को 10 प्रतिशत कमीशन दिया जाता था.

### लगातार मिल रही है सफलता

साइबर अपराधियों के खिलाफ सीआईडी की टीम को लगातार सफलता मिल रही है. इसका श्रेय सीआइडी के डीजी अनुराग गुप्ता को जाता है. प्रतिबिंब पोर्टल के जरिए पुलिस साइबर अपराधियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है. अब तक 90 केस दर्ज किये गये हैं, साथ ही 468 लोगों को गिरफ्तार किया गया. इसके 1635 सिम कार्ड और 1107 मोबाइल फोन जब्त किये जा चुके हैं.

## अदालत ने लगाई कई शर्तें, पासपोर्ट ईडी ट्रायल कोर्ट में जमा करें

# विष्णु अग्रवाल को हाईकोर्ट से मिली बेल

संवाददाता। रांची

राजधानी रांची के चर्चित कारोबारी सह न्यूक्लियस मॉल के मालिक विष्णु अग्रवाल को शुक्रवार को हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है. झारखंड हाईकोर्ट के न्यायाधीश



दीपक रौशन की अदालत ने कुछ शर्तों के साथ विष्णु अग्रवाल को जमानत दे दी है. विष्णु अग्रवाल को लोअर कोर्ट में एक-एक लाख रुपए का दो बेल बांड जमा करना होगा. साथ ही ईडी कोर्ट में पासपोर्ट जमा करने का आदेश दिया गया है. गवाहों को प्रभावित नहीं करने की भी शर्त रखी गई है. बता दें कि विष्णु अग्रवाल की जमानत अर्जी पर हाईकोर्ट में 5 जनवरी को सुनवाई पूरी हो गयी थी. कोर्ट ने विष्णु अग्रवाल और ईडी का पक्ष सुनने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था. झारखंड हाईकोर्ट ने अपने आदेश में कहा है कि विष्णु अग्रवाल को निचली अदालत में सुनवाई के दौरान मौजूद रहना होगा. विष्णु अग्रवाल के अधिवक्ता सुमित गड़ोदिया ने बताया कि विष्णु अग्रवाल को सशर्त जमानत मिली है. उन्होंने कहा कि ईडी की ओर से जमानत नहीं देने का आग्रह किया गया था.

### दस्तावेजों में हेराफेरी कर जमीन खरीद-बिक्री का मामला

मामला बरियातू के चेशायर होम रोड स्थित जमीन के प्लॉट के दस्तावेज में हेराफेरी कर खरीद-बिक्री से जुड़ा है. ईडी ने पूछताछ के दौरान 31 जुलाई 2023 को विष्णु को गिरफ्तार कर लिया था, तब से वह होटवार जेल में थे. पिछले साल 18 सितंबर को ईडी कोर्ट ने उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी थी. कि चेशायर होम रोड स्थित जमीन के कागजात की हेराफेरी कर खरीद-बिक्री मामले में कई जमीन दलाल समेत अंचल कर्मी गिरफ्तार किए गए थे. ईडी ने कोर्ट में दायर शपथ पत्र में बताया है कि संबंधित जमीन के दस्तावेज में छेड़छाड़ कर गंगाधर राय को फर्जी मालिक बनाया गया था. बता दें कि इसी मामले में रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन भी होटवार जेल में हैं. न्यायाधीश जस्टिस दीपक रौशन की कोर्ट में विष्णु अग्रवाल की ओर से हाईकोर्ट के अधिवक्ता इंद्रजीत सिन्हा, सुमित गड़ोदिया, अर्पण मिश्रा और ऋषभ कुमार ने बहस की. विष्णु अग्रवाल लैंड स्कैम केस में प्रमुख आरोपी हैं. इसी केस में पावर ब्रोकर के नाम से मशहूर प्रेम प्रकाश भी अभियुक्त है.

## पीएम मोदी ने देश के सबसे लंबे अटल सेतु का किया उद्घाटन



### पुल की खासियत

- सेतु के निर्माण में कुल 17,840 करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं
- ये लगभग 22 किलोमीटर लंबा छह लेन वाला पुल है
- इसके निर्माण का विचार पहली बार 1962 में आया था
- 2006 में इसके निर्माण के लिए निविदाएं आमंत्रित की गयीं
- 2016 में पीएम मोदी ने पुल निर्माण का शिलान्यास किया
- 2018 में परियोजना का काम शुरू हुआ
- अटल सेतु भारत का सबसे लंबा पुल है व देश का सबसे लंबा समुद्री पुल भी है.
- इस पुल से हर दिन 70,000 से ज्यादा गाड़ियां गुजरने का अनुमान है
- यह पुल मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे और नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे की दूरी कम करेगा
- मुंबई से पुणे, गोवा और दक्षिण भारत तक यात्रा के समय को भी कम करेगा
- इससे मुंबई बंदरगाह और जवाहरलाल नेहरू बंदरगाह के बीच कनेक्टिविटी में भी सुधार होगा.

**पीएम नरेंद्र मोदी ने 17,840 करोड़ की लागत से बने अटल बिहारी वाजपेयी सेवारी-न्हावा शेवा सेतु का शुक्रवार को उद्घाटन किया. भारत का यह सबसे लंबा पुल जोकि देश का सबसे लंबा समुद्री पुल भी है, दक्षिण मुंबई को नवी मुंबई में न्हावा-शेवा से जोड़ता है. 6 लेन का ट्रांस-हार्बर पुल 21.8 किमी लंबा है.**


# देवघर के पूर्व एसपी ने भजंत्री पर लगाए गंभीर आरोप

## देवघर के पूर्व एसपी ने गृह विभाग को लिखा पत्र, कहा- डीसी मंजूनाथ भजंत्री, निशिकांत दुबे को हमेशा गिरफ्तार करने के लिए बनाते थे दबाव

संवाददाता। रांची

देवघर के पूर्व एसपी सुभाष चंद्र जाट ने जिले के पूर्व डीसी मंजूनाथ भजंत्री पर बड़ा खुलासा किया है. गृह विभाग के एडि. चीफ सेक्रेटरी को सुभाष चंद्र जाट ने इस संबंध में पत्र लिखा है. 20 पेज के पत्र में जाट ने कहा कि देवघर जिले के तत्कालीन डीसी मंजूनाथ भजंत्री गोड्डा भाजपा सांसद निशिकांत दुबे को हमेशा टारगेट किया करते थे.

-शेष पेज 12 पर




### गलत तरीके से कार्रवाई करने का दबाव बनाते थे

सुभाष चंद्र जाट ने लिखे पत्र में यह भी कहा है कि देवघर के तत्कालीन डीसी मंजूनाथ भजंत्री निशिकांत दुबे के खिलाफ गलत तरीके से कार्रवाई करने का दबाव बनाते थे लेकिन बार-बार एसपी द्वारा मना किए जाने पर वे नाराज हो जाते थे. वहीं सांसद जब देवघर से बाहर किसी दौरे पर जाते थे तो वे उनके लिए सुरक्षा और गाड़ी की सुविधा भी उपलब्ध नहीं करवाते थे. भजंत्री ने सांसद निशिकांत दुबे की गिरफ्तारी के लिए 31 जुलाई 2023 को काफी दबाव बनाया था और उन्हें देवघर एयरपोर्ट पर गिरफ्तार करने को भी कहा था. उस वक्त सांसद एसिड पीड़ित से मिलने के लिए दुमका जा रहे थे.

## अच्छा फैसला | महाभारत का उद्धरण दे झारखंड हाईकोर्ट ने बेटे को लताड़ा, दिया आदेश

# पिता ही तुम्हारे भगवान, हर हाल में दीजिए गुजारा भत्ता



विनीत आभा उपाध्याय। रांची

झारखंड हाईकोर्ट ने अपने एक फैसले में आदेश दिया है कि बेटे को हरहाल में अपने बुजुर्ग पिता को गुजारे के लिए रकम देनी होगी. हाईकोर्ट ने परिवार अदालत के उस फेसले पर मुहर लगाई, जिसमें बेटे को आदेश दिया गया था कि उसे अपने पिता को हर महीने 3000 रुपए बतौर भरण-पोषण देने होंगे. इस फैसले के खिलाफ मनोज नाम के शख्स ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था. अपने इस फैसले में अदालत ने कई महत्वपूर्ण बातें कही हैं. अदालत ने अपने आदेश में कहा है कि यदि आपके माता-पिता आश्वस्त हैं, तो आप भी आश्वस्त महसूस करते हैं, यदि वे दुखी हैं, तो भी आप दुखी महसूस करेंगे. माता-पिता बीज हैं, तो आप पौधा हैं, आपको अपने माता-पिता की अच्छाई और बुराई दोनों विरासत में मिलती है और एक व्यक्ति पर जन्म लेने के कारण कुछ ऋण होते हैं, जिसमें पिता और माता का ऋण भी शामिल होता है, जिसे हमें चुकाना होता है. हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस सुभास चांद की कोर्ट में इस मामले की सुनवाई हुई.

**हाईकोर्ट ने ये भी कहा:** *एक व्यक्ति पर जन्म के साथ कुछ ऋण होते हैं, उसमें माता-पिता का ऋण भी शामिल होता है, जिसे हमें चुकाना होता है*

### क्या है मामला

दरअसल, कोडरमा की परिवार अदालत ने एक व्यक्ति को उसके पिता को 3000 रुपए का मासिक गुजारा भत्ता देने का आदेश दिया था, जिसके खिलाफ मनोज नाम के व्यक्ति ने हाईकोर्ट में अपील दाखिल की थी. सुनवाई में अदालत को यह बताया गया कि पिता के पास कुछ कृषि योग्य भूमि है, फिर भी वह उस पर खेती करने में सक्षम नहीं हैं. वह अपने बड़े बेटे प्रदीप कुमार साव पर भी निर्भर है, जिसके साथ वह रहता है. पिता ने पूरी संपत्ति में अपने छोटे बेटे मनोज साव को बराबर-बराबर हिस्सा दिया है, लेकिन 15 साल से अधिक समय से उनका भरण-पोषण उनके छोटे बेटे ने नहीं किया है. पिता ने अदालत को बताया कि मनोज कुमार गांव में एक दुकान चलाता है, जिससे उसे प्रति माह 50,000 रुपए की कमाई होती है इसके अलावा कृषि भूमि से उसे प्रति वर्ष 2,00,000 रुपये की अतिरिक्त आय होती है. इस पर परिवार अदालत ने छोटे बेटे को अपने पिता को 3000 रुपए हर महीने देने का आदेश दिया. इसके खिलाफ छोटे बेटे मनोज ने हाईकोर्ट की शरण ली थी.

### हाईकोर्ट ने दी ये दलील

हाईकोर्ट के जस्टिस सुभाष चांद ने अपने आदेश में महाभारत के दौरान यक्ष और युधिष्ठिर के बीच हुई बातचीत का भी जिक्र किया है. उन्होंने लिखा- महाभारत में यक्ष ने युधिष्ठिर से पूछा : पृथ्वी से भी अधिक वजनदार क्या है? स्वर्ग से भी ऊंचा क्या है? हवा से भी क्षणभंगुर क्या है? और घास से भी अधिक असंख्य क्या है? इस पर युधिष्ठिर ने उत्तर दिया : मां धरती से भी भारी है, पिता स्वर्ग से भी ऊंचा है, मन हवा से भी क्षणभंगुर है और हमारे विचार घास से भी अधिक असंख्य हैं. इसकी व्याख्या करते हुए जस्टिस सुभाष चांद ने बेटे को अपना पवित्र कर्तव्य निभाने का आदेश दिया है.

# शेयर बाजार गुलजार, नये रिकॉर्ड आईटी शेयरों की जबरदस्त छलांग

- सेसेंक्स 72720 .96 और निफ्टी 21928 .25 पर बंद हुए

शुभम संदेश नेटवर्क

शेयर बाजार में आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को जोरदार तेजी देखने को मिली. सेंसेक्स और निफ्टी ने रिकॉर्ड बनाये. कारोबार के दौरान 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 999.78 अंक उछल कर 72,720.96 के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया. वहीं एनएसई का सूचकांक निफ्टी 281.05 अंक चढ़कर 21,928.25 के अपने नये रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया.

कारोबार के अंत में बीएसई सेंसेक्स 847.27 अंक की छलांग के साथ रिकॉर्ड 72,568.45 अंक पर बंद हुआ. जबकि निफ्टी भी 247.35 अंक उछल कर 21,894.55 अंक के सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर समाप्त हुआ. 30 शेयरों वाला सेंसेक्स इंडेक्स 847.27 अंक या 1.18% की बढ़त के साथ 72,568.45 के लेवल पर बंद हुआ. 50 शेयरों वाला निफ्टी 247.35 अंकों या 1.14% की बढ़त के साथ 21,894.55 के स्तर पर बंद हुआ। शुक्रवार को रुपया डॉलर के मुकाबले 11 पैसे की मजबूती के साथ 82.92 के स्तर पर बंद हुआ.

आईटी कंपनियों के शेयरों में तेज उछाल देखने को मिला. इनमें जोरदार तेजी की वजह से ही नये रिकॉर्ड बने. इंफोसिस के शेयर ने 8% की छलांग लगायी. टीसीएस के शेयर 4% तक उछले. टेक महिंद्रा, विप्रो व एचसीएल के शेयरों में भी उछाल दिखा. बता दें कि पिछले दिन सेंसेक्स 63.47 अंक से 71,721.18 और निफ्टी 28. 50 अंक बढ़ कर 21,647.20 पर बंद हुआ था.

## ब्रीफ खबरें

### मालद्वीप के लिए कोई बुकिंग नहीं करने का लिया निर्णय

**चाईबासा।** झारखंड की प्रमुख टूर एंड ट्रैवल कंपनी इजी ट्रिप्स के सह संस्थापक निशान चौबे ने बताया कि मालद्वीप के कुछ मंत्रियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर अभद्र टिप्पणियां की हैं. इसके विरोध में उनकी कंपनी ने वर्तमान तौर पर मालद्वीप के लिए कोई भी बुकिंग नहीं करने का निर्णय लिया है. इजी ट्रिप्स वर्ष 2020 में चाईबासा एवं पुणे से अपनी गतिविधियों का संचालन करती है. इसके संस्थापक सुदीप शर्मा एवं निशान चौबे हैं. निशान चौबे ने बताया कि ऐसी कोई भी इंक्वारी जो मालद्वीप के लिए आ रही है.

### एमल रूंगटा विद्यालय में जागरूकता रैली निकली

**चाईबासा।** मांगीलाल रूंगटा 10 2 विद्यालय चाईबासा मे प्राचार्या की पहल से नशा मुक्त युवा समाज बनाने की दृष्टि से स्वामी विवेकानंद के जन्म दिवस के मौके पर नशा मुक्ति अभियान कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा जागरूकता रैली निकालकर किया गया. जिसमें मुख्य अतिथि अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी मधुकर कुमार, विद्यालय की प्राचार्या शिल्पा गुप्ता, शिक्षक शिक्षिकाओं में प्रमिला टूटी, अनंजय प्रसाद, सिद्धि शर्मा, सरिता बोईपाई छात्र-छात्राएं शामिल हुए.

### सड़क दुर्घटना में चार युवक गंभीर रुप से हुए घायल

**चांडिल।** ईचागढ़ थाना क्षेत्र के तुता से दोस्त का जन्मदिन मनाने कुकड़ू जा रहे चार युवक सड़क दुर्घटना में घायल हो गए. बताया जा रहा है कि घायल लोगों को में से एक का पैर टूट गया है. दुर्घटना के बाद तत्काल चारों को इलाज के लिए तिरुलडीह स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया. शुक्रवार को तिरुलडीह थाना क्षेत्र के डाटम बिरसा चौक के समीप एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर कुकड़ू जन्मदिन मनाने जा रहे तीन युवक की कुकड़ू की ओर से आ रहे एक बाइक से सीधी भिड़त हो गई.

### 13 ओर 14 को होगा दोमुहानी संगम महोत्सव का आयोजन

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के सोनारी में "दोमुहानी संगम महोत्सव की तैयारी जोरो पर है. 13 और 14 जनवरी को होने वाले इस भव्य महोत्सव में इस बार हजारों की संख्या में भक्तों का महा जुटान होगा. इसको लेकर शुक्रवार को हिंदू उत्सव समिति की ओर से सोनारी दोमुहानी घाट पर एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया. मुख्य रूप से विश्वमभर दास जी महाराज, हिन्दू उत्सव समिति के संरक्षक शिवशंकर सिंह, मार्गदर्शक कन्हैया सिंह,मार्गदर्शक पूर्व डीआईजी राजीव रंजन,आयोजक सहित अन्य उपस्थित थे.

### पंसस की बैठक में छाया रहा अतिक्रमण का मामला

**घाटशिला।** प्रखंड कार्यालय सभागार घाटशिला में शुक्रवार को प्रमुख सुशीला टुडू की अध्यक्षता में पंचायत समिति सदस्यों की बैठक आयोजित की गई. पंचायत समिति सदस्यों ने बैठक के दौरान पिछली बैठक में लिए गए प्रस्ताव पर चर्चा करते हुए कहा कि कई विभाग द्वारा प्रस्तावों पर कार्य नहीं किया है. इसमें सबसे पहले विद्युत विभाग को यह निर्देश दिया गया था कि क्षेत्र में जितनी भी लोहें के जर्जर विद्युत खंबे लगाए गए हैं उसे तत्काल हटाया जाए. इसके कारण हमेशा बड़ी दुर्घटना की संभावना बनी रहती है.

### सामूहिक खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के नेताजी सुभाष पब्लिक स्कूल की सभी शाखाओं की सामूहिक खेलकूद प्रयोगिता हुई. शुक्रवार को टेल्को के सुमंत मूलगांवकर स्टेडियम में आयोजित इस प्रतियोगिता में संस्थान की पोखारी, गोविंदपुर, बारीडीह, कीताडीह, कदमा, आदित्यपुर, बिरसानगर, परसुडीह समेत शहरी क्षेत्र की सभी शाखाओं के छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया. प्रतियोगिता के उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि के रूप में कोल्हान रेंज के डीआईजी अजय लिंडा उपस्थित थे.

### 19 से 21 जनवरी तक राम मंदिर में जुटेंगे देश-विदेश के ज्योतिष

**जमशेदपुर।** बिष्टुपुर स्थित आंध्रा भक्त श्रीराम मंदिर में आगामी 19 से 21 जनवरी तक 31वां एशियाई ज्योतिष सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है. इस दौरान देश-विदेश के कई ज्योतिष हिस्सा लेंगे. इस सम्मेलन में बांग्लादेश, नेपाल, श्रीलंका, मलेशिया, आस्ट्रेलिया, इटली और अमेरिका से ज्योतिष पधार रहे है. इसकी जानकारी बिष्टुपुर के एक होटल में ज्योतिष शिक्षण संस्थान ने एक प्रेस वार्ता में दी.

---

छोटा जामकुन्डिया स्कूल के बच्चे पीने के पानी के लिए तरस रहे हैं

# ठेकेदार ने चापाकल गाड़कर निकाला पूरा पैसा, हुआ फरार

**संवाददाता। किरीबुरु**

सारंडा के गंगदा पंचायत अन्तर्गत उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय, छोटा जामकुन्डिया का चापाकल प्रारम्भ से हीं खराब रहने की वजह से विद्यालय के बच्चे पानी के लिये तरस रहे हैं. इस खराब चापाकल को ठीक करने हेतु अनेकों बार विभागीय पदाधिकारी को अवगत कराया गया, उसके बावजूद यहां का चापाकल आज तक ठीक नहीं किया गया. ग्रामीणों ने बताया की विद्यालय के बच्चों को जब प्यास लगता है तो वह पास के संकुरा नाला में पानी पीने अथवा शौच करने जाते हैं. नाला में जाने के दौरान हमेशा असुरक्षा की स्थिति बनी रहती है. विद्यालय का मध्याहन भोजन बनाने हेतु भी इसी नाला से पानी लाना पड़ता है. नाला का पानी दूषित होने से बीमारियों का खतरा भी बना रहता है. यह स्थिति प्रतिदिन का है.

**खास बातें**

- मध्याह्न भोजन के लिए नाला के पानी का हो रहा प्रयोग
- नाला का पानी दूषित होने से बीमारी होने का खतरा बना
- कईबार हुई शिकायत, नहीं ठीक किया गया चापानल



**विद्यालय प्रबंधन समिति भी परेशान है**

इससे विद्यालय प्रबंधन समिति भी काफी नाराज व परेशान है. सभी इस समस्या का अविलम्ब सामाधान की मांग कर रहे हैं. शिक्षक ने बताया की इस स्कूल में नामांकित बच्चों की संख्या 68 है. पहली बार जब चापाकल गाड़ा गया था, उसी समय से इस चापाकल से पानी नहीं निकला. ठेकेदार बिना पानी निकले चापाकल फीट कर चला गया. यहां बोरिंग भी काफी कम हुआ था. उन्हें याद भी नहीं है कि यह चापाकल कितने वर्ष पूर्व लगाया गया. बच्चे ठंड की वजह से स्कूल रुम से बाहर धूप में पढ़ते दिखाई दिये.

---

**आओ जानें**

## सामान्य ज्ञान

- नाथुला दर्रा किस राज्य में स्थित है – **सिक्किम**
- अरब सागर की रानी किस नगर को कहा जाता है – **कोचीन**
- अफ्रीका के किस अश्वेत राष्ट्र को सर्वप्रथम स्वाधीनता मिली – **घाना**
- होपमैन कप किस खेल से संबंधित है – **टेनिस**
- अकबर का जन्म कहां हुआ था – **अमरकोट**
- यूरोपीय संघ का मुख्यालय कहां है – **ब्रुसेल्स**
- कटक किस नदी पर बसा है – **महानदी**
- कत्था बनाने में किस पेड़ की लकड़ी का प्रयोग होता है – **खैर**
- इजराइल की संसद को क्या कहा जाता है – **नेसेट**
- प्रसिद्ध नाटक शकुंतला किसने लिखी थी – **महाकवि कालिदास**

---

सेल के हायर अथॉरिटी के साथ 19 जनवरी को होगी बैठक

# संयुक्त यूनियनों का आंदोलन जारी

**संवाददाता। नोवामुंडी**



गुवा सेल के जेनरल ऑफिस समक्ष आज शुक्रवार दसवें दिन भी आंदोलन जारी रहा. संयुक्त यूनियनों के आंदोलन का नेतृत्व झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा कर रहे थे. इस दौरान गुवा रामनगर दुर्गा मंडप में एक जनसभा को संबोधित करते हुए श्री कोड़ा ने संयुक्त यूनियनों व मजदूरों को संबोधित कर कहा कि गुवा सेल प्रबंधन ने दूसरे राज्यों से आए 18 लोगों को गुवा सेल में ज्वाइनिंग देने पर एवं स्थानीय बेरोजगारों को दरकिनार कर उन्हें नौकरी वंचित रखा है. सेल की इस नीति को हम सभी नहीं चलने देंगे. चाहे इसके लिए गुवा सेल खदान मैं चक्का जाम क्यों न करना पड़े.

**डिस्पैच को भी बंद कराया जायेगा :** चक्का जाम के साथ-साथ सेल के डिस्पैच को भी अनिश्चितकालीन के लिए बंद कर दी जाएगी.आंदोलन को जारी रखते हुए श्री कोड़ा ने रामनगर से एक विशाल रैली निकालते हुए गुवा सेल के जेनरल ऑफिस समक्ष प्रदर्शन किया. साथ ही विभिन्न गगन भेदी नारे लगाए गए.तकरीबन आधे घंटे तक प्रदर्शन करने के बाद सेल प्रबंधन ने श्री कोड़ा को वार्ता के लिए एक बैठक की गई. जिस पर श्री कोड़ा ने कड़े लफ्जों में कहा कि संयुक्त यूनियनों का आंदोलन आज 10 दिन बीत जाने के बाद भी सेल प्रबंधन के कान में जूं तक नहीं रेंगा है.यदि गुवा सेल प्रबंधन इसमें सही फैसला नहीं लेती है तो इसके लिए सेल के हायर अथॉरिटी से वार्ता कर तुरंत ही इसका परिणाम बताया जाए. अन्यथा आज से ही सारे मजदूर के साथ सेल के चक्का को जाम करते हुए डिस्पैच को अनिश्चितकालीन के लिए बंद कर दी जाएगी.

**हायर अथॉरिटी से हुई वार्ता**

उसके बाद सेल प्रबंधन ने हायर अथॉरिटी से वार्ता कर सेल प्रबंधन ने आश्वस्त किया कि आगामी 19 जनवरी को सेल के बोकारो स्टील प्लांट में संयुक्त यूनियन के प्रतिनिधि एवं झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा के साथ बैठक कर इस समस्या का समाधान निकाला जाएगा. आश्वासन मिलते ही श्री कोड़ा ने 19 जनवरी तक संयुक्त यूनियनों का आंदोलन को 19 जनवरी तक स्थगित कर कहा कि 19 जनवरी को सेल के हायर अथॉरिटी के साथ होने वाली बैठक में 18 लोगों की जॉइनिंग को रद्द नहीं की जाती है साथ ही स्थानीय लोगों की बहाली नहीं निकली जाती है तो 20 जनवरी से संयुक्त यूनियनों एवं मजदूर एवं आम ग्रामीणों के साथ सेल का चक्का जाम कर डिस्पैच को अनिश्चितकालीन के लिए बंद कर दी जाएगी.

**स्थानीय बेरोजगारों को दे नौकरी**

ज्ञात हो कि एक सप्ताह पूर्व बुधवार को दूसरे राज्य से 18 लोगों को सेल प्रबंधन द्वारा गुवा सेल में जॉइनिंग दी गई है. और यहां के स्थानीय युवा बेरोजगारों को सेल प्रबंधन नौकरी ना देकर दरकिनार कर दिया गया है. संयुक्त यूनियनों में झारखंड मजदूर संघर्ष संघ के केंद्रीय अध्यक्ष रामा पांडे, बोकारो स्टील वर्कर्स यूनियन इंटक के क्षेत्रीय महामंत्री दुचा टोप्पो, सारंडा मजदूर यूनियन के महामंत्री राजकुमार झा, झारखंड मुक्ति मोर्चा यूनियन के अध्यक्ष पंचम जॉर्ज सोय, सीटू के अध्यक्ष मनोज मुखर्जी. धरना प्रदर्शन करने वालों में मुख्य रूप से झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा, हसलुद्दीन खान,रामा पांडे, अंतर्यामी महाकुड, किशोर सिंह,सहित काफी संख्या में मजदूर , ग्रामीण मौजूद थे.

---

### ऑफिसर्स टीचर्स एंप्लॉय फेडरेशन प्रखंड कमेटी गठित

**चाईबासा।** तांतनगर प्रखंड मुख्यालय में शिक्षक सपन साहू की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की इस बैठक में झारखंड स्टेट ऑफिसर टीचर एंप्लॉय फेडरेशन पश्चिम सिंहभूम के तांतनगर प्रखंड कमेटी का गठन किया गया.इस कमेटी के अध्यक्ष जन्मेजय प्रधान को संगठन का जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया जबकि उपाध्यक्ष पुष्पा भूमिया तथा सुक्रराय को मनोनीत किया गया. अन्य पद्धधारियों में संयुक्त सचिव लक्ष्मण हेंब्रम उपसचिव एडलिन सामड सह सचिव पासिंग फिलिप्स सुंडी कोषाध्यक्ष अरविंद होरो उपकोषाध्यक्ष मगदली तिर्की को मनोनीत किया गया.

---

# केंद्रीय विद्यालय मेघाहातुबुरू में युवा दिवस मनाया गया

**संवाददाता। किरीबुरू**

केन्द्रीय विद्यालय मेघाहातुबुरू में युवाओं के प्रेरणास्रोत, समाज सुधारक, युथ आइकन स्वामी विवेकानंद की जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाई गयी. कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के प्राचार्य डॉ आशीष कुमार ने दीपप्रज्वलन कर किया. प्राचार्य डॉ. आशीष कुमार ने कहा कि किसी भी देश का भविष्य वहां के युवाओं पर निर्भर करता है और भारत में युवाओं की आबादी ज्यादा है. देश के युवाओं को सही मार्ग दर्शन कराने के मकसद से ये दिन मनाया जाता है और विवेकानंद के जन्मदिन पर इस दिन को मनाने का मकसद है कि उनके विचारों से युवाओं को प्रेरित करना.

**चिंता की बजाय चिंतन करने पर दिया बल:** विद्यालय की छात्रा तनुश्री राउत ने अपने भाषण में स्वामी विवेकानन्द के जीवन पर प्रकाश डाला. कार्यक्रम के दौरान प्राथमिक वर्ग के छात्रों द्वारा 'चलो चले स्कूल हम' गाने पर नृत्य प्रस्तुत किया गया. इस अवसर पर छात्रों द्वारा 'परीक्षा पे चर्चा 2024' के तहत एक लघु नाटक प्रस्तुत कर परीक्षा के दौरान तनाव में न रहने, चिंता की बजाय चिंतन करने की सीख दी गई. इस दिन को मनाने के पीछे का उद्देश्य युवाओं तक स्वामी विवेकानंनद के उच्च विचारों और आदर्शों को पहुंचाना है.

---

# नगर कीर्तन में केसरी दस्तार होंगे शामिल

**संवाददाता। जमशेदपुर**

सिखों के दसवें गुरु साहिब-ए-कमाल श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के 357वें जन्म दिहाड़े पर 17 जनवरी को टेल्को गुरुद्वारा साहिब भव्य नगर कीर्तन निकलेगा. इसमें शामिल होने वाले 21 स्कूल और 32 स्त्री सत्संग सभाओं को कतार क्रमांक संख्या का आवंटन कर दिया गया है. जिसके तहत साकची स्त्री सत्संग सभा और सोनारी मध्य विद्यालय क्रम संख्या के आधार पर कतार में पहले स्थान पर रहेंगे. इस बाबत विस्तृत जानकारी देते हुए शुक्रवार को साकची स्थित सीजीपीसी कार्यालय में महासचिव अमरजीत सिंह ने बताया कि पिछले दिनों सीजीपीसी की एक बैठक में लॉटरी के आधार पर सभी स्त्री सत्संग सभाओं और तमाम विद्यालयों को कतार क्रम संख्या दे दी गयी है. जिसे सम्बंधित स्त्री सत्संग सभा और विधालय के प्रतिनिधि सीजीपीसी से प्राप्त कर सकते हैं. वहीं, सीजीपीसी के प्रधान सरदार भगवान सिंह ने संगत से करबद्ध अपील की है कि नगर कीर्तन वाले दिन सभी श्रद्धालु गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज के सम्मान में केसरी दस्तार और ओढ़नी धारण कर पालकी साहिब का स्वागत करें. जिससे पूरा जमशेदपुर शहर केसरीमय सा प्रतीत हो. केसरी रंग खालसा की पहचान है. उन्होंने बताया कि शोभायात्रा के लिए तैयारियां जोर-शोर से चल रहीं हैं जिसका रूट मैप जल्द ही संगत के साथ साझा किया जायेगा. बहरहाल, नगरकीर्तन 17 जनवरी को टेल्को गुरुद्वारा साहिब से ठीक ग्यारह बजे साकची गुरुद्वारा साहिब के लिए तय मार्ग से गुजरेगा जिसकी अगुवाई दो घुड़सवार करेंगे. अमरजीत सिंह ने बताया कि विभिन्न जत्थे, धार्मिक सस्थाएं अपनी टीमों के साथ नगरकीर्तन की शोभा बढ़ायेंगे.



---

# सड़क बेहतर होने से ही सुदूरवर्ती क्षेत्र का होगा विकास : निरल पूर्ति



**संवाददाता। चाईबासा**

मझगांव प्रखंड के घोड़ाबांधा पंचायत के ग्राम बुरीकुटी स्कूल से जेरईसाई तक पीसीसी सड़क निर्माण और मझगांव प्रखंड के ही नयागांव पंचायत के ग्राम नयागांव चौक से हरिजन टोला होते हुए महाराणा साई तक पीसीसी सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास मझगांव विधायक निरल पूर्ति के द्वारा शुक्रवार को किया गया. मौके पर मौजूद ग्रामीणों को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि मझगांव विधानसभा क्षेत्र के सभी जर्जर सड़कों को चिन्हित कर उनका निर्माण और मरम्मती कार्य किया जा रहा है.

**क्षेत्र में विकास कार्य तेजी से हो रहा:** जिससे सुदरवर्ती गांव को भी मुख्य सड़क से जोड़ा जा सके. जब तक यातायात के सुविधा बेहतर नहीं होगी. तब तक सर्वांगीण विकास क्षेत्र का संभव नहीं है. इसी को देखते हुए सभी जरूरी सड़कों का निर्माण कार्य कराया जा रहा है. पूरे राज्य में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में विकास कार्य तेजी से हो रहा है. पहली बार है कि लोगों की समस्या के आधार पर उनका समाधान किया जा रहा है. जिससे लोगों को सरकार की ओर से मिलने वाली सभी विकासात्मक लाभ को दिया जा सके.

---

### बंगाली सेवा समिति ने धूमधाम से विवेकानंद की जयंती मनायी

**चाईबासा।** बंगाली सेवा समिति रवींद्र भवन चाईबासा के द्वारा रविंद्र भवन में शुक्रवार स्वामी विवेकानंद का जन्मोत्सव मनाया गया. प्रातः से समाज के बुजुर्ग एवं युवा स्वामी जी के प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करने के लिए पहुंच रहे थे. इस दिन को सेवा भावना के रूप में मनाने के क्रम में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया था. जिसमें जरूरत मंद लोगों का जांच किया गया.

**निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन :** इस कार्यक्रम को जिले के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ सौम्या सेनगुप्ता के निर्देशन में चिकित्सक की टीम के द्वारा किया गया. जिसमें विभिन्न तरह का जांच विशेष कर ब्लड प्रेशर, शुगर, यूरिक एसिड के साथ-साथ अन्य रोगों का भी इलाज किया गया. इसके उपरांत क्योंकि आज राष्ट्रीय युवा दिवस है. इसलिए समाज की एक बेटी इशिका चंद को चार्टर्ड अकाउंटेंट की परीक्षा पास किए जाने पर सम्मानित किया गया. साथ ही उनके माता को भी सम्मानित किया गया. साथ ही डॉ सौम्या सेनगुप्ता को तथा उनके पूरे टीम को सम्मानित किया गया.

---

# बार काउंसिल के वाईस प्रेसीडेंट का भव्य स्वागत

**संवाददाता। चाईबासा**



झारखंड स्टेट बार कॉउंसिल के वाईस चेयरमैन और राज्य के सुप्रसिद्ध वरिष्ठ अधिवक्ता राजेश कुमार शुक्ल का शुक्रवार को चाईबासा जिला बार एसोसिएशन में पहुंचने पर जिला बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों और अधिवक्ताओं ने जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद और झारखंड स्टेट बार कॉउंसिल के सदस्य अनिल कुमार महतो के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया. झारखंड स्टेट बार कॉउंसिल के सदस्य अनिल कुमार महतो ने स्वामी विवेकानंद की पुस्तक समर्पित कर श्री शुक्ल के प्रति सम्मान जताया. इस अवसर पर अधिवक्ताओं को सम्बोधित करते हुए झारखंड स्टेट बार कॉउंसिल के वाईस चेयरमैन और सुप्रसिद्ध वरिष्ठ अधिवक्ता राजेश कुमार शुक्ल ने कहा कि अधिवक्ताओं का स्वतंत्रता संग्राम से लेकर आज तक शानदार गौरवशाली इतिहास रहा है. हमे आगे भी अपने स्वर्णिम इतिहास से प्रेरणा लेकर वर्तमान चुनौतियों के समाधान में योगदान करना चाहिए. शुक्ल ने कहा कि कोरोना जैसी वैश्विक महामारी में जो अधिवक्ता हमारे बीच से स्वर्गवासी हो गए उनके परिजनों की खोज खबर लेकर उनको मदद किया जायेगा. झारखंड स्टेट बार कॉउंसिल उनके परिवार को हर सम्भव मदद करेंगी. शुक्ल ने कहा कि झारखंड में एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू कराने और राज्य सरकार के बजट में अन्य राज्यों की तरफ झारखंड में भी अधिवक्ताओं की कल्याणकारी योजनाओं के लिए निधि आवंटन की मांग पर राज्य बार कॉउंसिल का अभियान जारी है. राज्य सरकार उस पर निश्चित रूप से शीघ्र निर्णय लेगी. इस अवसर पर जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद ने कहा कि झारखंड स्टेट बार कॉउंसिल के वाईस चेयरमैन और वरिष्ठ अधिवक्ता राजेश कुमार शुक्ल राज्य में अधिवक्ताओं की कल्याणकारी योजनाओं के प्रणेता है. जिन्होंने अधिवक्ताओं की कल्याणकारी योजनाओं को हमेशा मूर्त रूप दिलाने का कार्य किया. झारखंड स्टेट बार कॉउंसिल के चेयरमैन और वाईस चेयरमैन के रूप में शुक्ल ने अपने अधिवक्ता हित के कार्यों में एक शानदार और सराहनीय इतिहास बनाया है. राज्य के अधिवक्ता शुक्ल को अपना पथ प्रदर्शक मानते है. झारखंड स्टेट बार कॉउंसिल के सदस्य अनिल कुमार महतो अधिवक्ता ने कहा कि शुक्ल हम सबके अभिभावक है.

---

### विनोद सावैयां बने आदिवासी हो समाज महासभा के जिलाध्यक्ष

**चाईबासा।** कोल्हान भूमि बचाओ समिति के अध्यक्ष विनोद कुमार सावैयां को आदिवासी हो समाज महासभा का जिलाध्यक्ष बनाया गया है. इस संबंध में महासभा के महासचिव सोमा कोड़ा ने अधिसूचना भी जारी कर दी है. सोमा कोड़ा ने बताया कि आदिवासी हो समाज हित विनोद कुमार सावैयां की सक्रियता को देखते हुए उनको यह पद दिया गया है. ताकि हो समाज को भी इसका लाभ मिले. विनोद कुमार सावैयां को 15 दिनों के अंदर जिला समिति का विस्तार कर महासभा की केंद्रीय कमेटी को सूचित करने का निर्देश भी दिया गया है. इधर, श्री सावैयां ने जिलाध्यक्ष बनने पर खुशी जतायी है और महासभा की उम्मीदों पर खरा उतरने की बात कही है.

**कौन है विनोद कुमार सावैयां:** चाईबासा के बिरुवानगर निवासी विनोद कुमार सावैयां कोल्हान भूमि बचाओ समिति के अध्यक्ष हैं. वे टाटा कॉलेज चाईबासा से ग्रेजुएट हैं व रांची यूनिवर्सिटी से अंग्रेजी विषय में बीएड की डिग्री ली है. स्कूली शिक्षा लाला लाजपत राय सेकेंडरी स्कूल पुनदाग रांची से स्कूली शिक्षा और लाल बहादुर शास्त्री कॉलेज करणडीह जमशेदपुर से इंटरमीडियेट उत्तीर्ण की थी.


---

**तैयारी** सेल की किरीबुरु प्रबंधन 41 लोगों को अप्रेंटिसशिप करायेगी

# 12 फरवरी तक अभ्यर्थियों को आवेदन करना होगा

**संवाददाता। किरीबुरू**

सेल, बीएसएल की किरीबुरु खदान प्रबंधन आटीआई पास 41 युवाओं को अप्रेंटिसशिप का प्रशिक्षण प्रदान कराने जा रही है. चौथे बैच में फिटर ट्रेड में 14, वेल्डर में 2, इलेक्ट्रिशियन में 23 एवं डीजल मेकैनिक में 2 पद आरक्षित किये गये हैं. युवा बेरोजगारों को उनकी योग्यता के अनुसार शामिल किया जायेगा. इससे संबंधित एक पत्र खदान प्रबंधन द्वारा जारी किया गया है. इसमें शामिल अभ्यर्थी प्रशिक्षण के बाद सेल में नौकरी का दावा तो नहीं कर सकते हैं लेकिन भविष्य में सेल या अन्य कंपनियों में निकलने वाली बहालियों में वह अवश्य शामिल होकर अपनी योग्यता के बदौलत नौकरी प्राप्त कर सकते हैं.



**खास बातें**

- बेरोजगारों को उनकी योग्यता के अनुसार शामिल किया जायेगा
- प्रशिक्षण अवधि तक एक निर्धारित छात्रवृत्ति मिलेगी

**नियमों व शर्तों में हुआ है बदलाव**

यह अप्रेंटिसशिप पिछले वर्ष के नियमों व शर्तों में थोडा.बदलाव के आधार पर करायी जायेगी. अप्रेंटिसशिप करने वाले को आवास आदि सुविधा कंपनी उपलब्ध नहीं करायेगी. जबकि प्रशिक्षण अवधि तक एक निर्धारित छात्रवृत्ति देगी. इसके लिये शैक्षणिक योग्यता मैट्रिक व आइटीआई पास होना जरुरी है. उम्र सीमा न्यूनतम 18 वर्ष एंव अधिकतम एसटी/एससी-35 वर्ष, ओबीसी-33 वर्ष एंव यूआर-30 वर्ष होनी चाहिए. इसमें आवेदन करने वाले अभ्यर्थी झारखण्ड के पश्चिम सिंहभूम एवं ओड़िसा के क्योंझर जिले के होने चाहिये.

**आईटीआई पास आउट को पहली प्राथमिकता**

इसमें पहली प्राथमिकता सीएसआर के तहत सेल किरीबुरु द्वारा प्रायोजित आईटीआई पास आउट. दूसरी प्राथमिकता में मेघाहातुबुरू (उत्तर)/किरीबुरू (पश्चिम) किरीबुरू टाउनशिप/पंचायतों या बोलानी ग्राम पंचायत के किरीबुरू हिलटॉप/ पचेरी/ होरोमोटो गांव में रहने वाले आवेदक. तीसरी प्राथमिकता में सीएसआर के तहत सेल, मनोहरपुर अयस्क खदान, चिरिया द्वारा प्रायोजित आईटीआई पासआउट. चौथी प्राथमिकता में सेल,जेजीओएम द्वारा प्रायोजित आईटीआई पास आउट, यानी मेघाहातुबुरु लौह अयस्क खदानें और गुआ अयस्क खदानें शामिल है.

**उम्मीदवारों को देना होगा ये डॉक्यूमेंट**

इच्छुक और योग्य उम्मीदवार 12 फरवरी तक पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं और प्रतिष्ठान का नाम खोज सकते हैं. उम्मीदवार की प्रोफ़ाइल उल्लिखित वेबसाइट के साथ शत फीसदी अद्यतन होनी चाहिए. सभी उम्मीदवारों को नवीनतम रंगीन पासपोर्ट आकार का फोटो , मैट्रिक प्रमाणपत्र और मार्कशीट की स्वप्रमाणित फोटोकॉपी, आईटीआई पास सर्टिफिकेट और मार्कशीट की स्वप्रमाणित फोटोकॉपी, सीएसआर प्रायोजित आईटीआई उत्तीर्ण विद्यार्थियों को उत्तीर्ण आईटीआई से प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र( यदि लागू हो) आदि.

---

# मेघाहातुबुरु में चलाया जा रहा है अक्षत निमंत्रण अभियान

**संवाददाता। किरीबुरु**

किरीबुरु-मेघाहातुबुरु क्षेत्र में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के लिए अक्षत निमंत्रण महा अभियान चलाया जा रहा है. इसके तहत राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, विश्व हिन्दू परिषद के कार्यकर्ता व राम भक्त घर-घर जाकर राम मंदिर से जुड़ा पर्चा और अक्षत दे रहे हैं. निर्माणाधीन मंदिर के गर्भगृह में 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होनी है. ये अक्षत श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट द्वारा भेजे गए हैं. भगवान श्री राम 500 वर्षों के वनवास के बाद अपने घर में लौट रहे हैं. ऐसे में घर-घर जाकर हिन्दुओं से कहा जा रहा है कि वो प्राण प्रतिष्ठा वाले दिन अपने आसपास के मंदिर में पहुंचें और वहीं से इस कार्यक्रम का हिस्सा बनें. लोग अपने अपने घरों में भी दीप जला दिपोत्सव मनाए. अक्षत के साथ ट्रस्ट द्वारा भेजा गया सन्देश, राम मंदिर की तस्वीर भी लोगों को दिया जा रहा है. जिसे घर में लगाने के लिए कहा गया है. राम मंदिर में पूजित अक्षत के साथ लोगों को कहा जा रहा है कि आप मानसिक रूप से प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम से जुड़िए. इस अभियान में शहर के दर्जनों युवा शामिल हैं.



राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार


पेज 14

www.lagatar.in | शनिवार, 13 जनवरी 2024 ● पौष शुक्ल 02 , संवत 2080 ● पृष्ठ : 16, मूल्य : ₹ ● वर्ष : 1, अंक : 266 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 5 मात्र

## ब्रीफ खबरें

### झारखंड में 22 को शुष्क दिवस घोषित कीजिए

**रांची।** भाजपा ने शुक्रवार को झारखंड सरकार से राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के मद्देनजर 22 जनवरी को शुष्क दिवस घोषित करने का आग्रह किया है. सीएम को लिखे पत्र में संसाद दीपक प्रकाश ने उस दिन शराब और मांस की बिक्री पर बैन लगाने का आग्रह किया. उन्होंने कहा, राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के लिए 22 को अयोध्या में एक भव्य समारोह आयोजित होगा. जब भी अच्छे आचरण की बात होती है, तो हम भगवान राम को याद करते हैं. प्रकाश ने सीएम को पत्र में लिखा है, मैं आपसे 22 को झारखंड में शराब और मांस की बिक्री पर बैन लगाने का अनुरोध करता हूं. इससे पहले, कई राज्यों में ऐसा किया गया है.

### व्यवसायी से 47 हजार की छिनतई, कान भी काटा

**जमशेदपुर ।** परसुडीह के सरजामदा एसबीआई के पास बाइक सवार दो बदमाशों ने व्यवसायी सूरज शर्मा से 47 हजार की छिनतई कर ली. विरोध करने पर बदमाशों ने उन्हें पत्थर से मार कर घायल कर दिया, साथ ही एक कान भी दांतों से काट लिया. पीड़ित ने थाना में मामला दर्ज कराया है. घटना 10 जनवरी की रात की है. दुकानदार सूरज के अनुसार वह दुकान बंद कर घर जा रहे थे. तभी बदमाशों ने उन्हें रोका और जबरन पैसे निकाल लिए. विरोध पर उन पर हमला कर दिया गया. एक बदमाश ने दांतों से उनके कान को काट लिया. बदमाश बाइक छीनना चाहते थे, परंतु बाइक नहीं ले जा सके.

### लापता छात्र का शव मिला साथियों पर हत्या का आरोप

**हजारीबाग।** जिले में एक कुएं से शुक्रवार को छात्र का शव मिला. पुलिस ने बताया कि 11वीं कक्षा का छात्र पिछले सप्ताह से लापता था और कुएं से उसका शव मिला. कुएं से जिस लड़के का शव मिला, वह अंग्रेजी माध्यम के एक स्कूल का छात्र था और कुछ विवादों के कारण उसके सहपाठियों ने उसकी कथित तौर पर हत्या कर दी और शव को इचाक के कुएं में फेंक दिया. कोर्रा थाने की प्रभारी निशि कुमारी ने बताया कि वह 6 जनवरी को अपने कुछ साथियों से विवादों को सुलझाने के लिए बाहर गया था, लेकिन वह घर नहीं लौटा. उसके माता-पिता ने छात्र के लापता होने की शिकायत दर्ज कराई थी.

---

एक ही समय में दो अलग-अलग प्लेटफॉर्म पर पैसेंजर-एक्सप्रेस ट्रेन के आने से यात्रियों से मांगते हैं सिर्फ एक्सप्रेस का टिकट

# धनबाद रेल मंडल में टीटीई का गुंडाराज

**पैसेंजर ट्रेन की टिकट दिखाने पर मध्यम व गरीब तबके के लोगों से जबरन वसूलते हैं जुर्माना...**

**रंजीत कुमार। धनबाद**

धनबाद रेल मंडल में टॉर्गेट पूरा करने और अपनी जेबें भरने के लिए टीटीई का गुंडाराज कायम है. सूत्रों के अनुसार अगर एक ही समय में दो अलग-अलग प्लेटफॉर्म पर पैसेंजर और एक्सप्रेस ट्रेन आ जाए, तो बोगियों से उतरने वाले यात्रियों में अधिकतर से निकास द्वार से बाहर निकलने से पहले मध्यम व गरीब तबके के लोगों से पैसेंजर ट्रेन के टिकट देखने पर एक्सप्रेस ट्रेन का टिकट मांगते हैं. जब यात्री कहते हैं कि वे लोग पैसेंजर ट्रेन से उतरे हैं, तो टीटीई फटकार लगाते हुए कहते हैं कि तुमको एक्सप्रेस ट्रेन से उतरते देखे हैं. फिर उन यात्रियों को जबरन पकड़ कर अपने कार्यालय कक्ष में ले जाते हैं और जुर्माना वसूली करते हैं. जुर्माना भरने में जब कोई यात्री कहता है कि उसके पास रुपए कम हैं, तो टीटीई जितनी रकम होती है, वही जेब से निकाल लेता है.

यह नजारा सिर्फ धनबाद स्टेशन पर ही नहीं बल्कि गोमो, पारसनाथ, कोडरमा, चंद्रपुरा, बरकाकाना, पतरातू व डाल्टनगंज समेत अन्य स्टेशनों पर भी देखने को मिलता है. मध्यम व गरीब तबके के यात्रियों से जबरन वसूली करते कभी भी सुबह से दोपहर तक देखा जा सकता है.


टिकट चेक करते टीटीई

### रोजाना 200 से अधिक यात्रियों से जबरन वसूली करते हैं टीटीई

जानकारों का कहना है कि टीटीई की टीम धनबाद समेत लगभग एक दर्जन स्टेशनों से रोजाना 200 यात्रियों से जबरन वसूली करते हैं. किसी से 500 तो किसी से 600 से 1000 रुपए तक वसूल लेते हैं. कई यात्री रोते-गिड़गिड़ाते देखे गए हैं, लेकिन टीटीई पर कोई फर्क नहीं पड़ता है. टीटीई कहते हैं कि घड़ियाली आंसू मत बहाओ. जेब से पैसा निकालो वरना जेल भेज देंगे. धनबाद स्टेशन पर सुबह से शाम तक आधा दर्जन से अधिक एक्सप्रेस व पैसेंजर एक-दो मिनट के अंतराल में अलग-अलग प्लेटफॉर्म पर आते हैं. इससे टीटीई को काफी फायदा हो जाता है. रोजाना हर टीटीई अपनी जेब में अलग से 5000 से 6000 की अवैध कमाई कर लेते हैं.

### 2000 से 3000 यात्री पकड़ाते हैं वसूलते हैं 7 से 9 लाख रु जुर्माना

सूत्रों के अनुसार अधिकृत रूप से टीटीई रोजाना 2000 से 3000 बेटिकट यात्री पकड़ते हैं. जिससे 7 से 9 लाख रुपए वसूली करते हैं. धनबाद रेल मंडल के विभिन्न स्टेशनों से गुरुवार को 1916 बेटिकट यात्रियों को पकड़ा गया और उससे सात लाख रुपए वसूली की गई. चेकिंग अभियान में 172 टिकट चेकिंग कर्मियों को लगाया गया था. अवैध कमाई में टीटीई के अलावा अधिकारी व आरपीएफ को भी हिस्सा मिलता है. चेकिंग के समय आरपीएफ के पदाधिकारी व जवान भी रहते हैं. पूर्व में कई बार शिकायत की गई, लेकिन अधिकारी की ओर से कार्रवाई नहीं की गई.

---

धनबाद के जीएम ने जांच के लिए बनाई कमेटी

# बिजली विभाग के वर्कशॉप में आग से करोड़ों का नुकसान

**संवाददाता। धनबाद**

धनबाद थाना के पा बिजली ऑफिस में स्थित टीआरडब्लू ( ट्रांसफॉर्मर रिपेयरिंग वर्कशॉप) में गुरुवार की रात लगी आग में करोड़ों की संपत्ति जल गई. बिजली विभाग के महाप्रबंधक अशोक कुमार सिन्हा ने बताया कि अबतक हुई जांच में शॉर्ट सर्किट के कारण ही आग लगने की बात सामने आ रही है. उन्होंने बताया कि इस अगलगी में करोड़ों का सामान जल गया है, जिसमे रिपेयर कर तैयार किये गए करीब 15 ट्रांसफार्मर एवं रिपेयर के बाद हीट चैंबर में रखे करीब 10 ट्रांसफार्मर जल गए हैं. इसके अलावा भारी मात्रा में पीपीटी वायर, करीब 400 लीटर ट्रांसफार्मर ऑयल जल गए. इसके साथ ही कई मशीनें भी आग की लपटों में जल चुकी है. फिल्टर मशीन, बाइंडिंग मशीन एवं टेस्टिंग मशीन के साथ ही पूरा शेड भी जल गया है. महाप्रबंधक ने बताया कि मामले की जांच के लिए एक कमेटी बनाई गई है.कमेटी की जांच रिपोर्ट आने के बाद ही नुकसान का सही आकलन किया जा सकेगा. मालूम हो कि गुरुवार की रात्रि हीट वार्मर में पकड़ी आग पूरे वर्कशॉप में फैल गई. यहीं पर नए -पुराने कई ट्रांसफॉर्मर रखे थे.


पुलिस के जवानों ने आग बुझाने में मदद की

ट्रांसफॉर्मर के तेल में आग पकड़ने के बाद भयावह हो गई. कार्यालय के अंदर रखे तेल के ड्रम को भी आग ने अपनी चपेट में ले लिया. इससे आग फैलते चली गई. ड्रम का तेल रिस कर पूरी कॉलोनी की सड़कों पर भर गई. दमकल की गाड़ियां लगातार आग पर पानी की बौछार कर रही थी, लेकिन आग बुझने की बजाय और धधक रही थी. इधर सूचना पाकर धनबाद थाना प्रभारी व पुलिसकर्मी और बिजली विभाग के अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए. पुलिस के जवानों ने आग बुझाने में दमकल कर्मियों की मदद की. आग बुझाने में सदर की पांच गाड़ियों के अलावा बीसीसीएल से दो और खाद कारखाना से भी दमकल की एक गाड़ी घटनास्थल पहुंची और राहत कार्य में लग गई. वर्कशॉप के चारों ओर दमकल की गाड़ी भेजने के लिए कई बाउंड्री को भी तोड़ना पड़ा था.

---

सुप्रीम कोर्ट ने दी **अग्रिम जमानत**

### दो बच्चों की मां ने युवक पर लगाया था यौन शोषण का आरोप

**विनीत आभा उपाध्याय। रांची/दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने हजारीबाग के राहुल कुमार को अग्रिम जमानत दे दी है. उस पर शादीशुदा महिला ने शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने का आरोप लगाया था. इस संबंध में हजारीबाग के बड़कागांव थाने में कांडसंख्या 256/2022 दर्ज था. जिसमें राहुल को धारा 376 और 506 के साथ एससी-एसटी एक्ट, 1989 की धारा 3 (1) (एस), 3 (2) (वी) के तहत आरोपी बनाया गया था. हाईकोर्ट ने राहुल को अग्रिम बेल से इनकार कर दिया था. जिसके बाद उसने शीर्ष कोर्ट में अग्रिम जमानत की गुहार लगाई. जिसपर जस्टिस अभय एस ओका की बेंच में सुनवाई हुई.

महिला के आरोपों के मुताबिक, राहुल और उसकी मुलाकात फेसबुक से 2019 में हुई. इसके बाद प्यार हो गया, दोनों ने जीवन एक साथ बिताने का फैसला किया. आरोपी ने शादी का भी वादा किया. लेकिन बाद में वादे से मुकर गया. आरोपी की ओर से अनिल साहू ने बहस में तर्क दिया कि आरोपी और शिकायतकर्ता के बीच 2 साल से अधिक समय से संबंध सहमति पूर्ण थे, शिकायतकर्ता विवाहित कामकाजी महिला और दो बच्चों की मां होने के कारण नैतिक या अनैतिक कृत्यों के परिणामों को समझने के लिए परिपक्व और बुद्धिमान थी. जिससे सहमत होते हुए कोर्ट ने आरोपी को अग्रिम जमानत की सुविधा प्रदान कर दी.

---

# धनबाद को 22 तक राममय और 27 तक मोदीमय बनाइए

क्लस्टर स्तर की बैठक में जुटे भाजपा के दिग्गज



**संवाददाता। धनबाद**

22 जनवरी तक जिले को राममय और 27 तक मोदीमय बनाने के लक्ष्य को साधकर भाजपा की क्लस्टर स्तर की बैठक शुक्रवार को भाजपा कार्यालय में हुई. बैठक में धनबाद, गिरिडीह और कोडरमा के सांसद, विधायक, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, जिलाध्यक्ष, पूर्व विधायक व पूर्व सांसद उपस्थित थे.

बैठक में प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि 2024 चुनावी वर्ष है, जो हम सबके लिए अग्निपरीक्षा की तरह है. 27 को हर्ल के उद्घाटन के बाद बलियापुर में होने वाली जनसभा को सफल बनाने के लिए सभी से अभी से लग जाने की अपील की. कहा कि प्रेस कॉन्फ्रेंस, बूथ स्तर तक कि बैठक, बैनर, पोस्टर, नुक्कड़ नाटक के माध्यम से प्रचार-प्रसार में जुट जाएं, ताकि जनसभा में प्रधानमंत्री को सुनने लाखों की संख्या में लोग पहुंचे. बूथ स्तर के कार्यकर्ता दूरदराज के ग्रामीणों की उपस्थिति सुनिश्चित कराएं. इसके पूर्व 22 जनवरी को होने वाले रामलला की प्राणप्रतिष्ठा कार्यक्रम का भी प्रचार-प्रसार करने की अपील की. इसके साथ कि आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों की सफलता को लेकर भी रणनीति बनाई गई.

**क्लस्टर स्तर की बैठक में दिग्गजों का लगा जमावड़ा :** बैठक में नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी, संगठन महामंत्री कर्मवीर जी, महामंत्री व राज्यसभा सांसद आदित्य साहू, प्रदेश महामंत्री प्रवीण वर्मा व बालमुकुंद सहाय, धनबाद के सांसद पशुपतिनाथ सिंह, गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी, कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी, धनबाद विधायक राज सिन्हा, निरसा विधायक अपर्णा सेन गुप्ता, बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो, बोकारो विधायक विरंचि नारायण, रागिनी सिंह, गणेश मिश्रा, सिंदरी विधायक की पत्नी तारा देवी, सत्येंद्र कुमार, धनबाद जिला महानगर अध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह, ग्रामीण अध्यक्ष ज्ञानरंजन सिन्हा, जमुआ विधायक केदार हाजरा, गिरिडीह के पूर्व सांसद रविंद्र पांडेय, बेरमो के पूर्व विधायक योगेश्वर महतो बाटुल, बगोदर के पूर्व विधायक नागेंद्र महतो के अलावा अन्य उपस्थित थे.

---

# पशुओं से लदा ट्रेलर पुल के नीचे गिरा, 40 की मौत


**100** से अधिक मवेशियों की तस्करी कर ले जाया जा रहा था डबल डेकर कंटेनर में.

**संवाददाता। गुमला**

गुमला जिले में शुक्रवार को कथित तौर पर तस्करी कर मवेशियों को ले जा रहा एक ट्रक पुल से गिर कर पलट गया, जिससे बड़ी संख्या में पशुओं की मौत हो गई. पुलिस ने यह जानकारी दी. उन्होंने बताया कि यह दुर्घटना सेमरा वन क्षेत्र के पास हुई। वहीं, डबल डेकर कंटेनर ट्रक का इस्तेमाल 100 से अधिक मवेशियों की तस्करी के लिए किया जा रहा था. पालकोट थाने के प्रभारी अनिल लिंडा ने बताया कि इलाके में बचाव अभियान चल रहा है. लिंडा ने कहा, फिलहाल हम यह नहीं बता सकते हैं कि दुर्घटना में कितने मवेशियों की मौत हुई होगी. घटनास्थल पर स्थिति को देख कर ऐसा लगता है कि आधे मवेशी मारे गए होंगे. जीवित बचे पशुओं को गैस-कटर मशीन की मदद से निकाला गया.

### वनकर्मी भी उग्रवादियों की तर्ज पर करते वसूली

**चंदवा।** वनकर्मी भी उग्रवादियों की तरह करते हैं वसूली. रस्सी से बांध कर ग्रामीणों को पीटते हैं, छोड़ने के लिए करते हैं सौदेबाजी. मामला 8 जनवरी का है जड़यांग के जंगल में दो युवक अनिल तथा हरलाल उरांव मवेशी चरा रहे थे इसी बीच कुछ वनकर्मी दो वन रक्षक के साथ पहुंचे और एक को बांध कर और दूसरे की पिटाई कर डर पैदा किया.इसके बाद छोड़ने के लिए रुपए की सौदेबाजी की गयी, 25 हजार में सौदा तय हुआ. तय रुपए को वे फोन पे पर डालने को बोले. इसके बाद अनिल ने अपने भाई से रुपए डालने को कहा. जब रुपए फोन पे पर डाल दिए गए, तब दोनों को छोड़ दिया. पदाधिकारी उपरोक्त विषय में कहते हैं पीड़ित से साक्ष्य के साथ आवेदन दिलवा दें मुझसे जो सक्षम कार्रवाई होगी मैं करूंगा.

---

# विभिन्न मांगों को ले मोर्चा ने धरना-प्रदर्शन किया

यूनियनों ने किरीबुरु सेल प्रबंधन को 29 व 30 जनवरी की हड़ताल का नोटिस दिया

**संवाददाता। किरीबुरु**

सेल की किरीबुरु खदान के सेलकर्मियों का अलग यूनियन ने संयुक्त मोर्चा (बीएमएस को छोड़कर) के बैनर तले विभिन्न मांगो को लेकर किरीबुरु जेनरल आफिस प्रांगण में धरना-प्रदर्शन किया एवं 29 एवं 30 जनवरी को दो दिवसीय हड़ताल की नोटिस किरीबुरु के सीजीएम को दिया. संयुक्त मोर्चा के मजदूर नेताओं ने बताया की 29 और 30 जनवरी को सेल एवं आरआईएनएल में प्रस्तावित दो दिवसीय आम हड़ताल विभिन्न मांगों के लिये किया जायेगा.




**बकाया भुगतान संबंधी मामलों का निपटारा करें**

अप्रैल 2020 से पर्क के बकाया भुगतान संबंधी मामले का निपटारा करें. आरआईएनएल की शत फीसदी बिक्री/विनिवेश पर रोक. सेल की किसी भी इकाई में कोई निजीकरण और विनिवेश नहीं. आरआईएनएल में वेतन पुनरीक्षण समझौते का कार्यान्वयन और आरआईएनएल का सेल में विलय. पुरानी प्रोत्साहन योजना को संशोधित कर नई प्रोत्साहन योजना बनाई जाये.

**ये हैं इनकी मांग**

इनकी मांगों में वेतन पुनरीक्षण के एनजेसीएस समझौते को अंतिम रूप देना और वेतन पुनरीक्षण के 39 महीने के बकाया का भुगतान. एचआरए, रात्रि पाली भत्ता, कठिन क्षेत्र भत्ता, खान भत्ता और अन्य सहित विभिन्न भत्तों का संशोधन. सेल और आरआईएनएल के ठेका श्रमिकों के वेतन पुनरीक्षण और नौकरी की सुरक्षा. एपीआईआरएस (बोनस) योजना में संशोधन एवं वर्ष 2022-23 के लिए बोनस का अतिरिक्त भुगतान, पिछले वर्ष की राशि से कम नहीं.

---

**प्रेस कांफ्रेंस** झारखंड में पीपीपी मोड पर चलेंगे पॉलिटेक्निक और इंजीनियरिंग कॉलेज, 19 नए कॉलेज भी खोले जाएंगे

# अगले सत्र में उच्च और तकनीकी शिक्षा के छात्रों को 9 नई योजनाओं का लाभ

**सत्य शरण मिश्रा। रांची**

उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग अगले शैक्षणिक सत्र में स्टूडेंट्स को 9 नई योजनाओं का लाभ देने जा रहा है. वहीं राज्य के पॉलिटेक्निक और इंजीनियरिंग कॉलेजों को पीपीपी मोड पर चलाने के लिए नीति तैयार की जा रही है.

पहले चरण में गोड्डा और बोकारो में बने पॉलिटेक्निक कॉलेज पीपीपी मोड पर चलाए जाएंगे. 19 नए कॉलेज खोलने का भी फैसला लिया गया है. इसमें 15 डिग्री कॉलेज और 4 महिला कॉलेज होंगे. सभी जिले में एक महिला कॉलेज खोलने का प्रयास है. उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के प्रधान सचिव राहुल पुरवार ने सूचना भवन में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर यह जानकारी दी. उन्होंने बताया कि विभाग विश्वविद्यालयों और अंगीभूत कॉलेजों में गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों की नियुक्ति और प्रोन्नति के लिए नियम बना रहा है.

वहीं झारखंड प्रोद्योगिकी विश्वविद्यालय सहित सभी राजकीय यूनिवर्सिटी ने चार वर्षीय स्नातक कार्यक्रम के लिए सामान्य और पाठ्यक्रम रूपरेखा तैयार की है. इसके तहत मजबूरी में बीच में ही पढ़ाई छोड़ने वाले बच्चों को भी डिग्री प्रदान की जाएगी. वहीं बीआईटी सिंदरी परिसर में ग्रेड वन विज्ञान केंद्र स्थापित करने की योजना तैयार हो रही है. दिव्यांग और अनाथ छात्रों को छात्रवृति योजना का लाभ देने की योजना बन रही है.

**सरकार बना रही नीति**



- गोड्डा और बोकारो में बने पॉलिटेक्निक कॉलेज होंगे पीपीपी मोड पर संचालित
- राज्य में खुलेंगे 19 नये कॉलेज, प्रत्येक जिले में एक महिला कॉलेज भी खुलेगा
- बीआईटी सिंदरी परिसर में स्थापित होगा ग्रेड वन विज्ञान केंद्र
- दिव्यांग और अनाथ विद्यार्थियों को मिलेगा छात्रवृत्ति योजना का लाभ

**किस स्टेज पर हैं 9 योजनाएं**

- **गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना** : विभाग योजना को लेकर वेब पोर्टल तैयार कर रहा है. योजना में सभी बैंकों और वित्तीय संस्थानों को शामिल किया जा रहा है. वित्तीय वर्ष 2023-24 खत्म होने से पहले योजना के लिए आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी.
- **एकलव्य प्रशिक्षण योजना** : स्टूडेंट्स के आवेदन, सूचीकरण और चयन के लिए वेब पोर्टल विकसित हो रहा है. कोचिंग संस्थानों का पैनल तैयार हो रहा है. मार्च से पहले आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी.
- **मुख्यमंत्री शिक्षा प्रोत्साहन योजना** : वेब पोर्टल बन रहा है. कोचिंग संस्थानों का पैनल बनाने का काम अंतिम चरण में है. मार्च तक आवेदन की प्रक्रिया शुरू होगी.
- **उच्च और तकनीकी शिक्षण संस्थानों के लिए अप्रेंटिसशिप योजना** : सभी उच्च शिक्षण संस्थानों ने बीओपीटी पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराया है. अगले शैक्षणिक सत्र से यह योजना लागू हो जाएगी.
- **स्थाई रूप से संबद्ध गैर** : सहायता प्राप्त कॉलेजों के लिए अनुदान में वृद्धि योजना-नैक ए ग्रेड वाले कॉलेजों का अनुदान गुणा, बी ग्रेड वालों का 4 गुणा और सी ग्रेड वालों का अनुदान दो गुणा बढ़ेगा. यह योजना भी अगले शैक्षणिक सत्र से प्रभावी होगी.
- **सीएम फेलोशिप योजना** : यह योजना सरकार से स्वीकृति के लिए अंतिम चरण में है. विभाग को उम्मीद है कि अगले शैक्षणिक सत्र में यह योजना लागू हो जाएगी.
- **झारखंड उच्च शिक्षा योग्यता छात्रवृति योजना** : यह योजना भी सरकार से स्वीकृति के लिए अंतिम चरण में है. विभाग को उम्मीद है कि अगले शैक्षणिक सत्र में यह योजना लागू हो जाएगी.
- **मानकी मुंडा छात्रवृत्ति योजना** : इसके तहत छात्राओं को डिप्लोमा स्तर पर प्रतिवर्ष 15000 और डिग्री स्तर पर 30000 रुपए की वित्तीय सहायता मिलेगी. अगले शैक्षणिक सत्र से योजना चालू होगी.
- **सेमिनार, कार्यशाला, सम्मेलन के आयोजन के लिए अनुसंधान अनुदान** : इस योजना को राज्य सरकार ने स्वीकृति दे दी है. अगले शैक्षणिक सत्र से योजना लागू होगी.

### युवक का शव परियोजना में दबा दिया गया: बाउरी

**झरिया।** भौंरा ओपी क्षेत्र के बीसीसीएल की कोलियरी फोर ए पेच के पास गुरुवार की शाम आउटसोर्सिंग कंपनी के वॉल्वो वाहन की चपेट में आकर एक युवक महेश कुम्भकार की मौत हो गई थी. चंदनकियारी के भाजपा विधायक सह विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी शुक्रवार को भौंरा ओपी पहुंचे.

उन्होंने कहा कि घटना के बाद युवक का शव परियोजना में ही दबा दिया गया है. उन्होंने ओपी प्रभारी कंचन कुमारी से मिलकर कहा कि शव को जल्द खोज निकालें, ताकि परिजन अपनी रीति-रिवाज के अनुसार शव का अंतिम संस्कार कर सकें. साथ ही धनबाद के एसएसपी को फोन कर कहा कि खोजी कुत्ता मंगवाकर महेश कुम्भकार का शव खोजने की तुरंत व्यवस्था करें.

▼ ब्रीफ खबरें

## पॉक्सो एक्ट में 10 वर्ष का सश्रम कारावास

**जामताड़ा।** जिला जज प्रथम श्रीदत्त त्रिपाठी के न्यायालय द्वारा पॉक्सो एक्ट मामले में थाना क्षेत्र के चेंगाईडीह गांव निवासी कुतुबुल्ला अंसारी को 10 वर्ष का सश्रम कारावास व 10 हजार रूपए अर्थदंड की सजा मुकर्रर की गई. अर्थदंड की राशि नहीं देने पर 6 महीने के साधारण कारावास की सजा होगी. आरोप है कि चेंगाईडीह गांव निवासी कुतुबुल्ला अंसारी ने शादी का प्रलोभन देकर नाबालिग से विगत 4 माह तक बहला-फुसलाकर जबरन शारीरिक संबंध बना रहा था. बचाव पक्ष के वकील ने कहा कि इसकी पहली गलती है, सजा कम दी जाए.

## देवर दे रहा जान से मारने की धमकी, शिकायत

**जमशेदपुर।** मानगो थाना अंतर्गत मुंशी मोहल्ला निवासी शाहिना परवीन ने अपनी देवर पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए एसएसपी से लिखित शिकायत की है. शिकायत में शाहिना ने बताया है कि उनके सास-ससुर ने मुंशी मोहल्ला वाला मकान उनके पति इमरान हुसैन अंसारी के नाम कर दिया था. सास-ससुर की मौत के बाद वह अपने पति के साथ उक्त मकान में रहती थी. इसी बीच पति की भी मौत हो गई. उन्होंने उक्त मकान को गोलमुरी के शाहिद अली को बेच दिया. अब देवर पांच लाख की रंगदारी मांग रहा है.

## बोड़ाम में दो बाइक में टक्कर, एक घायल

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर से सटे बोड़ाम थाना अंतर्गत हलुदबनी पुलिस कैंप के पास गुरुवार शाम दो बाइक के बीच टक्कर हो गई. इस घटना में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए. घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल लाया गया. घायल की पहचान पटमदा के बारूडीह गांव निवासी झामुमो के पूर्व प्रखंड कोषाध्यक्ष गिरीश सोरेन के रूप में की गई है. वहीं, दूसरी बाइक सवार युवकों के नाम सुशील टुडू व सुजीत टुडू बताया जा रहा है. मिली जानकारी के अनुसार गिरीश जमशेदपुर की ओर जा रहा था.

## युवक ने फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली

**नोवामुंडी।** मनोहरपुर प्रखंड अंतर्गत चिड़िया थाना क्षेत्र के बाजार हाता निवासी 35 वर्षीय अभय नाग ने गुरुवार को अपने घर के कमरे में चुनरी से फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली. घटना की जानकारी गुरुवार की देर शाम लगभग 7 बजे पुलिस को दी गई. इसके बाद पुलिस मामले की पड़ताल कर शव जब्त कर लिया. घटना के समय घर में अभय के आलावा उसकी पत्नी थी. वहीं, घटना से अभय की पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है. आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है. पुलिस मामले की जांच में जुट गई है.

## तेनुघाट: हत्या के पांच आरोपी गिरफ्तार हुए

**तेनुघाट।** महुआटांड़ थाना क्षेत्र के फुटकाडीह बाजार टांड़ निवासी जीतलाल मांझी की हत्या का मामला सुलझ गया है. इसी मामले में पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है. घटना 7 जनवरी को सोहराय पर्व के दिन हुआ था. हत्या का कारण जमीन विवाद बताया गया. इस संबंध में गोमिया इंस्पेक्टर महेश प्रसाद सिंह प्रेस कांफ्रेंस कर जानकारी दी. पुलिस ने बताया कि मृतक की पत्नी मंझली देवी ने 11 जनवरी को मामला दर्ज कराया गया था. जिसमें आरोपी अनिल फिस्कु, केला मांझी सीलाराम , लक्ष्मण और सुलेन्द्र को गिरफ्तार किया गया.

### ऊंटारी रोड-सतबहिनी रेलवे स्टेशन के बीच भदुमा गांव के रेलवे ट्रैक के पास की घटना

# युवती का सिर-धड़ से अलग किया शव बरामद

**संवाददाता। पलामू**



जिले के ऊंटारी रोड-सतबहिनी रेलवे स्टेशन के बीच भदुमा गांव के रेलवे ट्रैक से युवती का शव शुक्रवार को बरामद किया गया. युवती का सिर और धड़ अलग-अलग थे. उम्र लगभग 28-30 वर्ष की बतायी गयी है. शव की पहचान नहीं हो पायी है. शव को देखकर कयास लगाया जा रहा था कि ट्रेन से कट कर उसकी मौत हुई होगी. युवतीने लाल रंग की साड़ी पहन रखी थी. सूचना मिलने पर उंटारी रोड थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया. एमएमसीएच में पोस्टमार्टम के बाद पहचान के लिए शव सुरक्षित रखा गया है. निर्धारित अवधि तक पहचान नहीं होने पर उसका अंतिम संस्कार कर दिया जाएगा.

जानकारी के अनुसार रेलवे ट्रैक से गुजरने वाले लोगों ने महिला का क्षत-विक्षत देखा तो तुरंत आरपीएफ को इसकी सूचना दी. बताया गया कि भदुमा में रेलवे ट्रैक पर एक युवती का शव पड़ा हुआ था. रेलवे पुलिस एवं ऊंटारी रोड थाना की पुलिस ने युवती का शव बरामद किया. शव उठाने से पहले वहां पहुंचे आस पास के लोगों से उसकी पहचान करने की कोशिश की, लेकिन किसी ने उसकी शिनाख्त नहीं की. शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने के बाद युवती की पहचान में पुलिस जुट गई है. महिला ने आत्महत्या की है या किसी साजिश की तहत उसकी मौत हुई है.

## स्कूल बस से कुचल कर महिला की मौत

**धनबाद।** सरायढेला थाना क्षेत्र के हीरक रिंग रोड में डांगी मोड़ के समीप शुक्रवार को धनबाद पब्लिक स्कूल बस की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई. बस महिला को कुचलते हुए निकल गई. हादसे के बाद घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जुट गई. मृत महिला की पहचान नहीं हो पाई है. पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एसएसएनएमसीएच भेज दिया. महिला के पास से भुईंफोड़ मंदिर के समीप बैंक कॉलोनी स्थित श्री श्याम ज्वेलर्स की पर्ची मिली है. पर्ची में बैंक कॉलोनी गोसाईंडीह का पता दर्ज है. उसी के आधार से पुलिस महिला के परिजनों का पता लगा रही है.

### आओ जानें

## 2021 में दाखिल चार्जशीट

| | | | |
|---|---|---|---|
| झारखंड | 84.6 | मणिपुर | 42.2 |
| आंध्रप्रदेश | 91.7 | मेघालय | 40.6 |
| अरुणाचल प्रदेश | 78.9 | मिजोरम | 91.3 |
| असम | 46.8 | नागालैंड | 75.0 |
| बिहार | 90.0 | ओडिशा | 81.1 |
| छत्तीसगढ़ | 92.4 | पंजाब | 83.7 |
| गोवा | 95.5 | राजस्थान | 61.7 |
| गुजरात | 92.3 | सिक्किम | 86.7 |
| हरियाणा | 73.7 | तमिलनाडु | 96.6 |
| हिमाचल प्रदेश | 85.1 | तेलंगाना | 93.3 |
| कर्नाटक | 91.5 | त्रिपुरा | 80.5 |
| केरला | 93.5 | उत्तरप्रदेश | 84.6 |
| मध्यप्रदेश | 94.1 | उत्तराखंड | 79.1 |
| महाराष्ट्र | 91.9 | पश्चिम बंगाल | 86.0 |

### निरसा पीठाकियारी साइबर अपराधियों के गढ़ में पुलिस की दबिश

# अपराधियों ने निरसा थानेदार का फोन छीना, 3 गिरफ्तार

**राजकुमार महतो। निरसा**



निरसा थाना प्रभारी के साथ उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब धनबाद एसएसपी के निर्देशानुसार शुक्रवार को साइबर सेल के अधिकारियों की एक टीम गठित कर निरसा पुलिस के सहयोग से निरसा के पिठाकियारी गांव में पहुंचा. जांच के क्रम में निरसा थाना प्रभारी ने साइबर अपराधी मलई रविदास के घर में घर का वीडियो बनाने लगा. तभी अचानक दो अपराधियों ने निरसा थाना प्रभारी दिलीप कुमार यादव का दो मोबाइल छीन लिया. अफरा-तफरी में गांव के लोगों द्वारा मोबाइल तो बरामद कर थाना प्रभारी को दिया गया, परंतु वहां से दोनों अपराधी फरार हो गए. छापेमारी के दौरान एक घर से तीन साइबर क्राइम अपराधी गुजरा रविदास, श्यामापद रविदास, आजाद रविदास को मौके पर से धर दबोचा. जांच के क्रम में पुलिस ने अपराधियों के घर से 10 मोबाइल 12 सिम कार्ड और तरह-तरह के बैंकों के पासबुक बरामद करने में सफलता हाथ लगी.

**निरसा अनुमंडल क्षेत्र के सभी थाना व ओपी के प्रभारी तैनात:** निरसा थाना प्रभारी के साथ घटना होते देख कुमारधुबी थाना, एमपीएल ओपी एगयरकुण्ड थाना सहित सभी पुलिस बल घटनास्थल पर पहुंच गए. वहीं साइबर सेल की टीम ने मोबाइल के लोकेशन को ट्रेस करते हुए अपराधियों को पकड़ने के लिए छानबीन कर रही है. पुलिस पकड़े गए तीन अपराधियों से पूछताछ कर रही है. आपको बता दें कि झारखंड के जामताड़ा जिले को साइबर क्राइम का गढ़ माना जाता है और जामताड़ा के बाद दूसरा गढ़ निरसा के पिठाकियारी गांव का नाम आता है, यहां आए दिन पूरे देश की साइबर पुलिस दबिश देती रहती है.

**खास बातें**

- घटना के बाद अतिरिक्त पुलिस बल बुलाया गया
- साइबर अपराधियों की खोजबीन तेज

### साक्ष्य के अभाव में अपराधी बच जाते हैं

कुछ को पुलिस गिरफ्तार कर अपने साथ ले जाती है, इसके बावजूद भी साक्ष्य के अभाव में साइबर अपराधी बच जाते हैं. जिन्हें किसी भी प्रकार की सजा नहीं होती है, जिसके कारण इसका मनोबल इतना बढ़ गया है कि वह अपराध करने में कोई संकोच नहीं करते हैं.

## एक जेसीबी व पांच ट्रैक्टर लगाकर अवैध कब्जा हटाया

**चाईबासा।** कोल्हान भूमि बचाओ समिति के अध्यक्ष विनोद कुमार सावैयां के नेतृत्व में शुक्रवार को टुंगरी स्थित नेवटिया फैक्ट्री की चहारदीवारी के बाहर की रैयती जमीन से अवैध कब्जा हटाया गया. इस जमीन पर नेवटिया फैक्ट्री प्रबंधन ने मिट्टी-पत्थर गिराकर कब्जा जमाए हुए था. शुक्रवार को इसे एक जेसीबी व पांच ट्रैक्टर लगाकर कब्जा हटाया गया और उसपर रैयत व मालिक डीबर देवगम ने वापस कब्जा जमा लिया. इस पर किसी ने आपत्ति नहीं की. इस दौरान विधि-व्यवस्था बनाये रखने के लिये मुफ्फसिल थाना की पुलिस भी मौजूद थी. डीबर देवगम ने बताया कि उनकी उनकी 1 एकड़ 44 डिसमिल जमीन में से 72 डिसमिल जमीन फैक्ट्री की चहारदीवारी के बाहर है. जबकि शेष जमीन फैक्ट्री के अंदर है. बाहर की जमीन पर शुक्रवार को पत्थर-मिट्टी हटाकर मैंने उसे वापस ले लिया.

### शांतिपूर्वक जमीन वापस ली गयी : विनोद सावैयां

विनोद कुमार सावैयां ने कहा कि शुक्रवार को मतकमहातु निवासी डीबर देवगम की पुश्तैनी जमीन से अवैध कब्जा हटाया गया. इस पर मिट्टी-पत्थर रखकर कब्जा किया गया था. इसे जेसीबी से हटा दिया गया. बाकी जमीन नेवटिया फैक्ट्री की घेराबंदी के अंदर है. उसे भी कब्जे से मुक्त किया जायेगा. उन्होंने कहा कि जमीन अवैध कब्जे के खिलाफ कोल्हान भूमि बचाओ समिति का आंदोलन चलता रहेगा. इस दौरान समिति के सचिव भगवान देवगम, कानूनी सलाहकार सुरेश सोय, विजय देवगम, चाहत देवगम, हेलेन देवगम, एलिश बोदरा, सुखलाल सावैयां, संजू करजी, बब्बन करजी, रमेश देवगम, राहुल सोलंकी, रंजन गोप, रोशन सुंडी, सुरेन देवगम, प्रकाश देवगम, डोबरो देवगम समेत बड़ी संख्या ग्रामीण मौजूद थे.

### डुमरी पुलिस की बड़ी सफलता

# पुलिस ने गांजे की फसल को किया नष्ट

**संवाददाता। डुमरी (गिरिडीह)**



डुमरी पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर शुक्रवार को डुमरी थाना क्षेत्र के सासरखो टोला गोराडीह में बड़ी मात्रा में गांजे की खेती को नष्ट कर मौके पर से 2 लोगों को हिरासत में लिया गया है. बताया जाता है कि पुलिस को उक्त क्षेत्र में भारी मात्रा में गांजे की खेती अवैध रूप से करने की गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी. जिसके आधार पर मजिस्ट्रेट प्रतिनियुक्ति करवाते हुए सूचना के सत्यापन हेतु पुलिस द्वारा कार्रवाई किया गया. जिसमें ग्राम सासरखो टोला गोराडीह स्थित गांझो महतो, मुरली प्रसाद वर्मा, राजेन्द्र प्रसाद वर्मा, गजेंद्र प्रसाद वर्मा के घर के पीछे खेत में बड़े पैमाने पर लगा करीब 500 से 600 गांजे का पौधा पाया गया, उनके द्वारा बड़े पैमाने पर गांजे का खेती लगाया गया था. जिसमें करीब 200 किलोग्राम उपयोग हेतु गांजा निकलता. जिसकी अनुमानित बाजार मूल्य लगभग 10 से 12 लाख रुपये है. चारों अभियुक्त के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने की प्रक्रिया खबर प्रेषण तक की जा रही थी, वहीं दो अभियुक्त को घटना स्थल से ही गिरफ्तार किया गया है. इधर, पुलिस के इस कार्रवाई से प्रखंड के उक्त क्षेत्र में किये जा रहे ऐसे अवैध धंधे में शामिल लोगों में हड़कंप मच गया है.

**खास बातें**

- मौके पर से दो लोगों को हिरासत में लिया गया है
- करीब 500-600 गांजे का पौधा को नष्ट किया गया

# साइबर ठगी के दो आरोपी गिरफ्तार, कई सामान बरामद

**संवाददाता। रांची**

रांची की गोंदा थाना पुलिस ने दो साइबर ठगों को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार आरोपितों में गिरिडीह निवासी मंटू कुमार मंडल और पवन कुमार मंडल शामिल है. पुलिस ने दोनों के पास से 22 हजार नकदी, 15 मोबाइल, एक क्रेडिट कार्ड, एक स्विफ्ट डिजायर कार और सिम कार्ड बरामद किया है. सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि गुप्त सूचना मिली कि गोंदा थाना क्षेत्र अन्तर्गत कांके डैम साइड फुचका चौक पर कुछ साइबर अपराधी करमाटांड़ जामताड़ा से आये हुए हैं. उन्होंने बताया कि सूचना थी कि ये लोग फिशिंग लिंक लोगों को भेजकर बैंक केवाईसी अपडेट करने का झांसा देकर ठगी करते हैं. आरोपितों ने 21 दिसंबर, 2023 को आंध्रप्रदेश के एक व्यक्ति को भी फिशिंग लिंक भेजकर 49 हजार 999 की ठगी की थी. इस मामले में भुक्तभोगी ने साइबर क्राइम पोर्टल नम्बर-1930 पर कम्प्लेन किया था, जिसका नंबर प्रतिबिंब पोर्टल से उपलब्ध कराया गया था.

प्राप्त सूचना के आधार पर साइबर डीएसपी यशोधरा और गोंदा थाना प्रभारी रवि ठाकुर के नेतृत्व में छापेमारी टीम का गठन किया गया. टीम ने मोनफोर्ड स्कूल झीरगा टोली रोड पर एक सफेद रंग का कार आता हुआ देखा. टीम ने गाड़ी को रोकने का प्रयास किया तो चालक ने तेजी से गाड़ी को भगाना शुरू कर दिया. कार को पुलिस बल के सहयोग से रोका गया. मौके पर पूछताछ के क्रम में स्पष्ट जवाब नहीं मिलने पर दोनों को हिरासत में ले लिया गया. पुलिस मामले की जांच-पड़ताल कर रही है.

## साप्ताहिक बाजार से बाइक की चोरी, शिकायत

**चौपारण।** झारखंड के चतरा रोड के बिगहा में प्रत्येक गुरुवार को साप्ताहिक बाजार लगता है. जहां विभिन्न चीजों की खरीददारी के लिए दूर-दूर से हजारों की संख्या में लोग पहुंचते हैं. पर बीते कुछ महीने से इस बाजार में चोरों का आतंक बढ़ता जा रहा है, जिससे ग्राहकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. गुरुवार को भी चोरों ने सब्जी खरीदने आए एक युवक की बाइक की चोरी कर ली. इस संबंध में पीड़ित राहुल कुमार दास, पिता बिनोद रविदास ग्राम नावाडीह इटखोरी ने चौपारण थाना में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है. आवेदन के अनुसार पीड़ित गुरुवार को अपनी बाइक से बिगहा बाजार सब्जी खरीदने के लिए गया था. बाजार पहुंचकर बाइक को खड़ी कर सब्जी लेने चले गए. सब्जी लेकर लौटे तो बाइक वहां से गायब थी. काफी खोजबीन करने के बाद भी बाइक की कोई अता-पता नहीं चल सका.

# मरकच्चो में बाइक की चपेट में आने से राहगीर की मौत

**संवाददाता। मरकच्चो (कोडरमा)**

नवलशाही-नीमाडीह मुख्य मार्ग स्थित बच्चेडीह के समीप बाइक की चपेट में आकर एक पैदल चल रहे राहगीर की मौत हो गयी. राहगीर की पहचान भिंमेडिह निवासी मूरत यादव (55 वर्षीय) के रूप में की गयी है. मिली जानकारी के अनुसार, मूरत यादव अपने साथी के साथ बच्चेडीह से घर लौट रहा था. इसी क्रम में वह तेज रफ्तार बाइक की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया. वहां मौजूद लोग मूरत यादव को सदर अस्पताल कोडरमा ले गये, जहां चिकित्सकों ने रिम्स रेफर कर दिया. जहां इलाज के दौरान मूरत यादव की मौत हो गयी. आपको बता दें कि मूरत यादव दिहाड़ी मजदूरी करके घर चलाता था. उसके मौत के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है.

### हत्या के दोषी को उम्रकैद की सजा

**मेदिनीनगर।** पलामू सिविल कोर्ट के जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश नंबर-1 की अदालत में हत्या और आर्म्स एक्ट के मामले में एक दोषी को आजीवन कारावास एवं 50 हजार जुर्माने की सजा सुनाई है. जुर्माने की राशि नहीं जमा करने पर दोषी को एक वर्ष का अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी.

## दो बाइक में सीधी टक्कर महिला समेत तीन घायल

**बेरमो।** गोमिया के आईईएल थाना क्षेत्र के बैंक मोड़ पर शुक्रवार को दो बाइक के बीच टक्कर हो गई. दुर्घटना में एक बुजुर्ग महिला सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. बाइक पर सवार 65 वर्षीय महिला बालामुनी देवी, दो युवक सुखदेव मरांडी व निखिल कुमार को चोट लगी है. उसी मार्ग से गुजर रहे गोमिया बीडीओ महादेव कुमार महतो ने आईईएल थाना पुलिस के सहयोग से घायलों को इलाज के लिए गोमिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजवाया. वहां डॉक्टर ने प्राथमिकी उपचार के बाद तीनों घायलों को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल बोकारो रेफर कर दिया. घटना के संबंध में बताया जाता है कि पेंक नारायणपुर थाना क्षेत्र के धवाईया ग्राम का सुखदेव मरांडी नानी बालामुनी को बाइक से लेकर गोला जा रहा था.

# आग से झुलसी वृद्धा सहित दो की इलाज के दौरान मौत

**दुमका।** आग से झुलसी जरीफन बीवी (85) सहित दो महिला की मौत हो गई है. दोनों दुमका के सदर अस्पताल स्थित बर्न यूनिट में इलाज के लिए भर्ती हुई थी. इलाज के दौरान दोनों की मौत हो गई. जरीफन बीवी दुमका के तेलियाचक नवाडीह गांव की रहने वाली थी. वह 11 जनवरी को ठंड से बचने के लिए आग ताप रही थी. आग तापने के दौरान वृद्ध महिला के कपड़े में किसी तरह से लग गई और आग की लपटे पूरे शरीर में फैल गई. महिला गंभीर रुप से झुलस गयी थी. परिजनों ने आनन-फानन में वृद्धा को उठाकर इलाज के लिए दुमका के फुलो-झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल के बर्न यूनिट में भर्ती कराया,जहां गुरुवार देर रात उसकी मौत हो गई. वृद्ध महिला के पुत्र मंसूर अंसारी ने पोस्टमार्टम नहीं कराने का आग्रह पुलिस से किया. नगर थाना की पुलिस ने पुत्र के लिखित आवेदन पर शव को बिना पोस्टमार्टम कराए ही घर भेज दिया. वहीं जामा प्रखंड के नेमोडीह गांव की 53 वर्षीय महिला आग तापने में झुलस गयी थी. यह घटना चार जनवरी को हुई थी. महिला को इलाज के लिए परिजनों ने अस्पताल के बर्न वार्ड में भर्ती कराया था. गुरुवार की देर रात में महिला रुकिया देवी की इलाज के दौरान मौत हो गई. इस मामले में मृत महिला के पुत्र जितेन्द्र राय ने पुलिस को लिखित आवेदन दिया.



भावभीनी श्रद्धांजलि

दीपाली भकत को पांचवीं पुण्यतिथि पर समस्त परिवारजन की ओर से भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें.

शोकाकुल

विश्वजीत भकत (पति)

विद्युत भकत एवं सम्राट भकत (पुत्र)

कॉलेज रोड घाटशिला

स्व. दीपाली भकत

### खबरें कोर्ट की | दीपक केसरी के साथ गाली-गलौज व मारपीट करने का आरोप

# असिस्टेंट कमिश्नर को गिरफ्तार करने का आदेश

**संवाददाता। धनबाद**

धनबाद के एचई स्कूल रोड निवासी दीपक कुमार केसरी के साथ गाली-गलौज व मारपीट करने के आरोपी सेंट्रल जीएसटी के सहायक कमिश्नर नारायण कुमार उर्फ नरेण कुमार को अदालत ने गिरफ्तार करने का आदेश दिया है. धनबाद के प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी प्रगेश निगम की अदालत ने शुक्रवार को शिकायतवाद संख्या 1323/12 की सुनवाई के बाद यह आदेश जारी किया है. भुक्तभोगी दीपक कुमार ने सहायक कमिश्नर नारायण कुमार के विरुद्ध अदालत में शिकायतवाद दायर किया था. इसमें आरोप लगाया था कि 4 जून 2012 को दोपहर वह सेंट्रल एक्साइज डिविजनल ऑफिस गया था. वहां आरोपी ने उसके साथ गलत व्यवहार किया.

## अपहरण के आरोपी को पांच वर्ष की सजा

**धनबाद।** शादी की नीयत से नाबालिग को बहला-फुसला कर ले जाने के मामले में अदालत ने शुक्रवार को अपना फैसला सुनाया. पोक्सो के विशेष न्यायाधीश प्रभाकर सिंह की अदालत ने नामजद आरोपी पाथर बांग्ला बोरागढ़ निवासी अभिषेक कुमार को पांच वर्ष की कैद व दस हजार रुपए जुर्माना की सजा सुनाई. पीड़िता की माता की शिकायत पर झरिया थाने में 12 जनवरी 2023 को प्राथमिकी दर्ज की गई थी. प्राथमिकी के मुताबिक 10 जनवरी 2023 की दोपहर पीड़िता टेलर दुकान जाने के लिए घर से निकली थी, लेकिन वापस नहीं आई.

## सुशांतो हत्याकांड में गवाह पेशी का आदेश

**धनबाद।** फॉरवर्ड ब्लॉक के नेता सुशांतो सेनगुप्ता, उनके भाई संजय सेनगुप्ता व कार्यकर्ता दुर्योधन पाल की हत्या के चर्चित मामले की सुनवाई सीबीआई के विशेष न्यायाधीश रजनीकांत पाठक की अदालत में हुई. कोर्ट ने सीबीआई को गवाह पेश करने का आदेश दिया. ज्ञात हो कि 5 अक्टूबर 2002 को सुशांतो सेनगुप्ता अपने भाई संजय व कार्यकर्ता दुर्योधन के साथ कार से निरसा जा रहे थे. गोपालगंज के पास कार पर हमलावरों ने अंधाधुंध फायरिंग की थी. कार पर सवार सुशांतो सहित तीन लोगों की मौत हो गई थी.

## रंजय हत्याकांड में गवाह पेश करें

**धनबाद।** झरिया के पूर्व विधायक संजीव सिंह के करीबी रंजय सिंह उर्फ रविरंजन सिंह की हत्या के आरोप में जेल में बंद बिहार के आरा बेरथ निवासी नंद कुमार सिंह उर्फ बबलू उर्फ रूना सिंह उर्फ मामा की शुक्रवार को जिला एवं सत्र न्यायाधीश अखिलेश कुमार की अदालत में पेशी हुई. आरोपी फिलहाल रांची के होटवार जेल में बंद है. उसकी पेशी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए हुई. वहीं, जमानत पर छूटा हर्ष सिंह अदालत में हाजिर नहीं हुआ. अदालत ने अभियोजन को गवाह पेश करने का निर्देश दिया.

झारखंडवासियों को

लोहड़ी

की हार्दिक शुभकामनाएं



एएस देओल उर्फ बटर सिंह

प्रवक्ता झारखंड मुक्ति मोर्चा, जिला रांची

F9 होटल्स एंड इंडिया ट्रेवल

में आपका स्वागत और अभिनंदन।



आपके यात्रा को सुखद और सुविधाओं के आकांक्षा के लिए अयोध्या धाम श्रीराम नगरी, दिल्ली, पहाड़गंज नोएडा, गुड़गांव, देहरादून मसूरी, मुक्तेश्वर, हरिद्वार, ऋषिकेश, केदारनाथ, बद्रीनाथ, नैनीताल, अमृतसर, जम्मू, कटरा, वैष्णो देवी, जयपुर, उदयपुर, पुष्कर, अजमेर, आगरा, मथुरा, वृंदावन समेत पूरे भारत मे होटल और रूम मे ठहरने की उचित सुविधा और बस, ट्रेन और हवाई जहाज की टिकट की सुविधा निरंतर उपलब्ध है।

- FLIGHT TICKETS
- CRUISE BOOKING
- HOTEL BOOKING
- TRAIN TICKET
- TAXI SERVICE
- CURRENCY EXCHANGE
- HOLIDAY PACKAGES
- GROUP BOOKINGS
- E VISA SERVICE
- INTERNATIONAL TOUR PACKAGES

BOOKING

Call 8527271652-ved

## ब्रीफ खबरें

### एक सप्ताह में ईएमसी क्षेत्र में जल उठेगी स्ट्रीट लाइट

**आदित्यपुर।** औद्योगिक समस्याओं को लेकर जियाडा क्षेत्रीय निदेशक प्रेम रंजन से लउभा (लघु उद्योग भारती) का प्रतिनिधि मंडल मिला. सर्वप्रथम उन्हें नव वर्ष की शुभकामनाएं दी और उनका स्वास्थ्य का हालचाल पूछा. साथ ही क्षेत्रीय निदेशक को ताजा औद्योगिक समस्याओं से अवगत कराया. खासकर इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर क्षेत्र में हो रही ग्रामीणों से समस्याओं और जमना ऑटो के स्थापना को लेकर जारी गतिरोध पर चर्चा की. जिसपर क्षेत्रीय निदेशक ने प्रतिनिधि मंडल को आश्वस्त किया कि एक सप्ताह में ईएमसी क्षेत्र में स्ट्रीट लाइट जल उठेगी, वहीं उन्होंने अन्य औद्योगिक समस्याओं जिसमें सड़कें, नाली, स्ट्रीट लाइट आदि को शीघ्र सुलझाने का आश्वासन दिया.

### गणतंत्र दिवस की तैयारी का एसडीओ ने की समीक्षा

**घाटशिला।** अनुमंडल कार्यालय घाटशिला के सभागार में शुक्रवार को अनुमंडल पदाधिकारी सत्यवीर रजक की अध्यक्षता में गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर विभिन्न विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं एवं पुलिस पदाधिकारी के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई. अनुमंडल पदाधिकारी सतवीर रजक ने विद्यालय वार गणतंत्र दिवस समारोह में परेड तथा झांकी में भाग लेने वाले विद्यालयों से विस्तृत जानकारी लिया. साथ ही साथ समारोह के दौरान विद्यालय से छात्र-छात्राओं को लाने ले जाने की व्यवस्था पर चर्चा किया. उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस समारोह के परेड का अभ्यास घाटशिला के राजस्टेट फुटबॉल मैदान में 18 एवं 19 जनवरी को सुबह कराया जाएगा. छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत की जाने वाली झांकी के संबंध में चर्चा किया गया.

### विधायक ने किया क्लब भवन घेराबंदी का शिलान्यास

**बहरागोड़ा।** बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र के बहुलिया पंचायत अंतर्गत पाचांडो गांव में विधायक निधि से विधायक समीर कुमार मोहंती ने क्लब भवन के घेराबंदी का नारियल फोड़कर कर शिलान्यास किया .जिसमे विधायक ने बताया कि ग्रामीणों की मांग को देखते हुए तथा भवन की सुरक्षा की दृष्टि कौन से घेराबंदी अति आवश्यक था जिसका आज शिलान्यास कर पूरा किया गया.इस मौके पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष असित मिश्रा,मुखिया फनिभूषण मुंडा,पुनेन्दु नायेक, रबीन देहुरी,सुभाष दलाई,शिशिर दास,मिथुन नायेक,बासुदेव दलाई,आदि उपस्थित थे.

### बढ़ती ठंड को देखते हुए सांसद ने बांटे कंबल

**बहरागोड़ा।** बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र के बहुलिया पंचायत अंतर्गत बहुलिया गांव के ग्रामीणों ने द्वितीय वार सांसद रत्न से सम्मानित संसद विद्युत वरण महतो का आगमन होते ही माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया. तत्पश्चात भूतेश्वर मंदिर प्रांगण में आसपास के गांव से आए हुए ग्रामीणों के बीच बढ़ते ठंड को देखते हुए ठंड से राहत दिलाने के लिए संसद द्वारा असहाय ,वृद्ध, गरीब वर्ग के करीब 1500 लोगों को कंबल वितरण किया गया.वहीं उन्होंने कहा कि भाजपा हमेशा गरीबों के हित में काम करती है. कोरोना काल के समय भी गरीबों के बीच मास्क व बना- बनाया भोजन भी वितरण किया था.अब ठंड को देखते हुए कंबल वितरण किया गया.मौके पर सांसद प्रतिनिधि गौरव पुष्टि के साथ अन्य उपस्थित थे.

---

आचार संहिता लगने के बाद टेंडर प्रक्रिया से बचकर सफाई का ठेका पुरानी एजेंसी को करेंगे रिन्युअल

# स्वच्छता रैंकिंग में आदित्यपुर का 261वां स्थान

संवाददाता । आदित्यपुर




स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 की रैंकिंग में आदित्यपुर को 261वां स्थान मिला है. पिछली बार 150वां था. यहां सफाई के टेंडर में चल रही कमीशनखोरी का नतीजा है कि आदित्यपुर सफाई कार्य में लगातार पिछड़ रहा है. बता दें कि यहां 2021 से सफाई कार्य का टेंडर नहीं हुआ है. कमीशनखोरी के चक्कर में पुराने ठेकेदार को ही लगातार एक्सटेंशन दिया जा रहा है. इस वजह से सफाई कार्य चौपट हो गई है. आरटीआई कार्यकर्ता रविंद्र घोष ने आरोप लगाया है कि यहां का प्रबंधन आदर्श आचार संहिता लागू होने का इंतजार कर रहा है, ताकि आचार संहिता लगने के बाद टेंडर प्रक्रिया से बचकर सफाई की ठेका पुरानी एजेंसी को फिर से रिन्युअल कर सके. बता दें कि नगर निगम आदित्यपुर में 2021 से ही सफाई कार्य के लिए बहाल ठेकेदार को एक्सटेंशन देकर लगातार काम लिया जा रहा है. एजेंसी के द्वारा विभिन्न वार्डों में रेग्युलर तरीके से न तो सफाई कार्य किया जा रहा है न ही घर-घर कचरा उठाव ही हो रहा है. आरटीआई कार्यकर्ता ने आरोप लगाया कि उन्हें आरटीआई में लिखित रूप से जानकारी दी गई थी कि 3 महीने के अंदर फ्रेश टेंडर कर नए ठेकेदार को सफाई का टेंडर दिया जाएगा, लेकिन ऐसा नहीं किया जा रहा है. आदर्श आचार संहिता का इंतजार किया जा रहा है. 10 जानवरी को जारी देश भर के शहरों के स्वच्छता सर्वेक्षण में सरायकेला खरसावां जिले के आदित्यपुर को राज्य में 7वां रैंक हासिल हुआ, जबकि राष्ट्रीय स्तर पर आदित्यपुर को 261वां रैंक मिला है. जिले के कपाली को राज्य में 37वां और राष्ट्रीय स्तर पर 3767 रैंक हासिल हो पाया. वहीं पश्चिम सिंहभूम जिले के चाईबासा को झारखंड में तीसरा रैंक मिला, जबकि राष्ट्रीय रैंक 994 मिला है. चक्रधरपुर को राज्य में 11वां रैंक जबकि 1632वां रैंक राष्ट्रीय स्तर पर मिला. रांची जिले का बुंडू राज्य में नंबर वन रैंक पर रहा, लेकिन वह एक लाख से कम आबादी वाले में देश भर में 943 रैंक पर रहा. रांची झारखंड में दूसरे रैंक पर रहा, जबकि राष्ट्रीय स्तर पर 154वां रैंक रांची को मिला है. वहीं धनबाद राज्य में चौथे स्थान पर, वहीं राष्ट्रीय स्तर पर 215वां रहा.

**खास बातें**

- 2021 से सफाई कार्य का नहीं हुआ है टेंडर
- यहां सफाई के टेंडर में चल रही कमीशनखोरी

## आओ जानें

### सामान्य ज्ञान

- मुगल शासक जहांगीर को कहां दफनाया गया था – लाहौर
- अंडमान निकोबार द्वीप समूह कहां है – बंगाल की खाड़ी
- भारत की संविधान सभा की पहली बैठक कब हुई – 1946
- भारत का पहला क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक – प्रथमा बैंक
- भारत का सबसे प्राचीनतम संगीत-यंत्र – वीणा
- प्रेमचंद का अधूरा उपन्यास है – मंगलसूत्र
- टेबल टेनिस किस देश का राष्ट्रीय खेल है – चीन
- पहली भारतीय 3डी फिल्म का नाम – छोटा चेतन
- वन महोत्सव की शुरुआत किसने की थी – केएम मुंशी
- रेफ्रिजरेटर का आविष्कार किसने किया था – ओलिवर इवांस

---

अभाविप ने स्वामी विवेकानंद जयंती पर मनाया राष्ट्रीय युवा दिवस

# विवेकानंद के विचार को जीवन आत्मसात करे युवा : डॉ सरोज

संवाददाता। चांडिल



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद चांडिल नगर इकाई की ओर से शुक्रवार को स्वामी विवेकानंद जयंती के उपलक्ष पर राष्ट्रीय युवा दिवस समारोह का आयोजन किया गया. समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सिंहभूम कॉलेज चांडिल के प्राचार्य डॉ सरोज कुमार कैवर्त, चांडिल नगर इकाई के अध्यक्ष डॉ जेके सिंह, अभाविप एसएफडी के प्रांत सह संयोजक सनातन गोराई आदि ने विधिवत रूप से पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया. इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ सरोज कुमार कैवर्त को अभाविप की ओर से भारत चिन्ह् युवा मोमेंटो देकर स्वागत किया. समारोह में युवाओं के बीच भाषण प्रतियोगिता, संगीत आदि का आयोजन किया गया. संगीत व भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान बीए द्वितीय सेम के छात्रा राखी पोद्दार को मिला. उनको डॉ जेके सिंह द्वारा मोमेंटो व मेडल देकर सम्मानित किया गया. दूसरा स्थान पर यूजी सेम पांचवी की छात्र समीर महतो को प्रो अशोक महतो के द्वारा मोमेंटो व मेडल देकर सम्मानित किया गया.

**विवेकानंद के विचार युवाओं को नई दिशा देता है :** समारोह को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ सरोज कुमार कैवर्त ने कहा कि राष्ट्रीय युवा दिवस देश के प्रत्येक कॉलेज, विश्वविद्यालय माना रहा है. प्रेरणा स्रोत स्वामी विवेकानंद के विचारों की याद में और ऐसे कार्यक्रम युवाओं को नई दिशा की रास्ता दिखाता है. मौके पर डॉ जेके सिंह ने कहा कि युवाओं को पढ़ाई के साथ-साथ सेवा कार्य गतिविधि में आगे बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए. इस अवसर पर प्रो अशोक महतो ने कहा कि चांडिल क्षेत्र के विद्यार्थी को शिक्षा में विश्व पटल पर जाना है और हम सभी शिक्षक यही अभिलाषा रखते हैं. समारोह में सनातन गोराई ने कहा कि अभाविप विश्व का एक अलग और उत्कृष्ट संगठन है. अभाविप हमेशा से देश और समाज को एक अच्छा नेतृत्वकर्ता देने का काम किया हैं. कार्यक्रम में जिला सह संयोजक समीर महतो, प्रदेश कार्यकारणी सदस्य पूजा महापात्र, कॉलेज इकाई मंत्री विकाश महतो, शंभू मोदक, आशुतोष महतो, राखी पोद्दार, राजू हंसदा, पूनम महतो, अक्षय महतो, राजू माझी आदि उपस्थित थे.

## विश्व युवा दिवस पर शिशु विद्या मंदिर में प्रतियोगिता आयोजित

**चांडिल ।** चांडिल स्थित नौरंगराय सूर्यादेवी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में शुक्रवार को स्वामी विवेकानंद की जयंती धूमधाम से मनाई गई. इस अवसर पर विद्यालय के सुब्रत चटर्जी ने भैया-बहनों को स्वामी विवेकानंद के जीवन से जुड़ी महत्वपूर्ण बातें बताए. कार्यक्रम के सफल संचालन में सभी आचार्य और दीदीजी की भूमिका सराहनीय रही. विश्व युवा दिवस के अवसर पर विद्यालय में तरह-तरह के प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें चित्रांकन, निबंध और सुलेख प्रतियोगिता शामिल थी. प्रतियोगिता में शामिल सभी विजेता भैया-बहनों को पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया.

**इन्हें मिला पुरस्कार**

चित्रांकन में बच्चों ने अपने मन की भावनाओं को कागज पर उकेरा. पुरस्कार पाने वाले भैया-बहनों में अभिषेक महतो, भूमिका महतो, अजय पोद्दार, प्रति हलदार, महेश महतो, मनीष उरांव, सतीश दास, निरंजन दास, संजना तिवारी, मृण्मयी सिंह सरदार, विनीत कुमार, सूरज गोराई, प्रया कुमार, पार्वती सिंह, देवांक दास, निकिता महतो, सुशीला मुर्मू, बिक्रम सिंह सरदार, अनिमा मंडल, पंकज महतो, विष्णु महतो, बिभा महतो, ऋतिका महतो, सौरव दास, प्रवीण मंडल, मनीष महतो आदि शामिल हैं.

## निबंध और चित्रांकन प्रतियोगिता आयोजित

संवाददाता। घाटशिला



युवा दिवस के अवसर पर मॉडल स्कूल घाटशिला की ओर से विद्यालय परिसर में शुक्रवार को स्वामी विवेकानंद की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई. युवा दिवस के अवसर पर विद्यालय परिसर में विद्यार्थियों के बीच चित्रांकन प्रतियोगिता एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. इसके पहले विद्यार्थी एवं शिक्षक शिक्षको के द्वारा स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित की गई. विद्यालय के शिक्षक रमाकांत सेठ एवं बीएड प्रशिक्षु कुमारी आयुषी, बंदना एवं विद्यालय के कक्षा 10 की छात्रा अदिति गोप के द्वारा स्वामी विवेकानंद की जीवनी पर प्रकाश डाला गया. चित्रांकन प्रतियोगिता में सोनू कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि दूसरा स्थान मुधुमिता को मिला वहीं निबंध प्रतियोगिता में अदिति प्रथम, रूमा द्वितीय एवं मधुमिता को तृतीय पुरस्कार से नवाजा गया. समारोह के आयोजन में विद्यालय के अरुण कुमार, विश्वनाथ एवं विद्यार्थियों का अहम योगोदान रहा.

### कौशल विकास संस्थान में मना राष्ट्रीय युवा दिवस

**आदित्यपुर ।** आदित्यपुर स्थित पॉलीटेक्निक परिसर में अवस्थित राष्ट्रीय कौशल विकास संस्थान में शुक्रवार को स्वामी विवेकानंद की जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया गया. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एनआईटी के पूर्व सहायक निदेशक डॉ एसबीएल सक्सेना ने संस्थान के युवा छात्रों को समाजिक मूल्यों और धर्म शिक्षा पर के महत्व पर प्रकाश डालते हुए समझाया. वाहीन संस्थान के निदेशक डॉ बीके दुबे ने स्वामी विवेकानंद के स्लोगन उठो जागो और भागो की महत्ता छात्रों को समझाया. उन्होंने बताया कि हमें अपने कर्त्तव्य को समझना चाहिए और फिर लक्ष्य प्राप्ति का प्रयास करना चाहिए. मौके पर छात्रों ने स्वामी विवेकानंद के धर्म और शिक्षा आधारित मूल्यों पर त्वरित भाषण प्रतियोगिता में अपनी बातें रखी. जिसमें पहला स्थान कमलजीत पूर्ति, दूसरा स्थान अक्षय कुमार और तीसरा स्थान सुमन कुमारी को मिला.

## एसएसबीएम में राष्ट्रीय युवा दिवस पर विविध कार्यक्रम आयोजित



संवाददाता। बहरागोड़ा

सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बहरागोड़ा के वंदना सभा में शुक्रवार को सरस्वती वंदना के पश्चात आध्यात्मिक महापुरुष स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के सुअवसर पर राष्ट्रीय युवा दिवस अत्यंत हर्षोल्लाह के साथ मनाया गया. इस अवसर पर विद्यालय के भैया बहनों द्वारा स्वामी जी जीवनी के बारे में बताया गया. साथ ही गीत, नाटक कविता आदि प्रस्तुत किये. संकुल प्रधानाचार्य अशोक कुमार नायेक व वासुदेव प्रधान , आचार्य राखहरि कुंडू , गौरांग राणा ने स्वामी विवेकानंद के जीवन एवं चरित्र पर प्रकाश डालते हुए भैया बहनों को स्वामी जी के व्यक्तित्व की ओर आकृष्ट किये तथा उनकी चैतन्यदायिनी उक्तियों का अनुसरण कर अपना जीवन स्तर को संवारकर उन्नत करने के लिए प्रेरित किये. इस अवसर पर विद्यालय के सभी आचार्य- आचार्या के साथ साथ कक्षा प्रवेश से दशम तक के सभी विद्यार्थी उपस्थित थे.

---

## ईचागढ़ में कोल्हान सुपर लीग फुटबॉल मैच आयोजित

संवाददाता। चांडिल



टाटा स्टील फाउंडेशन की ओर से ईचागढ़ प्रखंड के चोगा स्थित शहीद अजित-धनंजय महतो विद्या निकेतन फुटबॉल मैदान में टाटा कोल्हान सुपर लीग फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. प्रतियोगिता के मौके पर मेघलाल महतो, उमाकांत महतो, क्षेत्रपति महतो, किरीटी भूषण महतो, प्रशांत महतो, पद्मोलोचन महतो, सुजित दत्त, कैलाश महतो, अनाथ महतो, गोपेश कुमार महतो, चंदन महतो, निशिकांत महतो आदि उपस्थित थे.

**जिला स्तर पर खेलेंगे विजेता :** प्रतियोगिता के बालक वर्ग में प्रथम गौरांगकोचा, द्वितीय यूएमएस बारदाडीह, तृतीय पुरस्कार जीनियस क्लासेस मिलन चौक, चतुर्थ पुरस्कार चिमटिया को मिला. वहीं बालिका वर्ग में प्रथम पुरस्कार शहीद अजित धनंजय महतो विद्या निकेतन चोगा, द्वितीय पुरस्कार एएन हाइस्कूल पिलीद, तृतीय पुरस्कार कुईडीह व चतुर्थ पुरस्कार हाड़ात को मिला. रोमांचकारी मैच में हुए विजेता टीम को जिला स्तर में खेलने का मौका मिलेगा. अतिथियों ने सभी विजेता टीम को ट्राफी, जर्सी, फुटबॉल व बैग देकर सम्मानित किया.

## बारीडीह में तीन साल में भी नहीं बन सकी 300 मीटर तक सड़क

संवाददाता । जमशेदपुर



बारीडीह में टाटा मणिपाल कॉलेज से बजरंग चौक तक 300 मीटर सड़क का चौड़ीकरण टाटा स्टील यूआईएसएल द्वारा किया जा रहा है. इस सड़क के निर्माण में कंपनी द्वारा मनमानी की जा रही है. इसका आरोप कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष बबलू झा ने लगाया है. शुक्रवार को वे कार्यस्थल पर पहुंचे और कार्य का जायजा लिया. उन्होंने बताया कि यह चौड़ीकरण का कार्य पिछले तीन-चार वर्षो से चलते आ रहा है. मौके पर मौजूद पोद्दार एवं मानव जी से बाते करने पर उन्हें बताया गया कि टाटा स्टील से पेमेंट नहीं होने के कारण कार्य काफी धीमी गति से चल रहा है और निरंतर ठेकेदार भी बदले जा रहे हैं.

**आगे की रणनीति बनायेंगे बस्ती के लोग :** बबलू झा ने बताया कि वर्तमान में बजरंग चौक पर पीछले एक महीनों से सड़क गड्ढा खोद कर छोड़ गया है, जिससे मुख्य सड़क काफी संकीर्ण हो गई है. बीती रात यहां दुघर्टना भी हो चुकी है. पिछले कई वर्षों से बारीडीह बस्तीवासी काफी परेशान है. खास कर सड़क किनारे दुकान लगाने वाले दुकानदारों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है. टाटा स्टील यूआईएसएल ने दुर्गा पूजा तक कार्य पूरा करने की बात बताई थी, लेकिन अब समय सीमा आगामी मार्च तक बताया जा रहा है.

## जीवन में लक्ष्य को निर्धारित कर युवा आगे बढ़ें : डॉ अमित

संवाददाता । जमशेदपुर

जमशेदपुर के गम्हरिया स्थित अरका जैन यूनिवर्सिटी की एनएसएस इकाई की ओर से शुक्रवार को स्वामी विवेकानंद की जयंती धूमधाम से मनायी गयी. युवा दिवस के उपलक्ष्य में विश्वविद्यालय के निदेशक डॉक्टर अमित श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि युवाओं को स्वामी विवेकानंद के विचारों को जीवन में आत्मसात और अपने लक्ष्य को निर्धारित कर समर्पित भाव से कार्य करना चाहिए. इस अवसर पर यूनिवर्सिटी के कैंपस निदेशक डॉ अंगद तिवारी ने कहा कि युवा आत्म मंथन करें और अपनी शक्ति को दिशा दें.


युवा दिवस के अवसर पर यूनिवर्सिटी की एनएसएस विंग और कॉमर्स एंड मैनेजमेंट विभाग के संयुक्त तत्वावधान में मुसरीकूदर स्थित प्राथमिक विद्यालय में बच्चों के बीच कॉपी, किताब और कलम का वितरण किया गया. एनएसएस को-ऑर्डिनेटर पारस नाथ मिश्रा ने बच्चों को शिक्षण समग्री देते हुए कार्यक्रम की शुरुआत की. पारस नाथ मिश्रा ने कहा की शिक्षा से ही समाज की सारी समस्याओं को दूर किया जा सकता है. अतः हमारा उद्देश्य प्रतिभाशाली बच्चों को शिक्षण सामग्री उपलब्ध करा कर उनका मनोबल बढ़ाना है. कार्यक्रम में डॉ राजीव सिन्हा, डॉ उर्वशी समेत सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं शामिल हुए.


---

चांडिल गोलचक्कर से पितकी तक वाहनों की लंबी कतार लगी

# जाम के झाम से चांडिलवासी परेशान

संवाददाता। चांडिल





वैसे तो चांडिल बाजार में सड़क जाम की समस्या अब आम बात हो गई है. चांडिल के लोगों को रोज ही सड़क जाम से रूबरू होना पड़ता है. शुक्रवार को भी सुबह से चांडिल बाजार का मुख्य सड़क जाम है. मुख्य सड़क पर पिछले 48 घंटे से वाहन रेंगते हुए चल रहे हैं. सड़क जाम ने लोगों का हाल बेहाल कर दिया है. चांडिल गोलचक्कर से पितकी तक वाहनों की लंबी कतार लगी हुई है. इसी बीच गुरुवार की रात चांडिल चौक बाजार में अज्ञात वाहन के पक्के से बिजली पोल क्षतिग्रस्त हो गया, जिससे तार टूट कर गिर गया. जिसके कारण क्षेत्र में बिजली आपूर्ति गुल है. हालांकि बिजली विभाग के गर्मी बिजली व्यवस्था सुचारु करने की जुगत में जुटे हुए हैं. वहीं दूसरी ओर चांडिल बस स्टैंड के पास एक ट्रक अनियंत्रित होकर नाली में घुस गया. ट्रक का पिछला भाग नाले में घुसने के कारण ट्रक सड़क किनारे टेढ़ा हो गया. इससे सड़क किनारे का मकान क्षतिग्रस्त होने से बाल बाल बच गया.

**बाजार पर पड़ रहा प्रतिकूल असर :** चांडिल मुख्य सड़क पर आए दिन हो रहे सड़क जाम का व्यापक असर स्थानीय बाजार पर पड़ रहा है. मकर संक्रांति के अवसर पर टुसू परब यहां का महत्वपूर्ण त्योहार है. ग्रामांचलों के लोग मकर परब के अवसर पर जमकर खरीदारी करते हैं. चांडिल बाजार में सड़क जाम होने के कारण लोगों को खरीदारी करने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. सड़क जाम से निजात पाने के लिए स्थानीय लोग कई बार पुलिस - प्रशासन से ट्रैफिक पुलिस देने की मांग करते आ रहे हैं. चांडिल बाजार अनुमंडल क्षेत्र का मुख्य बाजार है. यहां अनुमंडल क्षेत्र के वरीय पदाधिकारी के अलावा जनप्रतिनिधियों का आवागमन होता है. बावजूद इसके चांडिल में सड़क जाम समस्या का निदान नहीं हो पा रहा है.

### वरिष्ठ नागरिक सम्मान समारोह कल : पुरेंद्र

**आदित्यपुर।** आदित्यपुर-गम्हरिया विकास समिति द्वारा पुरेंद्र नारायण सिंह के नेतृत्व में 14 जनवरी को आदित्यपुर नगर निगम, वार्ड- 32 के वरिष्ठ नागरिकों सहित आम नागरिकों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया है. यह जानकारी संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए आदित्यपुर नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष पुरेंद्र नारायण सिंह ने दी है. पुरेंद्र नारायण सिंह ने बतलाया कि 14 जनवरी को दोपहर 2:00 बजे आदित्यपुर नगर निगम, वार्ड- 32 अंतर्गत रोड नंबर-15 मैदान, आदित्यपुर-2 में 60 वर्ष से ऊपर के अभिभावकों, माता-बहनों एवं आम नागरिकों को सम्मानित किया जाएगा. सम्मान समारोह में सभी आमंत्रित अभिभावकों को नव वर्ष 2024 की शुभकामनाओं के साथ-साथ गिफ्ट भी प्रदान किया जाएगा. कार्यक्रम के दौरान वार्ड- 32 की जन समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की जाएगी .

## झोलाछाप डॉक्टरों पर करें कार्रवाई : डीसी

संवाददाता। जमशेदपुर



उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग एवं समाज कल्याण विभाग के साथ समीक्षा बैठक की. बैठक में ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं को और बेहतर कैसे किया जाए इसपर विमर्श किया गया. उपायुक्त ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में कई बार झाड़-फूंक या झोलाछाप डाक्टर के चक्कर में फंसकर लोग जान तक गंवा देते हैं. प्रशासनिक व्यवस्था का हिस्सा होने के कारण हम सभी को इसे चुनौती की तरह लेते हुए लोगों को बेहतर इलाज उपलब्ध कराने के साथ-साथ जागरूक करने में भी अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी. उन्होने सभी एमओआईसी को निर्देशित किया कि लोगों को बेहतर इलाज की सुविधा देने के साथ-साथ काउंसिलिंग भी करें. साथ ही सूचनातंत्र को मजबूत करते हुए झोलाछाप चिकित्सकों पर निगरानी रखने एवं त्वरित कानूनी कार्रवाई किए जाने का निर्देश दिया.

उपायुक्त ने गर्भवती महिलाओं की एएनसी जांच पर बल देते हुए कहा कि जच्चा-बच्चा स्वस्थ रहे इसके लिए जरूरी है उनका एएनसी जांच कराना. उन्होने स्पष्ट निर्देश दिया कि सिर्फ एएनसी जांच ही नहीं बल्कि डिलिवरी होने तक गर्भवती माताओं को फॉलो करें. सभी एमओआईसी एवं सीडीपीओ को निर्देश दिया गया कि सेविका एवं सहिया के माध्यम से हरेक गर्भवती महिला को फॉलो करें. डिलीवरी जिला के अंदर किसी अस्पताल में हो या पड़ोसी जिला, पड़ोसी राज्य में बस ये सुनिश्चित करें कि संस्थागत प्रसव ही हो. बैठक में उप विकास आयुक्त मनीष कुमार, सिविल सर्जन डॉ जुझार माझी, एसीएमओ डॉ जगेश्वर प्रसाद, जिला मलेरिया पदाधिकारी डॉ ए मित्रा, डीआरसीएचओ डॉ रंजीत पांडा, डीटीओ डॉ ओ. पी. केशरी, डीएलओ डॉ मृत्युंजय धावड़िया, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी संध्या रानी, सभी एमओआईसी, सीडीपीओ, डीपीसी, डीडीएम उपस्थित थे.

# बजट की तैयारी

अगले माह विधानसभा में सरकार वर्ष 2024- 25 का बजट पेश करेगी. इसकी तैयारी की जा रही है. इसी साल लोकसभा के चुनाव भी होने हैं. इसलिए इस वर्ष का बजट सरकार और आम जनता दोनों के लिए खास है. इस समय राज्य कई समस्याओं से जुझ रहा है. लंबे अर्से से विभिन्न विभागों में रिक्त पद भरे नहीं जा सके हैं. स्कूलों- कॉलेजों में शिक्षकों की कमी से पढ़ाई प्रभावित हो रही है. समय पर परीक्षा और रिजल्ट का प्रकाशन नहीं होने के कारण युवा अन्य राज्यों में पलायन को मजबूर हैं. राज्य में बहुत सारी योजनाएं चल रही हैं. बहुत सारे काम हुए हैं, लेकिन अब भी कई योजानाएं लंबित हैं. इधर हाल के महीनों में खाद्यय सामग्री की कीमते काफी बढ़ी हैं. साथ ही साथ फल और सब्जियों की कीमतों में भी काफी इजाफा हुआ है. इन सब वजह से आम आदमी को घर चलाने में मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है. सभी वर्गों को इस बार के बजट से काफी आशाएं हैं. इसलिए भी सरकार के लिए इस बार का बजट काफी चुनौती भरा है. आमलोगों का कहना है कि सरकार सबसे पहले चीजों के बढ़ते दामों पर अंकुश लगाए. शुभम संदेश की टीम ने बजट पर लोगों की राय जानी है. पेश है रिपोर्ट.

# बढ़ती कीमतों पर अंकुश लगाए सरकार




- सरकार वर्ष 2024- 25 का बजट तैयार करने में जुटी
- रिक्त पद भरे जाएं, नए रोजगार का सृजन हो
- चुनावी वर्ष के कारण सरकार पर चौतरफा दबाव
- हर वर्ग को सरकार से बजट में रियायत की आशा
- महंगाई से आमलोगों को घर चलाना हो रहा मुश्किल

## लातेहार

### बजट में सभी वर्गों का ध्यान रखा जाना चाहिए: प्रीति भारती

वरीय शिक्षिका प्रीति भारती ने कहा कि बजट में सभी वर्गों का ख्याल रखा जाना चाहिए. खासकर निम्न और मध्यम वर्गीय परिवारों के ही तो में ध्यान में रखकर बजट में प्रावधान किया जाना चाहिए. आज



सबसे बड़ी परेशानी है महंगाई की है. खाद्यान्न से लेकर दैनिक उपयोग की सामग्रियों की मूल्य दिन प्रतिदिन बढ़ते जा रहे हैं. इससे आम आदमी परेशान है. रसोई,गैस,डीजल और पेट्रोल के मूल्य भी आसमान छू रहे हैं. सरकार को इस पर अंकुश लगाना चाहिए.

### लोक लुभावन बजट नहीं होना चाहिए: उज्जवल यादव

ग्रामीण डाक सेवक उज्जवल यादव ने कहा कि बजट को लोक लुभावन नहीं होना चाहिए. बल्कि बजट में समाज के सभी लोगों को ध्यान में रखकर योजनाएं तैयार की जानी चाहिए. आज



आम आदमी महंगाई से त्रस्त है. किसानों को उनकी उपज का सही दाम नहीं मिल पा रहा है. किसानों को रियायत दर पर कृषि उपकरण एवं खाद बीज समय पर उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल होना चाहिए.

### शिक्षा और स्वास्थ्य पर जोड़ देना होगा : पवन ओझा

ग्रामीण डाक सेवक पवन ओझा ने कहा कि सरकार को शिक्षा और स्वास्थ्य पर विशेष जोर देना चाहिए. आज भी ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं नहीं मिल पा रही है. पूरे राज्य के



अस्पतालों में चिकित्सकों की घोर कमी है. इसी प्रकार विद्यालयों में भी विषयवार शिक्षक नहीं होने के कारण छात्रों को परेशानी हो रही है. इसका असर छात्रों के परीक्षा परिणाम पर पड़ रहा है. सभी विद्यालयों में विषयवार शिक्षक होने से छात्रों का परीक्षा परिणाम अच्छा आएगा.

## जमशेदपुर

### बजट से शिक्षकों को ढ़ेर सारी उम्मीदें : अब्दुल सलीम

मानगो निवासी शिक्षक अब्दुल सलीम ने बताया कि इस बजट से शिक्षकों को कई उम्मीदें हैं. शिक्षकों को उम्मीद है कि राज्य सरकार बजट में शिक्षकों के लिए कुछ खास पेश करेगी. वहीं शहर में सड़क



जाम भी एक बड़ी समस्या है. आए दिन मानगो की सड़क जाम रहती है. सरकार द्वारा मानगो से साकची मरीन ड्राइव चौक तक फ्लाईओवर बनाने का फैसला किया गया था जो अब तक धरातल पर नहीं उतरा है. संभवतः सरकार इस बजट में जाम से निजात दिलाने का बजट पेश करे.

### पानी की समस्या दूर करे सरकार : रणवीर सिंह

साकची निवासी रणवीर सिंह ने बताया कि शहर में सबसे ज्यादा पानी की समस्या रहती है. हर साल शहर में पानी के लिए हाहाकार मचता है. लोगों को पीने के पानी की समस्या कई वर्षो



से है. राज्य सरकार द्वारा जो भी बजट पेश हो उसमें पानी को लेकर बजट में खास प्रावधान होना चाहिए. लोग उम्मीद भी कर रहे हैं कि इस बार जिले में पानी की समस्या के निजात के लिए बजट में कुछ योजनाएं जरुर शामिल किए जाएंगे.

### घरेलू सामान के दामों में कमी लाए : किरण देवी

मानगो निवासी किरण देवी ने बताया कि सरकार घरेलू सामान के दामों में कमी करे. रसोई गैस के दामों में अधिक बढ़ोत्तरी हुई है जिससे आम जनता काफी परेशान है. इसके अलावे पेट्रोल, डीजल पर राज्य



सरकार द्वारा लगाया टैक्स भी घटाया जाय ताकि लोगों को कम दाम में पेट्रोल व डीजल मिले. स्वास्थ्य सेवा, बिजली, पानी तथा सड़कों की स्थिति में सुधार लाने के लिए प्राथमिकता देनी चाहिए. जिससे क्षेत्र व आम जनता के विकास की परिकल्पना सार्थक हो पाएगी.

### बजट में शिक्षक बहाली का प्रावधान हो : नजरूल इस्लाम

नजरूल इस्लाम ने बताया कि स्कूलों में शिक्षकों की काफी कमी है. शिक्षक बहाली को लेकर बजट में खास महत्व दिया जाय ताकि नये शिक्षकों की बहाली हो सके. इससे शिक्षा व्यवस्था में सुधार आएगी.



सरकारी विद्यालयों में मिलने वाली सुविधाओं की गुणवत्ता को बढ़ाई जाए ताकि लोगों का भरोसा सरकारी स्कूलों पर बढ़े और लोग अपने बच्चों को पढ़ने के लिए सरकारी स्कूलों में भेंजे. सरकारी स्कूलों की स्थिति में सुधार होने से आम लोगों का काफी सुविधा होगी.

### शिक्षा, ऊर्जा, स्वास्थ्य विभाग का बजट बढ़े : फैजाद आलम

बजट के बारे में फैजाद आलम का कहना है कि पंचायती राज विभाग, ऊर्जा विभाग, स्वास्थ्य विभाग और शिक्षा विभाग के बजट में बढ़ोतरी होनी चाहिए. क्योंकि यह वह जरूरत है. जिसके मदद से



सरकार गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वालों को राहत मिलेगी. पंचायती राज के मदद से पंचायतों में आर्थिक सुधार होगा. ऊर्जा विभाग में बढ़ोतरी होने से गांव गांव तक बिजली पहुंचेगी जिससे वहां के लोग अपना छोटा आधुनिक व्यवसाय संचालित कर पाएंगे.



## रांची

### क्षेत्रीय जनजातीय भाषा को देना चाहिए विशेष महत्व - प्रो. डॉ. अवध बिहारी महतो



मारवाड़ी कॉलेज के प्रोफेसर डॉ. अवध बिहारी महतो ने बताया कि आगामी बजट में सरकार को क्षेत्रीय जनजातीय भाषा को विशेष महत्व देना चाहिए ताकि दुर्गम और पहाड़ी क्षेत्रों में निवास करने वाले जनजातीय समुदाय को अपनी मातृ भाषा में पढने लिखने का अवसर प्राप्त हो सके. चूंकि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में भी लोगों को अपनी मातृ भाषा में शिक्षा की बात कही गई है, इसलिए राज्य सरकार को शिक्षा पर बजट बढ़ानी चाहिए. वहीं योग्य और होनहार छात्र संसाधानों के अभाव में पढाई से वंचित न हो इसलिए सरकार को इस संदर्भ में ठोस कदम उठानी चाहिए. वहीं बेमौसम बरसात की वजह से किसानों की फसल बर्बाद होने के कारण उन्हें राहत और मुआवजा मिलना चाहिए.

### गरीब छात्रों के लिए परीक्षा शुल्क में मिलनी चाहिए विशेष छूट: अमित चौधरी



मारवाड़ी कॉलेज के एक अन्य प्रोफेसर अमित चौधरी ने बताया कि शिक्षा बजट में ऐसे प्रावधान होने चाहिए जिसमें किसान और गरीबों के बच्चें भी अपने टैलेंट के दम पर अपना स्थान बना सकें. इसके साथ ही गरीब छात्रों के लिए परीक्षा शुल्क सहित अन्य आर्थिक अड़चनों को दूर करना चाहिए. 2024-25 का बजट झारखंडी जनता और युवाओं की प्राथमिकता और उनकी आकांक्षाओं के अनुरुप हो. जहां उनकी शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार से जुड़ी बातों का ध्यान रखा जाना चाहिए. सरकार को कृषि एवं इससे जुड़ी आधारभूत संरचनाओं पर अधिक बल देते हुए बजट बनना चाहिए. कोशिश हो कि किसानों को कम कीमत पर खाद और बीज मिल सके.

## गोड्डा

### टैक्स स्लैब में बदलाव की उम्मीद : मो मुजाहिद इस्लाम

अराजपत्रित कर्मचारी संघ के महासचिव सह अनुसचिवय कर्मचारी मो मुजाहिद इस्लाम कहते है कि हम सरकारी कर्मचारियों को यह उम्मीद है कि सरकार अपने बजट में टैक्स स्लैब का बदलाव कर



छूट देने का काम करेगी.टैक्स की सीमा में छूट दिए जाने से हम कर्मचारियों को लाभ मिल सकेगा. इसी उम्मीद के साथ हम लोग बजट का इंतजार भी करते हैं उम्मीद है चुनावी वर्ष होने की वजह से इस वर्ष यह लाभ मिलेगा. साथ ही महंगाई पर भी लगाम लगनी चाहिए.

### गांवों, किसानों के लिए हो बजट में प्रावधान : राजू चौबे

सरकारी कर्मचारी राजू राजू चौबे कहते हैं कि बजट में कुछ तथ्यों का अपडेट करना जरूरी है. जैसे शिक्षा और छात्रावास पर जो छूट मिलती है, इसमें इसके रेट में अभी भी बीस वर्ष पुराना दर ही चला



आ रहा है. जिसमें बदलाव किए जाने की आवश्यकता है. शिक्षा मद में सौ रुपया और छात्रावास मद में तीन सौ चल रहा है. जबकि वर्तमान में यह राशि हजार में है. इसके साथ ही सरकार को गांवों के विकास और किसानों के लिए बजट में प्रावधान करना चाहिए.

### 80 सी और 80 डी में बदलाव हो : विजय भगत

सरकारी कर्मी विजय भगत बताते हैं कि आयकर सीमा में 80 सी के तहत मिलने वाली छूट की सीमा को बढ़ाया जाना चाहिए. इस धारा के तहत बचत योजनाओं में किए गए निवेश शामिल हैं. किसान विकास



पत्र, इंदिरा विकास हो इसमें एलआईसी प्रीमियम की राशि शामिल होती है. इस बचत योजनाओं में निवेशित राशि पर छूट मिलती है. इसकी सीमा को बढ़ाया जाना चाहिए क्योंकि समय के अनुसार महंगाई बहुत बढ़ गई है. इसमें हो रही कटौती पर लाभ बढ़ाया जाना चाहिए.

## गिरिडीह

### झारखंड सरकार के बजट से काफी उम्मीद : शंकर हजाम

धनवार प्रखंड के शंकर हजाम ने कहा कि आम लोगों को झारखंड सरकार के इस बजट से काफी उम्मीद है . राज्य



सरकार को आम लोगों के हित में बजट लाना चाहिए . साथ ही राज्य के कर्मचारियों के लिए भी इस बजट में प्रावधान होना चाहिए. खासकर टैक्स के मामले पर सरकार को ध्यान देना चाहिए. इससे नौकरी करने वालों को काफी राहत मिलेगी.

### शिक्षा, स्वास्थ्य पर ध्यान देने की जरूरत : सुजीत कुमार

जिले के गावां प्रखंड के सुजीत कुमार ने कहा कि राज्य सरकार को आगामी बजट में शिक्षा और स्वास्थ्य का ध्यान रखने की जरूरत है



. जिले के कई सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की कमी है. इन स्कूलों में शिक्षकों की कमी दूर हो सके. इस दिशा में राज्य सरकार को आवश्यक कदम उठाना चाहिए. शिक्षकों की कमी की वजह से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होती है. काफी पद रिक्त हैं उसे भरना चाहिए.

### शिक्षा के क्षेत्र में गुणात्मक सुधार की जरूरत : दिगंबर

शिक्षक संघ के जिला सचिव दिगंबर प्रसाद दिवाकर ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा ऐसा बजट लाया जाय जिसमें शिक्षा के



क्षेत्र में गुणात्मक सुधार होने की गुंजाइश हो . इस प्रकार का प्रावधान लाने के बाद ही शिक्षा के स्तर में सुधार हो सकता है . उन्होंने बताया कि इस समय राज्य के स्कूलों, कॉलेजों में शिक्षकों के रिक्त पद पड़े हैं. इन्हें शीघ्र भरा जाना चाहिए.

### जल, जंगल और जमीन की रक्षा जरूरी : पंकज कुमार

डुमरी प्रखंड के पंकज कुमार सिन्हा ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा ऐसा बजट लाना चाहिए, जिसमें जल, जंगल और जमीन की सुरक्षा हो सके. उनका कहना है कि राज्य



में रोजगार की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण 35 प्रतिशत बेरोजगार पलायन को विवश हैं. साथ ही विकास के काम भी प्रभावित हो रहे हैं. बजट में यह प्रावधान हो कि इन समस्याओं का समाधान किया जा सके.

## धनबाद

### हवाईअड्डे की मांग का समाधान बजट में किया जाए : नीलकमल

धनबाद रेल मंडल के ईसीआरकेयू ब्रांच- 2 के अध्यक्ष नीलकमल खवास ने कहा धनबाद में सबसे बड़ी समस्या यातायात की है. जिस तरीके से इस शहर का विकास हुआ



उस हिसाब से लोगों को सुविधाए नहीं मिल रही है. यहां सबसे बड़ी समस्या हवाई यात्रा की है, जो अभी तक पूरी नहीं हुई है. राज्य सरकार से इस बजट में उम्मीद करेंगे कि धनबाद में हवाईअड्डा के लिए अलग से बजट बनाए. विधानसभा चुनाव से पूर्व इसे पूरा भी करे. धनबाद के लोग आज गांव घर तक ही सीमित नहीं रह गए, बच्चों की पढ़ाई लिखाई से लेकर इलाज के लिए इन्हें रेल यात्रा पर निर्भर रहना पड़ता है, समय पर काम पूरा नहीं हो पाता है. इसलिए आज की तारीख में यह सेवा बेहद जरूरी हो गयी है.

### समान काम के लिए समान राशि को बजट में करे शामिल: संजूत सहाय

झारखंड राज्य चिकित्सा एवं जन स्वास्थ्य कर्मचारी संगठन के प्रदेश महासचिव संजूत सहाय ने कहा कि हमलोग चिकित्सा कार्य में लगे अनुबंध कर्मियों की मांग को लेकर



सरकार को घेरने का काम कर चुके हैं. लेकिन हमारी मांग अभी तक पूरी नहीं हुई है. जबकि सुप्रीम कोर्ट भी यह कह चुका है कि समान काम के लिए समान राशि सभी कर्मियों को मिलना चाहिए. इस बार पेश होने वाले बजट में सरकार इसे शामिल करे. इसके अलावा सहिया जो स्वास्थ्य सेवा की रीढ़ मानी जाती है, उनका मानदेय भी बढ़ा कर कम से कम 10 हजार रुपए करना चाहिए. ऐसे हमलोग प्रत्येक सहिया के लिए 15 हजार रुपया प्रति माह मानदेय की मांग कर चुके हैं. सरकार को बजट में इस पर भी विचार करने की जरूरत है.

- स्कूल-कॉलेजों में रिक्त पड़े पदों को भरे सरकार ताकि पढ़ाई प्रभावित न हो सके
- सभी जिले की प्रमुख समस्याओं के समाधान का बजट में किया जाए प्रावधान
- कई शहर जाम की समस्या से जूझ रहे हैं, सड़क, फ्लाई ओवर का किया जाए निर्माण

### योजना और गैर योजना मद के शिक्षकों का हो भुगतान: जय होरो

झारखंड माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला सचिव जय होरो ने कहा कि राज्य सरकार ने योजना मद के शिक्षकों के स्वीकृत पद को गैर योजना में शामिल कर दिया है. इन दोनों



योजनाओं में कार्य में लगे सरकारी शिक्षकों का वेतन भुगतान समय पर हो, सरकार इसके लिए इस बजट में राशि की व्यवस्था करे, ताकि शिक्षकों को हर माह आर्थिक तंगी का समाना नहीं करना पड़े. अभी तक भुगतान को लेकर सरकार का रवैया शिथिल रहा है, जिसके कारण शिक्षकों को कई सारी परेशानियों का समाना करना पड़ रहा है. सरकार को इस ओर ध्यान देने की जरुरत है. ताकि शिक्षकों को परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े. इस बजट से उन्हें काफी आशा है.

### राज्य सरकार को इस बार शिक्षा का बजट बढ़ाना चाहिए: संजय कुमार

अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष संजय कुमार ने कहा कि राज्य सरकार को इस बार अपने बजट में शिक्षा का बजट बढ़ाना चाहिए, ताकि शिक्षा



से जुड़ी मूलभूत आवश्यकताएं पूरी हो सके. नई पीढ़ी को आधुनिक शिक्षा का बेहतर लाभ मिले. इसके अलावा प्रत्येक विद्यालय में लिपिक, आदेशपाल और स्वीपर के पद रिक्त हैं, उसे भी इस बजट में शामिल कर पूरा करने का काम होना चाहिए. कर्मचारियों की कमी के कारण कामकाज प्रभावित होते हैं. सरकार को चाहिए कि राज्य के विभिन्न विभागों में जितने भी रिक्त पद हैं उन्हें प्राथमिकता के तौर पर भरा जाए. जिससे कि कामकाज सुचारु रुप से हो सके और राज्य का विकास तेजी से हो.

## आदित्यपुर

### स्वास्थ्य, शिक्षा और सड़क पर आधारित बने बजट : फूलकांत झा

फेयर प्राइस डीलर एसोसिएशन के प्रदेश सचिव फूलकान्त झा का कहना है कि राज्य का बजट पेश होने वाला है, जिससे राज्य की करीब साढ़े 3 करोड़ जनता की उम्मीदें बंधी हैं.



मेरी मांग है कि झारखंड में ट्रिपल (एस) को ध्यान में रखकर स्वास्थ्य, शिक्षा और सड़क पर आधारित योजनाएं बने और झारखंड के पुरोधा के नाम पर योजनाओं का नामाकरण हो. जैसे यहां के पुरोधा रहे विनोद बिहारी पांडेय और केबी सहाय के नाम योजनाओं का नामांकरन किया जाय. आदित्यपुर और गम्हरिया में सड़कों की स्थिति सुधारने के साथ साथ यहां फ्लाई ओवर की योजनाएं बने, बायपास सड़कें बने, औद्योगिक क्षेत्र के लिए ट्रक पार्क और बस टर्मिनल की आवश्यकता है. मेरी मांग है कि सरकार इसका प्रावधान इस साल के बजट में जरूर करे.

### बायपास सड़कें और फ्लाई ओवर का बनना जरुरी है : नरेंद्र प्रसाद

आदित्यपुर अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अधिवक्ता नरेंद्र प्रसाद कहते हैं कि जिस कदर महंगाई बढ़ रही है उसे देखते हुए राज्य सरकार को अपने राज्य की जनता का ख्याल



रखते हुए अपने टैक्ससेशन में रियायत का एलान करना चाहिए. चूंकि यहां की जनता अधिकतर मजदूर, किसान और नौकरीपेशा वाले हैं. साथ ही सरकार को सड़क, सिंचाई और शिक्षा के लिए योजनाएं बनानी चाहिए. आदित्यपुर एक औद्योगिक शहर है यहां के लिए बायपास सड़कें और फ्लाई ओवर बहुत जरूरी हो गया है, सड़क दुर्घटनाओं पर गौर करें तो यहां हर साल तकरीबन 100 लोग सड़क दुर्घटना में मारे जाते हैं, जिसकी वजह यहां भारी वाहनों का आवागमन है, जिसकी व्यवस्था सरकार को करनी चाहिए.

## चक्रधरपुर

### समय पर सरकारी कर्मचारियों के वेतन का हो भुगतान: मार्टिन मुर्मू

चक्रधरपुर के बाल विकास परियोजना केंद्र के प्रधान लिपिक मार्टिन मुर्मू ने कहा कि बजट में राज्य सरकार के सरकारी कर्मचारियों पर भी ध्यान दिया जाना चाहिए.



राज्य सरकार समय पर सरकारी कर्मचारियों का वेतन का भुगतान करें. आवंटन नहीं होने के कारण कई महीनों का वेतन लंबित छोड़ दिया जाता है. जिससे कर्मचारियों को घर-परिवार चलाने में परेशानियों का सामना करना पड़ता है.बजट के दौरान राज्य सरकार के कर्मचारियों पर ध्यान नहीं दिया जाता है. राज्य सरकार वेतन भुगतान संबंधित कार्यों पर ध्यान देने की आवश्यकता है. यह बजट सरकार और आम लोगों के लिए भी काफी महत्वपूर्ण है. इसलिए सरकार सोच समझ कर बजट पेश करे.

### खाद्यान्न और सामान के दाम में हो रही बढ़ोतरी पर रोक लगे: ललन उरांव

चक्रधरपुर के केरा वन प्रक्षेत्र पदाधिकारी ललन उरांव ने कहा कि बजट महंगाई को ध्यान में रखकर तैयार किया जाए. बढ़ती महंगाई पर अंकुश लगाया जाय. खासकर



खाद्यान्न के दाम में वद्धि न हो. साथ ही सरकारी विभागों में रिक्त पड़े पदों पर बहाली होनी चाहिए, इससे राज्य के बेरोजगार युवा नौकरी के लिए इधर-उधर नहीं भटकेंगे. बजट जन कल्याणकारी होना चाहिए, ताकि इसे सभी को लाभ मिल सके. खासकर ग्रामीण क्षेत्र के विकास पर ध्यान दिया जाना चाहिए. इसके अलावा किसानों के लिए भी बजट में प्रावधान किए जाने की जरुरत है. उन्हें सस्ते दरों पर बीज और अन्य सामान उपलब्ध कराने के बारे में सरकार को विचार करना चाहिए.

### किसानों को सहजता के साथ मिले योजनाओं का लाभ:दिलीप कुमार

चक्रधरपुर के प्रखंड कृषि पदाधिकारी दिलीप कुमार महतो ने कहा कि राज्य सरकार के बजट में किसानों पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है. किसानों को सहजता से



कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिलना चाहिए.वहीं किसानों के लिए सिंचाई की बेहतर व्यवस्था की जानी चाहिए. राज्य सरकार का बजट संतोषजनक हो, इससे सभी लोगों को लाभ मिलेगा. बजट हर वर्ग के लोगों को ध्यान में रखकर तैयार किया जाना चाहिए. चुनावी वर्ष होने के कारण सरकार पर काफी दबाव है. हालांकि सरकार चाहती है कि बजट संतुलित हो.इसमें सभी वर्गों के लोगों को कुछ न कुछ लाभ जरुर मिले. वैसे सरकार के लिए यह कार्य चुनौती भरा है. पर उसकी कोशिश संतुलित बजट पेश करने की है.

# कानून की हुक्मरानी

सर्वोच्च अदालत का इंसाफ उन लोगों के लिए राहत की बात है, जो सत्ता संपोषित ताकतों के साथ कानून की हुक्मरानी लागू होते देखना पसंद करते हैं. इसके साथ ही एक बडी गलती को सुधारते हुए सुप्रीम कोर्ट ने बिलकिस बानो मामले में उम्रकैद की सजा पाए ग्यारह दोषियों को सजा में छूट देने के गुजरात सरकार के फैसले को रद्द कर दिया है. गुजरात में वर्ष 2002 के दंगों के दौरान गर्भवती बिलकिस के साथ सामूहिक दुराचार और उसके परिवार के सात सदस्यों की हत्या कर दी गई थी. इन जघन्य अपराधों के लिए ग्यारह लोगों को उम्रकैद की सजा दी गई थी, जिन्हें वर्ष 2022 में चौदह साल की सजा पूरी होने पर रिहा कर दिया गया था. दरअसल, गुजरात सरकार ने उम्रकैद की सजा के मामले में अपराधियों को छूट देने वाली 1992 की नीति के आधार पर यह रिहाई की थी, जबकि वर्ष 2014 में नई नीति ने जघन्य अपराधियों की रिहाई पर रोक लगाई थी. निश्चित रूप से शीर्ष अदालत का फैसला गुजरात सरकार की विश्वसनीयता और निष्पक्षता पर सवाल उठाता है. दरअसल, राज्य सरकार ने शीर्ष अदालत में दलील दी थी कि सजा पाने वाले लोगों ने जेल में 14 साल पूरे कर लिये थे, उनका आचरण अच्छा पाया गया तथा केंद्र सरकार ने समयपूर्व रिहाई के संबंध में सहमति दी थी. हालांकि, सीबीआई ने तर्क दिया था कि अपराध की गंभीरता को देखते हुए दोषियों के साथ कोई रियायत नहीं बरती जानी चाहिए.

> रिहाई के फैसले ने राज्य सरकार के कल्याणकारी स्वरूप व निष्पक्षता पर भी सवाल उठाए. आरोप है कि राज्य सरकार ने जेल में रहने के दौरान भी दोषियों को लंबे-लंबे समय के लिये पेरोल पर बाहर आने की इजाजत दी थी.

लेकिन इसके बावजूद उन्हें रिहा कर दिया गया था. इतना ही नहीं, गोधरा उप-जेल से बाहर निकलने के बाद दोषियों का माला पहनाकर अभिनंदन तक किया गया था. दरअसल, उम्रकैद की सजा पाए लोगों को समय से पहले रिहा करने के खिलाफ पीड़िता ने सुप्रीम कोर्ट में अपील की थी. आखिरकार उसे न्याय मिला, बल्कि इससे खुद सर्वोच्च न्यायालय की गरिमा फिर स्थापित हुई. समाज में व्याप्त अन्याय के खिलाफ न्याय की उम्मीद से लोग अदालतों का दरवाजा खटखटाते हैं. निस्संदेह, इस मामले में गठित खंडपीठ ने सही मायनों में कानून के शासन को ही प्रतिष्ठा दी है. उसने शीर्ष अदालत के मई, 2022 में दिये गए फैसले को भी पलटा है, जिसमें गुजरात सरकार के छूट देने के अधिकार को मान्यता दी गई थी. यह सामान्य विवेक की बात है कि तमाम दलीलों के बावजूद सामूहिक बलात्कार व हत्या जैसे जघन्य अपराधों के दोषियों को समय से पहले रिहाई नहीं दी जानी चाहिए. रिहाई के फैसले ने राज्य सरकार के कल्याणकारी स्वरूप व निष्पक्षता पर भी सवाल उठाए. आरोप है कि राज्य सरकार ने जेल में रहने के दौरान भी दोषियों को लंबे-लंबे समय के लिये पेरोल पर बाहर आने की इजाजत दी थी. बहरहाल, अब दोषी दो हफ्ते के भीतर आत्मसमर्पण करेंगे और पूरी सजा होने तक जेल में ही रहेंगे. पीड़िता के अधिकार को महत्वपूर्ण मानने से सही मायनों में उसे न्याय मिल पाया.

## सुभाषित

**अधमाः धनमिच्छन्ति धनं मानं च मध्यमाः।**
**उत्तमाः मानमिच्छन्ति मानो हि महताम् धनम् ।।**

निम्न कोटि के लोगों को सिर्फ धन की इच्छा रहती है, ऐसे लोगों को सम्मान से मतलब नहीं होता. एक मध्यम कोटि का व्यक्ति धन और सम्मान दोनों की इच्छा करता है, वहीं एक उच्च कोटि के व्यक्ति के सम्मान ही मायने रखता है. सम्मान धन से अधिक मूल्यवान है.

# संकल्प यात्रा बनाम न्याय यात्रा

**विकसित भारत संकल्प यात्रा हो कि भारत न्याय यात्रा, दोनों का अघोषित उद्देश्य राजनीतिक ही है. अपनी-अपनी राजनीति साधने लिए महिमामंडित कर ये यात्रा कांड अंजाम दिये जा रहे हैं. राजनीति करनेवाले आखिरकार राजनीति ही करेंगे. आज की तारीख में भाजपा देश की सबसे बड़ी पार्टी है. गांव-गांव तक उसने पहुंच बना ली है. उसके पास कार्यकर्ताओं की टोलियां हैं और कुछ अन्य संगठनों के समर्पित सक्रिय सहयोग है.**



• देश-काल



श्याम किशोर चौबे

संकल्प यात्रा से कहीं आप वह वाली यात्रा न समझ बैठें, जिसे झारखंड प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने निकाली थी. उनकी यात्रा तो पिछले साल अक्टूबर में ही पूरी हो गई थी. उसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 नवंबर 2023 से विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रारंभ करायी, जिसका समापन 25 जनवरी को होगा. संयोग ही है कि यह यात्रा झारखंड से प्रारंभ की गई थी. उसके 40 घंटे बाद मध्यप्रदेश के कुछ इलाकों और छत्तीसगढ़ में मतदान होनेवाला था. उस चुनाव में भाजपा विजयी रही थी. मोदी महोदय बिरसा मुंडा के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में उनके गांव उलिहातू गये थे और वहीं से यात्रा की शुरुआत हुई थी. जबतक यह यात्रा समाप्त होगी, अयोध्या में नवनिर्मित राम मंदिर का लोकार्पण, जैसा माहौल बन रहा है, शंकराचार्यों के बगैर भी हो चुका रहेगा. उसके बाद तो खैर, जैसे मौसम में गर्मी की दस्तक होने लगेगी, वैसे ही देश भर में लोकसभा का चुनावी माहौल गर्म होने लगेगा. दूसरी तरफ कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ऐन मकर संक्रांति के अवसर पर 14 जनवरी को मणिपुर से भारत जोड़ो यात्रा का दूसरा चरण भारत न्याय यात्रा प्रारंभ करनेवाले हैं. पदयात्रा का पहला चरण उन्होंने 07 सितंबर 2022 को प्रारंभ किया था. वह यात्रा कन्याकुमारी से श्रीनगर-कश्मीर तक यानी दक्षिण से उत्तर तक प्रायः 4080 किलोमीटर की थी. वह पदयात्रा देश के 12 राज्यों के 75 जिलों को कवर करते हुए 136 दिनों तक चली थी. इस यात्रा के दौरान कांग्रेस ने हिमाचल विजय की थी और इसके बाद कर्नाटक में भी उसको जीत मिली थी. अबकी बार की यात्रा के डेढ़ महीने पहले कांग्रेस छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश और राजस्थान में पराजित रही, जबकि इस यात्रा की कालावधि में लोकसभा चुनाव पड़ेगा. ये तीनों चुनाव बताते हैं कि हश्र कौन जानता है लेकिन मोदी वक्त की नब्ज पकड़ना जानते हैं. चुनावों के विषय में परिस्थितियां भांपकर अंदाज ही तो लगाया जाता है. इस बार राहुल पूरब से पश्चिम मणिपुर से मुंबई-महाराष्ट्र तक लगभग साढ़े छह हजार किलोमीटर की दूरी नापेंगे. इस दौरान देश के 14 राज्यों के 85 जिले कवर किये जाने का लक्ष्य है. इसमें झारखंड भी आएगा. जैसा कि कहा जा रहा है, राहुल पदयात्रा के दौरान झारखंड में आठ दिन गुजारेंगे. वे चार साल पहले इधर देखे-सुने गये थे. पहली पदयात्रा से उनकी छवि में निखार आया था. इस बार और निखरते हैं तो और अच्छा.

विकसित भारत संकल्प यात्रा हो कि भारत न्याय यात्रा, दोनों का अघोषित उद्देश्य राजनीतिक ही है. अपनी-अपनी राजनीति साधने लिए महिमामंडित कर ये यात्रा कांड अंजाम दिये जा रहे हैं. राजनीति करनेवाले आखिरकार राजनीति ही करेंगे. आज की तारीख में भाजपा देश की सबसे बड़ी पार्टी है. गांव-गांव तक उसने पहुंच बना ली है. उसके पास कार्यकर्ताओं की टोलियां हैं और कुछ अन्य संगठनों के समर्पित सक्रिय सहयोग है. इसके बावजूद केंद्र सरकार द्वारा किये गये कार्यों से जनमानस को अवगत कराने और जो लोग लोकभावन योजनाओं से वंचित रह गये हैं, उनको जोड़ने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा निकलवानी पड़ रही है. इसमें बताया जा रहा है कि 2047 तक भारत विकसित देश हो जाएगा. वह दिन देखने के लिए मेरे जैसे करोड़ों लोग शायद जीवित नहीं रहेंगे. बुढ़ापा अपने आप में बड़ा गंभीर मर्ज है. जितना जल्द गुजर जाय, उतना ही अच्छा. धीर, गंभीर, अमीर और नामी-गिरामी कई हस्तियों का भी अधिक काल तक चला बुढ़ापा मृत्यु से कहीं अधिक दुखदायी और कष्टप्रद गुजरा/गुजर रहा है. 2047 तक जो जीवित रहेंगे और सुख भोगने लायक रहेंगे, उनके लिए निश्चय ही वह काल 'अति आनंद उमगि अनुरागा' वाला होगा. यूं, आज का युवा, खासकर मल्टीनेशनल कंपनियों में काम कर रहा युवा फौरन से पेश्तर सबकुछ पा लेने के मंसूबे पाले रहता है. मल्टीनेशनल वाले ही क्यों, यूपीएससी या पीसीएस कम्पीट कर सरकारी नौकरियों में आये कई युवा भी ऐसी ही चाहत रखते हैं. उमड़ती-घुमड़ती इतराती यह चाहत उनको कई बार मुसीबतों में धकेल देती है. कई लोग बदनाम होकर भी मुसीबतों में नहीं पड़ते. यही कारण है कि इन प्रतिष्ठित सेवाओं पर ऊंगलियां उठने लगी हैं. वे राजनीतिक आकाओं के चक्कर लगाना शायद बेहतर और अधिक सुगम रास्ता समझ बैठते हैं. अब की राजनीति का तो खैर कहना ही क्या! जैसे-तैसे पहली बार चुनाव जीतने वाले या जिता दिये जानेवाले भी कैबिनेट मंत्री, मुख्यमंत्री या केंद्रीय मंत्री का सपना पाल लेते हैं. कई का सपना सच भी हो जाता है. यह देख-भाल कर युवा वर्ग उधर की ओर अधिक सम्मोहित रहता है और धरना-प्रदर्शनों में जिंदाबाद-मुर्दाबाद के भंवरजाल में फंसा रहता है. मोदी और राहुल की यात्राओं में काफी फर्क है, जबकि दोनों का लक्ष्य एक ही है. मोदी अपने दस साल के कार्यकाल में किये कार्यों को दिखाने-जताने के लिए सरकारी एजेंसियों का उपयोग करने की स्थिति में हैं. वे इसे बखूबी दिखा रहे हैं. राहुल के पास इस गुजरे वक्त की नाकामियां गिनाने के अलावा कुछ खास नहीं है. मोदी 2047 के भी सपने दिखा रहे हैं, जबकि राहुल 2024 पाने को उत्सुक हैं और कुछ महीनों बाद के सपने दिखा रहे हैं. मोदी के हिस्से में पाने को बहुत कुछ नहीं है. जो है उसे वे बड़े जतन से बचाये रखने और उसमें कुछ-कुछ जोड़ने के प्रयास में लगे हुए हैं. राहुल के हिस्से में पाने को बहुत कुछ है. दोनों के लिए दाता आम अवाम है. देखिए, वह किसको देती है. यूं, ये साक्षात अमृत काल की यात्राएं हैं. इनका आनंद लीजिए.

• बोधि-वृक्ष | सुज्ञ



## धर्म का असर

धर्म का असर दिखाई नहीं पडता. (यहां धर्म से आशय, अच्छे गुणों की शिक्षा देने वाला धर्म, न कि कोई निश्चित रूढ उपासना पद्दति.) एक व्यक्ति ने साधक से पूछा " क्या कारण है कि आज धर्म का असर नहीं होता?"

साधक बोले- यहां से दिल्ली कितनी दूर है? उसने कहा- दो सौ माईल. "तुम जानते हो?" "हां मैं जानता हूं." "क्या तुम अभी दिल्ली पहुंच गये?" "पहुंचा कैसे? अभी तो यहां चलूंगा, तब पहुंचूंगा." साधक बोले, "यही तुम्हारे प्रश्न का उत्तर है, दिल्ली तुम जानते हो, पर जब तक तुम उस ओर प्रस्थान नहीं करोगे, तब तक दिल्ली नहीं पहुंच सकोगे. यही बात धर्म के लिये है. लोग धर्म को जानते हैं, पर जब तक उसके नियमों पर नहीं चलेंगे, उस ओर गति नहीं करेंगे, धर्म पा नहीं सकेंगे, अंगीकार किये बिना धर्म का असर कैसे होगा? धर्म का प्रभाव नहीं पडता." शिष्य गुरु के पास आकर बोला, "गुरुजी हमेशा लोग प्रश्न करते है कि धर्म का असर क्यों नहीं होता, मेरे मन में भी यह प्रश्न चक्कर लगा रहा है." गुरु समयज्ञ थे, बोले- "वत्स! जाओ, एक घडा शराब ले आओ." शिष्य शराब का नाम सुनते ही आवाक् रह गया. गुरु और शराब! वह सोचता ही रह गया. गुरू ने कहा "सोचते क्या हो? जाओ एक घडा शराब ले आओ." वह गया और एक छलाछल भरा शराब का घडा ले आया. गुरु के समक्ष रख कर बोला-"आज्ञा का पालन कर लिया." गुरु बोले – "यह सारी शराब पी लो." शिष्य अचंभित, गुरु ने कहा "शिष्य! एक बात का ध्यान रखना, पीना पर शीघ्र कुल्ला थूक देना, गले के नीचे मत उतारना. शिष्य ने वही किया, शराब मुंह में भरकर तत्काल थूक देता, देखते देखते घडा खाली हो गया. आकर कहा- "गुरुदेव घडा खाली हो गया." "तुझे नशा आया या नहीं?" पूछा गुरु ने. "गुरुदेव! नशा तो बिल्कुल नहीं आया." "अरे शराब का पूरा घडा खाली कर गये और नशा नहीं चढा?" "गुरुदेव नशा तो तब आता जब शराब गले से नीचे उतरती, गले के नीचे तो एक बूंद भी नहीं गई फ़िर नशा कैसे चढता." बस फिर धर्म को भी ऊपर-ऊपर से जान लेते हो, गले के नीचे तो उतरता ही नहीं, व्यवहार में आता नहीं तो प्रभाव कैसे पडेगा. पतन सहज ही हो जाता है, उत्थान बडा दुष्कर. दोषयुक्त कर्म प्रयोग सहजता से हो जाता है, किन्तु पुरुषार्थ की अपेक्षा रहती ही है.

# महिलाओं को चाहिए भरपूर संरक्षण

• आधी आबादी

हेमलता

बीता हुआ 2023 का साल महिलाओं को बरसों याद रहेगा, क्योंकि यही वह साल है, जब संसद में महिलाओं के प्रतिनिधित्व में बढ़ोतरी का विधेयक सर्वसम्मति से पारित हुआ. सैद्धांतिक रूप से ही सही पहली बार संसद में यह विधेयक पारित हुआ, जो महिलाओं की तरक्की की और उनके दबदबे की अभूतपूर्व मिसाल है. इस राजनैतिक अधिकार को हासिल करने के बाद यह उम्मीद भी पैदा हुई है कि आने वाला भविष्य उनके हालातों में आमूलचूल बदलाव जरूर लाएगा, लेकिन दूसरी ओर इस साल मणिपुर में महिलाओं की आबरू उतारने और पहलवान महिलाओं के साथ यौन उत्पीड़न के मामले भी उठे थे. पिछले साल के दिसंबर में जारी 'राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो' (एनसीआरबी) के मुताबिक 2021 की तुलना में भारत में महिलाओं के खिलाफ रजिस्टर्ड अपराधों में 4 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है. ये आंकड़े बता रहे हैं कि जब तक देश में महिलाओं के अनुरूप सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और प्रशासनिक ढांचे में बदलाव नहीं आते, महिलाओं पर अत्याचार कम नहीं होंगे. उल्लेखनीय है कि महिलाओं ने इस साल विकास की प्रक्रियाओं में भी अपनी शानदार भागीदारी के झंडे गाड़े हैं. इस साल 'चंद्रयान - 3' की सफलता पूरे देश के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है. 'चंद्रयान-3' की मुख्य निदेशक एक महिला ही थी, जो 'रॉकेट वूमेन' के नाम से जानी जाती हैं. देश और दुनिया में इस सफलता को हासिल करने में 'रॉकेट वूमन' के साथ पचास और अन्य महिलाएं भी शामिल थीं. 'चंद्रयान-3' की सफलता यह बता रही है कि पुरुषों के मुकाबले महिलाएं कहीं से भी कम नहीं है. पिछले कुछ दशकों में अपने क्षेत्रों के अलावा महिलाओं ने पुरुषों के वर्चस्व वाले क्षेत्रों में भी कुशलता का परिचय दिया है, कामयाबी के परचम लहराए हैं. उन्होंने साबित किया है कि वे अब किसी से कम नहीं हैं. वहीं यह दुखद और शर्मनाक है कि महिलाओं पर अत्याचार घर में और बाहर भी बढ़े हैं. दुर्गति यह है कि महिलाओं पर अत्याचार करने वाले को सजा नहीं मिलती और महिलाओं को उन्हीं के हवाले छोड़ दिया जाता है, जो उनपर अत्याचार करते हैं. महिलाओं के साथ यह भी विडंबना है कि उन पर जब कभी अत्याचार होता है तो दोषियों के खिलाफ कोई कार्रवाई होने के बजाय महिलाओं पर ही दोष मढ़ दिया जाता है. अब जरा अपराध के आंकड़ों पर गौर करें- 2022 की 'एनसीआरबी' रिपोर्ट में महिलाओं के खिलाफ अपराध के 4,45,256 मामले दर्ज किए गए, वहीं 2021 में यह संख्या 4,28,278 थी. रिपोर्ट के मुताबिक 2021 में 2020 के मामलों की तुलना में महिलाओं के खिलाफ अपराधों में 15.3 प्रतिशत की बढ़ोतरी देखी गई. 'आईपीसी' की विभिन्न धाराओं के तहत महिलाओं के खिलाफ ज्यादातर मामले 'पति या उसके रिश्तेदारों द्वारा क्रूरता' (31.4 प्रतिशत) के थे, इसके बाद 'महिलाओं का अपहरण' (19.2 प्रतिशत), शील भंग (गरिमा को ठेस पहुंचाने) करने के इरादे से 'महिलाओं पर हमले' के तहत (18.7 प्रतिशत) और 'बलात्कार' (7.1 प्रतिशत) के मामले दर्ज किए गए. वर्ष 2022 में दिल्ली में लगातार तीसरे साल 14,158 मामलों के साथ महानगरों में महिलाओं के खिलाफ अपराध के तहत सबसे अधिक मामले दर्ज किए गए. 'महिलाओं की गरिमा को ठेस पहुंचाने के इरादे से उन पर हमला' और 'महिलाओं के अपहरण' के तहत दर्ज मामलों में दिल्ली 19 महानगरों में आगे रही. सभी राज्यों में उत्तरप्रदेश महिलाओं के खिलाफ दर्ज मामलों में सबसे ज्यादा 65,743 की संख्या के साथ फिर से सूची में सबसे ऊपर है. इसके बाद महाराष्ट्र (45,331 मामले), राजस्थान (45,058 मामलों) हैं. वर्ष 2021 में उत्तरप्रदेश में महिलाओं के खिलाफ अपराध के 56,083 मामले दर्ज किए गए, इसके बाद राजस्थान (40,738 मामले) था. वर्ष 2022 में 'बलात्कार/गैंगरेप के साथ हत्या' की श्रेणी में उत्तरप्रदेश 62 पंजीकृत मामलों के साथ फिर से सूची में सबसे ऊपर है. इसके बाद मध्यप्रदेश 41 के साथ दूसरे नंबर पर है. पिछले साल यह असम था जो 46 मामलों के साथ इस श्रेणी में उत्तरप्रदेश से पीछे था. राज्य में इस साल बड़ी गिरावट देखी गई है और ऐसे केवल 14 मामले दर्ज किए गए हैं. दहेज को लेकर मौत के मामलों में 2022 में 2,138 मामलों के साथ उत्तरप्रदेश फिर से आगे है. इसके बाद 1,057 मामलों के साथ बिहार है. वर्ष 2021 में पूरे भारत में बलात्कार की कुल 31,677 घटनाएं दर्ज की गईं, 2022 में 31,516 मामलों के साथ मामूली गिरावट देखी गई.

> वर्ष 2021 में उत्तरप्रदेश में महिलाओं के खिलाफ अपराध के 56,083 मामले दर्ज किए गए, इसके बाद राजस्थान (40,738 मामले) था. वर्ष 2022 में 'बलात्कार/गैंगरेप के साथ हत्या' की श्रेणी में उत्तरप्रदेश 62 पंजीकृत मामलों के साथ फिर से सूची में सबसे ऊपर है. इसके बाद मध्यप्रदेश 41 के साथ दूसरे नंबर पर है.

# खतरे में है तेल कीमतों की स्थिरता

• सामयिकी

सुषमा रामचंद्र

पिछले साल जो भू-राजनीतिक तनाव बना रहा, वह अब नए साल में भी उभर आया है. लाल सागर में यमनी हुती लड़ाकों के व्यापारिक जहाजों पर हमले जारी हैं, भले ही अमेरिकी नौसेना ने उनके कुछ ड्रोन्स मार गिराए हैं. इस इलाके में लड़ाई छिड़ने का जो असर होगा, उसका आघात बृहद वैश्विक अर्थव्यस्वस्था को अवश्यंभावी है. इसका प्रभाव भारत की आर्थिकी की पुनर्स्थापना पर भी रहेगा, जो कि पिछले दो सालों से बाहरी थपेड़ों से किसी तरह खुद को बचाए रखकर, विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बनी हुई है. यूरोप-एशिया व्यापार का लगभग 42 फीसदी भाग स्वेज़ नहर से होकर है और एशिया की तरफ से आने पर, इस नहर तक पहुंचने के लिए, लाल सागर से गुजरना लाजिमी है. लाल सागर के प्रवेश मुहाने पर, उन्हें यमन और एरीट्रिया के बीच की बाब-अल-मंदेब खाड़ी से होकर गुजरना पड़ता है. यही वह जलीय क्षेत्र है, जहां पर यमन के अधिकांश भूभाग पर नियंत्रण रखने वाले हूती लड़ाके जहाज़रानी को निशाना बना रहे हैं, किश्तियों से या फिर ड्रोन्स के जरिए. हमास की मदद के इरादे से, हुती हरेक उस जहाज़ को निशाना बना रहे हैं, जिसका संबंध इजराइल से हो. गौरतलब है कि रूस और चीन से संबंधित जलपोतों को बख्शा जा रहा है, लेकिन भारतीय-ध्वज लगे जहाज या फिर भारत से या भारत तक मालवाहक भी खतरे की ज़द में हैं, जैसा कि हालिया ड्रोन हमले ने दर्शाया है. अमेरिका ने तमाम देशों को गोलबंद करते हुए ऑपरेशन प्रोसेपैरिटी गार्डियन नामक प्रतिरोधक मोर्चा बनाया, जिसका मकसद स्वेज़ नहर से होकर जलपरिवहन को सुरक्षा देना था. इससे उत्साहित होकर डेनमार्क की नामी मेयर्स्क नामक जहाजरानी कंपनी ने आवाजाही शुरू कर भी दी, लेकिन नवीनतम हमलों ने इस जलीय मार्ग का इस्तेमाल फिर से बंद करवा दिया है, क्योंकि बहुराष्ट्रीय सुरक्षा बल को धत्ता बताते हुए हुती हमले स्पष्ट रूप से जारी हैं. यदि स्थिति नियंत्रण से बाहर होती है तो इसका शृंखलाबद्ध प्रभाव वैश्विक अर्थव्यवस्था पर होकर रहेगा. पहला और फौरी असर तेल कीमतों पर होगा. वर्तमान में, बेंट क्रूड ऑयल मानक वाले कच्चे तेल का प्रति बैरल मूल्य 70-80 डॉलर है, जो कि पिछले साल सितम्बर में रहे 90 डॉलर से कहीं कम है. सुस्त पड़ती वैश्विक अर्थव्यस्था मांग के मद्देनज़र, तेल उत्पादक एवं निर्यातक संघ (ओपेक प्लस) द्वारा तेल उत्पादन में कटौती की घोषणा की वैश्विक मांग पर कुछ विशेष प्रभाव नहीं पड़ा. चीन की आर्थिक पुनर्स्थापना उम्मीद के मुताबिक तेज़ नहीं रही, जिससे कि विश्व के सबसे बड़े इस तेल आयातक की मांग घटी. जहां एक ओर अमेरिका में मांग होने के चलते कच्चे तेल का भंडारण काफी उच्च है, वहीं दूसरी तरफ यूरोज़ोन में आर्थिक मंदी का दौर जारी है. लाल सागर क्षेत्र में संघर्ष लंबा खिंचने का दूसरा नकारात्मक परिणाम विश्वभर में मुद्रास्फीति दबाव में नई वृद्धि होगी. इससे न केवल तेल की कीमतें ऊपर उठेंगी, वरन एशिया-यूरोप के बीच स्वेज़ नहर वाले रास्ते से गुरेज करने के कारण वैश्विक आपूर्ति शृंखला में विघ्न पड़ सकता है. हालांकि यूरोप और अमेरिका में पिछले साल भर बेकाबू रही मुद्रास्फीति कुछ थमने लगी थी, लेकिन नयी वृद्धि से मुल्कों के केंद्रीय बैंकों को पुनः ब्याज दर ऊंची करने को विवश होना पड़ेगा.जहां तक भारत की बात है, उद्योग एवं सरकारी प्रवक्ता ने पहले ही चावल निर्यात को खतरा होने की आशंका जताई है. लेकिन यदि लाल सागर संकट बना रहता है तो माल ढुलाई में इजाफे से अन्य उपभोक्ता वस्तुओं के दामों में भी उछाल आएगा. स्वेज़ नहर वाले छोटे रास्ते की बजाय अफ्रीका की परिक्रमा करके होने वाली आवाजाही से अमेरिका एवं यूरोप की मंडियों में माल पहुंचाना महंगा हो जाएगा. 2023-24 के लिए, पिछले वित्तीय वर्ष के तुलनात्मक कालखंड की तुलना में व्यापारिक निर्यात में पहले ही कमी होना महसूस हो चुका है, जो कि 455 बिलियन डॉलर के साथ रिकॉर्ड न्यूनतम स्तर रहा. पिछले साल अप्रैल-नवम्बर के बीच, सकल 2022 के तुलनात्मक कालखंड में सकल निर्यात में 6.5 फीसदी की कमी दर्ज हुई. जहां बढ़ती माल ढुलाई से किन्हीं मुल्कों का निर्यात प्रतिद्वंद्वियों के मुकाबले महंगा हो जाएगा वहीं ऊंची होती मुद्रास्फीति के असर से मुख्य बाजार में मांग में कमी बनेगी. विशेषकर महत्वपूर्ण कच्चे तेल एवं प्राकृतिक गैस का आयात महंगा होगा. मौजूदा अनुमान के मुताबिक 2024 में कच्चे तेल की कीमत 70-80 प्रति बैरल रह सकती है.

> वर्तमान में, बेंट क्रूड ऑयल मानक वाले कच्चे तेल का प्रति बैरल मूल्य 70-80 डॉलर है, जो कि पिछले साल सितम्बर में रहे 90 डॉलर से कहीं कम है. सुस्त पड़ती वैश्विक अर्थव्यवस्था मांग के मद्देनज़र, तेल उत्पादक एवं निर्यातक संघ (ओपेक प्लस) द्वारा तेल उत्पादन में कटौती की घोषणा की वैश्विक मांग पर कुछ विशेष प्रभाव नहीं पड़ा.

## मीडिया में अन्यत्र

# शिवसेना पर रार खत्म, दरार कायम



महाराष्ट्र में शिवसेना के बागी विधायकों की योग्यता के मसले पर पिछले काफी समय से चल रहा जद्दोजहद तकनीकी रूप से आखिर अपने अंजाम तक पहुंच गया लगता है. राज्य विधानसभा के अध्यक्ष ने समूचे मामले में बारह सौ पन्नों में दर्ज ब्योरे के आधार पर जो फैसला सुनाया, यह महाराष्ट्र की राजनीति में लंबे समय से एक अहम प्रभाव रखने वाली शिवसेना के उद्धव ठाकरे गुट के लिए एक बड़ा झटका साबित हुआ. हालांकि इस फैसले के आने से पहले तक दोनों पक्षों के बीच एक कश्मकश बनी हुई थी. इसके बावजूद एकनाथ शिंदे का समूह संख्या बल अपने साथ होने के आधार पर अपने हक में फैसला आने को लेकर एक तरह से आश्वस्त था. वहीं उद्धव ठाकरे गुट के बीच एक आखिरी उम्मीद थी कि शायद विधानसभा अध्यक्ष की राय उनके पक्ष की दलीलों पर आधारित होगी. मगर विधानसभा अध्यक्ष ने उद्धव गुट की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें शिवसेना से बगावत करने वाले सोलह विधायकों की योग्यता को रद्द करने की मांग की गई थी. सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद विधानसभा अध्यक्ष की ओर से अब जो फैसला सामने आया है. उसके मुताबिक 21 जून, 2022 को जब पार्टी दो समूह में बंटी, तब उसके बाद और चुनाव आयोग के रिकार्ड में भी एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाला गुट ही वास्तविक शिवसेना था. जाहिर है, इस फैसले के बाद उद्धव ठाकरे और उनके समूह को घोर निराशा हुई है, जो यह मान कर चल रहे थे कि कानूनी प्रक्रिया में जाने के बाद उनके गुट को ही वास्तविक शिवसेना के रूप में मान्यता मिलेगी. मगर विधानसभा अध्यक्ष ने पार्टी पर शिंदे गुट का हक होने के पक्ष में शिवसेना के ही उस संविधान का उल्लेख किया, जो1999 में तैयार किया गया था. उसके अनुसार चुनाव आयोग में पार्टी का1999 का ही संविधान सौंपा गया था, इसलिए फैसले का आधार भी वही होगा. जबकि शिवसेना के संविधान में 2018 में किए गए संशोधन के मुताबिक पार्टी प्रमुख का फैसला ही पार्टी फैसला होगा. जाहिर है, इस पुराने संविधान में की गई व्यवस्था की कसौटी पर उद्धव ठाकरे गुट का पक्ष कमजोर साबित हुआ और यही शिंदे समूह के लिए मददगार बना. इसी बुनियाद पर विधानसभा अध्यक्ष ने यह व्यवस्था दी कि एकनाथ शिंदे को पार्टी से निकालने का अधिकार उद्धव ठाकरे को नहीं है. **(जनसत्ता से)**

## शब्द चर्चा

डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

### शंक/शंख

**राजा** राममोहन राय ने निःशंक भाव से समाज सुधार का शंखनाद किया और निरतर प्रयासों के कारण वे सफल भी हुए. इस वाक्य में दो शब्दों से पाला पड़ता है-पहला निःशंक और दूसरा शंखनाद. दोनों शब्द संस्कृत तत्सम यौगिक हैं. यानी दोनों दो-दो शब्दों के मेल से बने हैं. निःशंक जहां निः+शंक से बना है, वहीं शंखनाद शंख+नाद शब्दों से. पहले शब्द निःशंक का 'निः' शब्द उपसर्ग है, जिसका मतलब 'नहीं होना' है, वहीं शंक का अर्थ है संदेह. इसी प्रकार शंखनाद का मतलब है शंख की आवाज. वर्धा हिंदी शब्दकोश के अनुसार शंक का मतलब है शंका, संदेह, आशंका, भय, डर. यानी जिसके पास शंका या भय नहीं हो, उसे निःशंक कहते हैं. वैसे हिंदी में शंक शब्द का प्रयोग कम ही होता है. अधिक प्रयोग शंका शब्द का होता है. शंका संज्ञा स्त्रीलिंग शब्द है. इसका मतलब है संदेह, संशय, भावी अनिष्ट या हानि का अनुमान, प्रश्न, जिज्ञासा, आशंका, भय. शंक की तरह ही शंका से भी अनेक शब्द बने हैं,जिनका प्रयोग हम करते रहते हैं. जैसे शंकाकुल यानी से शंका से आकुल यानी शंका से विचलित, शंका से बेचैन. जैसे शंकालु यानी बात-बात पर संदेह करनेवाला. शंकास्पद यानी संदेह से युक्त, जिसमें संदेह की गुंजाइश हो. शंकित यानी शंका से भरा हुआ, भयभीत. दूसरा शब्द है शंख. इसका मतलब है समुद्र से उत्पन्न एक जंतु, उक्त जंतु का खोल, जिसे फूंकने पर आवाज निकलती है. यह वही शंख है, जिसका प्रयोग पूजा-पाठ में किया जाता है. सबसे बड़ी संख्या को महाशंख कहते हैं, जो सौ शंख के बराबर होती है. इस शंख का मतलब है एक लाख करोड़ की संख्या, कुबेर की निधि का देवता. शंख से बना मुहावरा है शंख पूरना या फूंकना. मतलब शंख बजाना. शंख कृमि का मतलब है वह समुद्री जंतु, जिसके शरीर के आवरण से शंख का निर्माण होता है. शंखिनी का मतलब कामशास्त्र के अनुसार चार प्रकार की नयिकाओं में से एक.

# गाय का बच्चा बनाम आदमी का बच्चा

• तीर-तुक्का

शशिकांत सिंह 'शशि'



गाय का बच्चा आदमी के बच्चे का मजाक उड़ा रहा था- "अबे, तू कीचड़ में खेलता है. झोपड़े में रहता है. फटे पुराने कपड़े पहनता है. आधा पेट खाता है. भीख मांगता है. तेरी रक्षा करने कोई नहीं आता. जबकि तेरे पास तो वोट भी है जिसकी जरूरत हर नेता को है. राजनीति में फिर भी तेरी औकात दो पैसे की नहीं है. तू लावारिस-सा रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड या बदनाम बस्तियों में घूमता रहता है और किसी लॉरी के नीचे आकर मर जाता है. हमें देख भारत की सारी राजनीति हमारे चारों ओर घूम रही है. प्रधानमंत्री मेरे बारे में बोले. बुद्धिजीवी मुझ पर जान देते हैं. कांगेस सेवादल मेरे नाम पर सड़क पर आया. साधु-संत मेरे नाम पर धरने पर बैठे. तू इतना बेचारा क्यों है बे?" आदमी का बच्चा ताव खा गया. अकड़ के बोला- "तू रहेगा जानवर का जानवर ही. अबे, तू भी सड़क पर मैं भी सड़क पर. इस नाते तो सचमुच हम भाई हैं. तेरी मां तो वाकई मेरी माता है, क्योंकि कभी-कभी मैं उनकी दूध निकाल कर पी लेता था. तू जिन बयानबाजियों पर अकड़ रहा है वह अखबारों की सुर्खियों के लिए हैं. लोकसभा के चुनाव हो जाने दे, फिर तेरी कोई बात भी नहीं करेगा. हमारी राजनीति में भगवान तक को इस्तेमाल किया गया है. तेरे जन्म से पहले की बात है. यूपी में मंदिर बनाने का आंदोलन चलाया गया था. हो सकता है कि चुनाव नजदीक आने पर मंदिर पर जोरदार अभियान चलाया जा रहा है. तो मेरे भाई बछड़े, अधिक मत कूद और यह अखबार पढ़ने की आदत से बाज आ जा. न्यूज कम जानेगा तो अधिक सुखी रहेगा. नहीं तो अपना पड़ोसी भी दुश्मन नज़र आने लगेगा. भूसे में ज़हर की आशंका होने लगेगी. फिर मत कहना कि आदमी के बच्चे ने बताया नहीं." गाय के बच्चे हंसने लगे. उन्हें आदमी के बच्चे पर दया आ रही थी. उन्होंने उसे फिर छेड़ा- "तू जल रहा है. हमारी उन्नति से तुझे जलन हो रही है. भारतीय राजनीति के हम केंद्र में आ गये. तू पहले नारों में आया तो करता था. अब तो एकदम से गायब हो गया. इंदिरा गांधी और राजीव गांधी के जमाने में कम से कम नारे और योजनाओं में तेरी शक्ल दिख जाती थी. अब तो वह भी गायब हो गई. बेटा तू तो गया. तू अब हमारी गोबर उठा. हमें साबुन लगाकर नहला. हमारे सामने पालक घास रख. उसके बाद हम तो पंखे के नीचे सो जायेंगे और तू बाहर रखे बेंच पर सोना. रात भर मच्छर तेरे खून की जांच करेंगे. हा हा हा." आदमी का बच्चा मायूस हो गया. उसने अंतिम जोर लगाया- "तू उड़ ले, जितना उड़ना है. बूढ़ी गायों की क्या कद्र होती है. कसाई के हाथों बेचा जायेगा. कसाई क्या तेरी पूजा करेगा? उस समय तेरे रक्षक आगे नहीं आयेंगे. कोई यह नहीं कहेगा कि यह बूढ़ी गाय मैं गोद ले रहा हूं. सड़क पर भटक कर पॉलिथीन खाकर मरने वाले अपने भाइयों से पूछ उनकी क्या दशा है?"

हस्ताक्षर

*सिनेमा ने 2023 में भारतीय मनोरंजन उद्योग को उम्मीद से ज्यादा दिया, जाहिर है 2024 से उम्मीदें भी ज्यादा हैं. सिर्फ सिनेमा और वेब सीरिज में ही नहीं, वीडियो गेम, आडियोबुक जैसे अपेक्षाकृत मनोरंजन के नए रूपों में भी. सबों के हाथों में दिख रहे स्मार्टफोन, घरों में बढ़ते आकार और मनचाहे ध्वनिप्रभाव के साथ उपलब्ध स्मार्ट टीवी और मूंगफली से भी सस्ते इंटरनेट ने इंडस्ट्री को यह हिम्मत दी है कि आप जो चाहोगे बाजार तक पहुंचा सकते हो, तय आपको करना पहुंचाना क्या है.*



विनोद अनुपम
वरिष्ठ फिल्म स्तंभकार

# मनोरंजन उद्योग का यह स्वर्णकाल



यह भारतीय मनोरंजन उद्योग के लिए स्वर्णकाल कहा जा सकता है, सिर्फ इसलिए नहीं कि इसका आकार 10.1 प्रतिशत वृद्धि की दर से 55 अरब अमेरिकी डालर तक पहुंच जाने की उम्मीद की जा रही है, इसलिए भी कि नई कहानियां, नई तकनीक, नए खोज, नई शैली, नए प्रयोग की गुंजाइश बढ रही है. सिर्फ सिनेमा और वेब सीरिज में ही नहीं, वीडियो गेम, आडियोबुक जैसे अपेक्षाकृत मनोरंजन के नए रूपों में भी. सबों के हाथों में दिख रहे स्मार्टफोन, घरों में बढ़ते आकार और मनचाहे ध्वनिप्रभाव के साथ उपलब्ध स्मार्ट टीवी और मूंगफली से भी सस्ते इंटरनेट ने इंडस्ट्री को यह हिम्मत दी है कि आप जो चाहोगे बाजार तक पहुंचा सकते हो, तय आपको करना पहुंचाना क्या है. यह भी उल्लेखनीय है कि तकनीक पर लागत कम हुई तो रिसर्च पर लागत बढ़ाने में क्रिएटरों ने संकोच नहीं किया.

## 1000 करोड़ का आंकड़ा और मनोरंजन उद्दयोग की धमक

100 करोड़ की सफलता की गणना से शुरुआत करने वाला भारतीय सिनेमा के लिए 1000 करोड़ के आंकडों तक पहुंचने की जिद में भारत में मनोरंजन उद्योग की इस बढ़ती धमक महसूस की जा सकती है. पठान (1050 करोड़), जवान (1160 करोड़), एनिमल (900 करोड़), गदर 2 (700 करोड़), सालार (10 दिन में 600 करोड़)...की कमाई को देख कह सकते हैं कि सिनेमा ने 2023 में उद्योग को उम्मीद से ज्यादा दिया, जाहिर है 2024 से उम्मीदें भी ज्यादा हैं. सितारों के प्रति जो भरोसा 2023 ने वापस दिलाया है, 2024 में बड़े सितारों की कई बड़े बजट की फिल्मों में बाजार के प्रति यह विश्वास देखा जा सकता है, जिनमें ऋतिक रोशन की फाइटर (250 करोड़), वीडी 18 (250 करोड़) ,बड़े मियां छोटे मियां (300 करोड़),तेलगु में जू एनटीआर की देवारा(300 करोड़) प्रमुख हैं. कन्नड़ में बनी कांतारा 16 करोड़ में बनी थी, और इसने 400 करोड का व्यवसाय किया. इस वर्ष इसके प्रिक्वल कांतारा चैप्टर वन को 125 करोड़ में बनाए जाने की चर्चा है. वास्तव में सिनेमा की सफलता, सिर्फ एक सिनेमा की सफलता नहीं होती, स्टूडियो से लेकर मल्टीप्लेक्स और छोटे सिनेमाघरों तक इससे प्रभावित होते हैं. ओटीटी की चुनौतियों के बावजूद 2025 तक भारतीय सिनेमा उद्योग के 22800 करोड़ तक के होने की उम्मीद की जा रही है.



## फिल्मी सितारों की जुबानी नानी-दादी की कहानी

इसी तरह दादी-नानी के कहानी सुनाने की परंपरा देश में 200 करोड़ से अधिक के उद्योग का स्वरुप ले लेगी, आज से कुछ वर्ष पहले तक शायद ही इसकी कल्पना की जा सकती थी, लेकिन आज यह सच है कि कहानी सुनाने यानी आडियो बुक और पाडकास्ट देश में मनोरंजन उद्योग के बीच अपनी मजबूत भागीदारी के लिए तैयार हैं. आंकड़ों को छोड़ यह इससे भी समझ सकते हैं कि आडियो बुक की 2018 में भारत में शुरुआत करने वाली आडिबल का हिंदी भाषा के पॉडकास्ट में अपनी वेस्टलैंडर्स श्रृंखला लाने के लिए मार्वल एंटरटेनमेंट सहयोग कर रही है, जिसमें सैफ अली खान, करीना कपूर, जयदीप अहलावत और शरद केलकर जैसे अभिनेताओं ने पात्रों को अपनी आवाज दी. यह पेंगुइन रैंडम हाउस, पैन मैकमिलन, हार्पर कॉलिन्स और हैचेट के अलावे सृष्टि, हिंद युग्म, मंजुल, रूपा और राजपाल जैसे प्रकाशकों के साथ भी साझेदारी कर रही है. ऑडिबल के अलावे इस उद्योग में स्पॉटिफ़ाइ, गाना, कुकू एफएम, पॉकेट एफएम,गाथा जैसे प्लेटफ़ॉर्म की उपस्थिति ने प्रतियोगिता बनाए रखी है, जिससे काफी कम सदस्यता दर पर उपभोक्ताओं को बेहतर कंटेट मिलने की उम्मीद की जा सकती है. एपल ने भी हाल ही में ऑडियोबुक की एक श्रृंखला लॉन्च की है जहां कथाएं एआई-आधारित होंगी. अभी तक वास्तविक आवाज पर आधारित इस उद्यम में तकनीक के इस हस्तक्षेप से और भी तेजी की संभावना देखी जा रही है. इससे ऑडियोबुक उद्योग की गतिशीलता बदलने की संभावना से इन्कार नहीं किया जा सकता.

**बहरहाल, कह सकते हैं कि आने वाले दिनों में मनोरंजन सिर्फ दिलबहलाव के लिए नहीं, अर्थव्यवस्था में अपनी मजबूत दखल के लिए भी जाना जाएगा.**

## ठुमक ठुमक, जब हिटोची तू पहाड़ी बटुमा...

**गुलाबी शरारा नाम से फेमस एक पहाड़ी गाने ने इंटरनेट पर बवाल मचा रखा है. देश के कोने-कोने ही नहीं, विदेशों में भी जम कर रील बन रहे और करोड़ों व्यूज बटोर रहे. क्या बच्चे, क्या बुजुर्ग, क्या पुरुष, क्या महिला! इस गाने की बीट पर सभी बिंदास नाच रहे हैं. दीवानगी ऐसी कि डीजे वाले बाबू गर शादी में यह गाना नहीं बजाए तो हंगामा हो जाए. 3 मिनट 26 सेकेंड के इस गाने में काफी मस्ती है और इसमें पहाड़ी लड़की की सुंदरता को बताया गया है.**





### पहाड़ी रास्ता और 'गुलाबी शरारा'



'गुलाबी शरारा' दरअसल उत्तराखंड की लोकभाषा कुमाऊंनी का एक गीत है जिसे इंदर आर्या ने गाया है. इसे लिखा है गिरिश जीना ने और कोरियोग्राफ़र हैं अंकित कुमार. सोशल मीडिया पर गाने का जो हिस्सा वायरल है, उसके बोल हैं:

**ठुमक ठुमक, जब हिटोची तू पहाड़ी बटुमा...**
**छम छम पायल घुघरू, बजनि त्यार खुटुमा**
**लाल त्यार कंगन हाथो मा, चूड़े चान हारा...**
**लाल त्यार कंगन हाथो मा, चूड़े चान हारा**
**चुनरी तेरी, आये हाये चुनरी तेरी चमकनी...गुलाबी शरारा**
**अरे चुनरी तेरी, चुनरी तेरी चमकनी, गुलाबी शरारा**

गीत के बोल के जरिए कवि कहते हैं कि पहाड़ी रास्ते में जब तुम ठुमक-ठुमक चलती हो, तब तुम्हारे पैरो में बंधे पायल के घुंघरू छम-छम बजते हैं. तुम्हारे हाथों में लाल कंगन है और हरी चूड़ियां हैं. चुनरी तुम्हारी चमकीली, गुलाबी है शरारा!

करीब 5 महीने पहले रिलीज हुए इस गीत को 3 महीने तक सामान्य प्रतिक्रिया ही मिली, लेकिन अब करोड़ों लोग देख चुके हैं. अकेले इंस्टाग्राम पर ही दिसंबर अंतिम सप्ताह तक 30 लाख से अधिक लोग इस पर रील्स बना चुके थे. चाहे छात्राओं के साथ ठुमकती फिजिक्स की टीचर, या बस से उतर कर यूनिफॉर्म पर डांस करता पहाड़ी बच्चा या दो बहनों का बनाया रील, व्यूज-लाइक-कमेंट बटोरने में अभी यही हिट है.

**कम ही कलाकार ऐसे होते हैं जिनकी आवाज दिल में उतरने का माद्दा रखती है. उस्ताद राशिद खाने ऐसे ही गायक थे. संगीत की रूह को जानने वाले राशिद खान ने जिस भी गाने को छुआ उसमें एक अलग ही रस, एक अनोखा स्वाद भर दिया. शास्त्रीय या सुगम संगीत की बारीकियों से नवाकिफ आम शख्स के कानों में भी जब कभी यह आवाज पड़ी, दिल-ओ-दिमाग़ पर सुकून की लहर सी दौड़ पड़ी. भारतीय शास्त्रीय संगीत में चार दशकों से राज करने वाली यह नायाब आवाज़ 9 जनवरी को थम गई और अब किस्सों में ही उनकी गायकी मिलेगी. तो आइए, उनकी जिंदगी के कुछ कहे-अनकहे किस्से से हों वाकिफ...**

# आओगे जब तुम साजना अंगना फूल खिलेंगे

हमारे दिल के किसी कोने में कुछ ऐसे अहसास छुपे होते हैं जिनसे हम खुद वाकिफ नहीं होते. कोई सुरीली आवाज कानों से होकर सीधे दिल तक पहुंचती है और अहसास को मानो अल्फ़ाज़ मिल जाते. उस्ताद राशिद खान ऐसी ही आवाज के धनी थे. उनके स्वर में कुछ ऐसा विराग सा है कि दौड़ती भागती जिंदगी में जब भी ये स्वर कानों तक पहुंचते हैं, जिंदगी कुछ पल को मानों वहीं ठहर सी जाती है और रुह का कतरा-कतरा ताजगी से भर जाता है.

## रामपुर-सहसवान घराने से ताल्लुक

उस्ताद राशिद खान का जन्म 1 जुलाई 1968 को उत्तरप्रदेश के बदायूं में हुआ था. वे रामपुर-सहसवान घराने से ताल्लुक रखते थे. सुर संगीत की दुनिया में रामपुर सहसवान घराने बेहद सम्मानित है. रामपुर के नवाब समेत देश की बड़ी रियासतों में सहसवान के संगीतकारों ने दिल लूटा है, यश की कमाई की है. इस घराने के उस्ताद मुश्ताक हुसैन खां को पहला पद्म पुरस्कार 1954 में मिला. उसके बाद घराने में अब तक दस पद्म पुरस्कार मिल चुके हैं. इस घराने के उस्तादों के शागिर्दों ने भी देश में बड़ा नाम कमाया है. शकुंतला नरसिम्हन की किताब 'द स्पलेंडर ऑफ रामपुर सहसवान घराना' में जिक्र है कि भारत रत्न पंडित भीमसेन जोशी ने रामपुर में रहकर उस्ताद मुश्ताक हुसैन खां से संगीत की तालीम ली. उस्ताद गुलाम मुस्तफा खां के शागिर्दों में पद्म भूषण एआर रहमान, पदमश्री ए हरिहरन, पद्मश्री सोनू निगम, आशा भोसले जैसे नाम शामिल हैं.



### आईटीसी संगीत रिसर्च अकादमी में तालीम

**करीब 10 साल की उम्र में ही वह उस्ताद निसार खान के साथ कोलकाता चले गए थे और वहीं आईटीसी संगीत रिसर्च अकादमी में संगीत की तालीम ली. उन्हें साल 2006 में पद्मश्री तो साल 2022 में पद्मभूषण पुरस्कार से सम्मानित किया गया.**

## फिल्मों में गायन



वे उन शास्त्रीय गायकों में थे जिन्होंने सिनेमा में गाना न केवल पसंद किया. बल्कि रागदारी का कोई आतंक भी नहीं फैलाया. सिनेमाई ज़रूरत के मुताबिक गाते हुए भी अलग छाप छोड़ गए. 'आओगे जब तुम साजना अंगना फूल खिलेंगे' (फ़िल्म- जब वी मेट) इसका बढ़िया प्रमाण है. इसके अलावा उन्होंने फिल्म 'किसनाः द वॉरियर पोएट' के गाने काहे उजाड़ी मोरी नींद, तोरे बिना मोहे चैन नहीं, फिल्म 'माय नेम इज खान' का अल्लाह ही रहम, फिल्म 'शादी में जरूर आना' का तू बनजा गली संग अन्य गानों को गाया था. इसके अलावा करीब एक दर्जन बांग्ला फिल्मों में भी उन्होंने गीत गाए.

## क्रिकेटर बनना चाहते थे राशिद

बचपन में उस्ताद राशिद खान संगीतकार नहीं, बल्कि क्रिकेटर बनना चाहते थे, लेकिन अपने परिवार की परंपरा से वह दूर नहीं रह पाए. वहीं, गजल और कुछ प्रोग्राम देखने के बाद संगीत के प्रति उनकी दिलचस्पी बढ़ गई.

## उस्ताद की लात से बनी बात

संगीत की शिक्षा महज छह साल की उम्र से अपने मामा निसार हुसैन खान से लेनी शुरू की. एक इंटरव्यू के दौरान उन्होंने बताया था कि कि अपने उस्ताद और मामाजी के साथ एक प्रोग्राम में जाने से पहले उनका मूड थोड़ा बिगड़ा हुआ था और तबियत भी नासाज थी. गाने या अभ्यास का मन बिल्कुल नहीं था. उनके मामा और गुरु उस्ताद निसार हुसैन खान साहब उनकी इस बेपरवाही से इस कदर नाराज हुए कि उन्होंने शागिर्द और भांजे राशिद खान को जोरदार लात जमाई. मामा की लात से उनका मूड तुरंत दुरुस्त हुआ. इसके बाद तो उन्होंने जो गाया, उसके लिए उनके उस्ताद ने भी दाद दी.

## हिंदुस्तानी संगीत का भविष्य

प्रस्तुति को लेकर उस्ताद राशिद खां का नज़रिया हमेशा खुला रखा. परंपरा बरकरार रखी, वहीं नवाचार भी किया. जुगलबंदी गाई, बजाई भी. कई मौकों पर उन्हें बागे श्री, यमन, मुल्तानी, बिलासखानी तोड़ी, दरबारी, जोग कौंस आदि गाते हुए सुना गया और हर बार रागों के व्यक्तित्व को अलग अंदाज दिया. चाहे एकल गान हो या भीमसेन जोशी जैसे महान लोगों के साथ युगल गीत. उस्ताद विलायत खान ने दूरदर्शन के लिए अपनी सांगीतिक कड़ी में उनका भरपूर इस्तेमाल किया था. दुनिया ने पहली दफा इसी माध्यम में उन्हें पं. भीमसेन जोशी के साथ जुगलबंदी में देखा था जब उन्होंने राग मिया की तोड़ी पेश की थी. पं. जोशी उन्हें "हिंदुस्तानी संगीत का भविष्य" कहते थे.



## डॉन 3 में इमरान हाशमी!




'डॉन 3' में इमरान हाशमी फिल्म निगेटिव रोल में नजर आएंगे. इससे पहले रणवीर सिंह की फिल्म में लीड रोल की खबर आई थी. लोगों को शाहरुख का 'डॉन 3' में न लौटना तो जरूर खल रहा है, मगर ये भरोसा भी जता रहे हैं कि इस किरदार को रणवीर सिंह की एक्टिंग रेंज और उनका स्वैग बहुत जमेगा. अब 'डॉन 3' में इमरान हाशमी के बतौर विलेन शामिल होने की खबर चर्चा में है.

हालांकि, इस बाबत कोई ऑफिशियल जानकारी नहीं दी गई है है. मगर हाल ही में इमरान को फरहान अख्तर के ऑफिस से निकलते हुए स्पॉट किया गया. सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक वीडियो में इमरान, फरहान के ऑफिस के बाहर नजर आ रहे हैं. वीडियो में उन्होंने ब्लैक कलर की हुडी स्टाइल स्वेटशर्ट और जींस पहनी है. इमरान के यहां नजर आने से इस बात की चर्चा को और हवा मिली है कि वो 'डॉन 3' में काम करने के लिए मेकर्स के साथ डिस्कशन में हैं.

## नेटफ्लिक्स से हटी अन्नपूर्णी

नयनतारा की फिल्म 'अन्नपूर्णी' नेटफ्लिक्स से हटा ली गई है. हाल ही में यह विवादों में आ गई थी. दरअसल इस फिल्म में नॉन वेज खाने से जुड़ा एक सीन विवाद का कारण बन गया था और इसे लेकर विश्व हिंदू परिषद ने कड़ा विरोध दर्ज कराया था. आरोप था कि इस फिल्म में लव जिहाद को भी दिखाया गया है. अब फिल्म के प्रोड्यूसर्स ने भावनाओं को आहत करने के लिए माफ़ी भी मांगी है.

हिंदू सेवा परिषद् ने जबलपुर के थाना ओमती में मेकर्स और एक्ट्रेस के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई थी. इन सभी के खिलाफ पुलिस ने धारा 153 और 34 आईपीसी के तहत केस दर्ज किया था. बहरहाल, देखना यह है कि कुछ सीन्स को काटने के बाद यह फिल्म दोबारा रिलीज होती है या नहीं.



## राम के थे राम के हैं ...रिलीज

भाजपा सांसद और सिंगर - एक्टर मनोज तिवारी का भगवान राम को समर्पित एक गाना 'राम के थे राम के हैं राम के रहेंगे' रिलीज हुआ है. इस गाने को मनोज तिवारी ने शीतल पांडे और अमित ढुल के साथ मिलकर गाया है और इसके म्यूजिक वीडियो में भी तीनों की उपस्थिति शानदार नज़र आ रही है. इस गाने के बैक ग्राउंड में भगवान राम की छवि इस भव्य बना रही है.

इसके गीतकार अमित ढुल और संगीतकार आर के क्रू हैं. पीआरओ रंजन सिन्हा हैं. जीत घनघस ने इस वीडियो को निर्देशित किया है. ढुल एंटरटेनमेंट की यह प्रस्तुति है.

लंबे समय बाद मनोज तिवारी कोई गाना लेकर आ रहे हैं. ऐसे में फैंस में भी इसे लेकर उत्सुकता है. गौरतलब है कि 22 जनवरी को अयोध्या में राम लला मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा होनी है.



## सीसीएल में भोजपुरी दबंग

सेलिब्रिटी क्रिकेट लीग (सीसीएल) के 10वां सीजन में भोजपुरी दबंग इंडस्ट्री के नये लोगों को भी मौक़ा देगी. इस बाबत तैयारियां भी शुरू कर दी है और इस टीम के कई खिलाड़ी मुम्बई के कांदिवली में नेट पर जमकर पीसने भी बहाते भी नज़र आये. इसी बीच भोजपुरी दबंग के अहम सदस्य प्रवेश लाल यादव ने बताया कि सीसीएल में इस बार भी भोजपुरी दबंग पूरी मजबूती से उतरेगी और हमारी टीम का लक्ष्य होगा ट्रोफी जीतना. उन्होंने बताया कि सीसीएल की शुरुआत इस बार 22 फरवरी से हो रही है. हम सभी इसके लिए तैयार हैं और इस सीजन में हम नए लोगों को भी शामिल कर रहे हैं.



आपको बता दें कि भोजपुरी दबंग की टीम का प्रदर्शन हर सीजन में सराहा गया है.

**भोजपुरी दबंग:**
मनोज तिवारी (अभिनेता एवं सांसद), दिनेश लाल यादव (उपकप्तान एवं सांसद), रवि किशन (अभिनेता, गुरु एवं सांसद), खेसारी लाल यादव (संरक्षक) पवन सिंह (संरक्षक) एवं विकास सिंह बिरपन (टीम मैनेजर)

संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

▼ ब्रीफ खबरें

## रोहतास में गला रेतकर किसान की हत्या

**रोहतास।** रोहतास के तिलौथू थाना क्षेत्र के बहेरा गांव में गुरुवार देर रात एक किसान की गला रेतकर हत्या कर दी गई. मृतक का शव गांव के बधार में फेंका हुआ मिला. किसान की हत्या से पूरे गांव में आक्रोश है, वहीं घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस घटना की छानबीन में जुट गई है. मृतक की पहचान बहेरा गांव निवासी स्व. रामप्यारे यादव के 35 वर्षीय पुत्र महेन्द्र यादव के रुप में की गई है. तिलौथू थाने की पुलिस घटना की जांच कर रही है.

## 15 तक कंपकंपाती ठंड से फिलहाल राहत नहीं

**पटना।** मौसम विज्ञान केंद्र पटना की माने तो बिहार में पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो गया है. इस वजह से पूरा प्रदेश को कोहरे की चपेट में है. शुक्रवार को सुबह से प्रदेश में धूप नहीं खिली और कोहरा के कारण विजिबिलिटी काफी कम देखने को मिल रही है. इन मौसमी कारकों के प्रभाव से प्रदेश में आज शुक्रवार को लगभग 20 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से सर्द पछुआ हवा बहने की संभावना है. ऐसे में प्रदेश के अधिकतम तापमान में 4 से 6 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की जा सकती है और न्यूनतम तापमान भी 10 डिग्री सेल्सियस से कम रहने की संभावना है.

## नीतीश ने लोहिया पथ चक्र का किया निरीक्षण

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को लोहिया पथचक्र का निरीक्षण किया. इस दौरान मुख्यमंत्री लोहिया पथचक्र पर रुककर पथचक्र के अगल-बगल बचे हुए भागों को देखा. मुख्यमंत्री ने पथ निर्माण विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत को निर्देश देते हुए कहा कि पथ के अगल-बगल के बचे हुए भागों में ठीक ढंग से पौधारोपण कराएं और इसे व्यवस्थित और साफ-सुथरा रखें ताकि यह क्षेत्र सुंदर दिखे. इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने बिहार संग्रहालय के सामने रुककर नये बनने वाले ऑफिसर्स फ्लैटों के संबंध में जानकारी ली. इस दौरान भवन निर्माण विभाग के सचिव कुमार रवि ने मुख्यमंत्री को बताया कि पुराने ऑफिसर्स फ्लैटों की जगह पर नये 10 मंजिला भवन का निर्माण कराया जाएगा और और उसके आगे पार्क भी बनाया जायेगा.

# आरोपियों पर 50 हजार का इनाम घोषित

संवाददाता। पटना

फुलवारी शरीफ बच्चियों के साथ गैंगरेप मामले के चार दिन बीत गये हैं. लेकिन अब तक किसी भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई है. ऐसे में पटना पुलिस ने आरोपियों पर 50 हजार का इनाम घोषित किया है. इधर, पटना पुलिस दो संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है. वहीं, पटना एसएसपी राजीव मिश्रा ने फुलवारी शरीफ के एसआई नरेंद्र प्रसाद सिंह को काम में लापरवाही बरतने को लेकर सस्पेंड कर दिया. साथ ही फुलवारी एसडीपीओ को विस्तृत जांच रिपोर्ट देने का निर्देश दिया है.

### फुलवारी शरीफ गैंगरेप का मामला

एसआई नरेंद्र सिंह सस्पेंड

### खेत में पड़ी मिली थीं दोनों बच्चियां

जानकारी के मुताबिक, 8 जनवरी की सुबह सात बजे दोनों बच्चियां गोईठा लाने के लिए घर से निकली थी, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटी. परिजनों ने काफी खोजबीन की. लेकिन दोनों का कुछ अता-पता नहीं चला. इसके बाद परिजन फुलवारी शरीफ थाना पहुंचकर मामले की जानकारी दी. लेकिन एसआई नरेंद्र प्रसाद सिंह ने परिजनों से अपने स्तर से खोजबीन करने की बात कहकर उनको भेज दिया. मंगलवार सुबह जब लोग जमीन पर मापी करने गये तो देखा कि दो बच्चियां खेत में पड़ी है. एक बच्ची की सांसें रूक गयी थी. लेकिन दूसरी बच्ची की सांसें चल रही थी. लोगों ने घटना की जानकारी तुरंत पुलिस को दी. फुलवारी शरीफ की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और घायल बच्ची को पटना एम्स में भर्ती करवाया, जहां उसकी हालत गंभीर बतायी जा रही है. पीड़ित परिजनों और ग्रामीणों ने गुरुवार को घटना में शामिल अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर फुलवारी शरीफ के भगत सिंह चौक को जाम कर दिया. इस दौरान प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी और आगजनी की. वहीं परिजनों ने फुलवारी शरीफ रोड को भी जाम कर विरोध-प्रदर्शन किया. वहीं बीजेपी के पूर्व मंत्री जनक चमार के नेतृत्व में कैंडल मार्च भी निकला गया.

## छह साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म के बाद हत्या

**समस्तीपुर।** खानपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में बीते 3 जनवरी को छह साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म के बाद हत्या कर दी गई थी. उसके शव को ले जाकर पोखर के किनारे फेंक दिया गया था. इस घटना का पुलिस ने खुलासा कर दिया है. पुलिस ने घटना को अंजाम देने वाले आरोपित पिता और उसके एक मददगार को गिरफ्तार किया है. गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए एएसपी संजय कुमार पांडेय ने इसकी जानकारी दी.एएसपी ने बताया कि तीन जनवरी की रात महिला अपने चार बच्चों के साथ घर के अंदर सोई हुई थी. उसका पति भी उसी कमरे में खाट पर सोया था. उसी दौरान बच्ची के साथ दुष्कर्म किया.

आओ जानें

## बिहार : पशुपालन की स्थिति

| पशुधन (पशुगणना 2019) | संख्या |
|---|---|
| गौ जाति | 15397 .980 |
| भैंस जाति | 7719 .794 |
| बकरा-बकरी | 12821 .216 |
| भेड़ | 213 .377 |
| सुअर | 343 .434 |
| घोड़ा | 32 .176 |
| ऊंट जाति | 0 .088 |
| अन्यान्य पशुधन | 12 .755 |
| कृषि औजार (पशुगणना) | |
| दूध दूहने की मशीन | 9358 |
| चारा काटने की मशीन | 1132788 |
| गोबर इकट्ठा करने की मशीन | 7795 |

# बेगूसराय में हादसा



# लव-कुश रथ में लगी आग, ड्राइवर झुलसा



संवाददाता। बेगूसराय

राम मंदिर का 22 जनवरी को उद्घाटन होना है. हर तरफ इसको लेकर उत्साह है. देश के कोने-कोने से लोग पहुंच रहे हैं. इस बीच कटिहार से अयोध्या जा रहे रथ में भीषण आग लग गई. हादसे में रथ जल गया. गुरुवार देर रात बेगूसराय में यह घटना हुई है. गाड़ी के अंदर सोया चालक भी आग लगने से झुलस गया. स्थानीय सांसद प्रतिनिधि अमरेंद्र कुमार अमर ने बताया कि गुरुवार की देर शाम कटिहार से रथ निकला था. उसके साथ करीब एक दर्जन गाड़ियां काफिले में थीं. काफिला बेगूसराय के एक विवाह भवन में आकर रात में रुका था. उन्होंने बताया कि रथ वाली गाड़ी बड़ी थी इसलिए गेट के पास रोक दी गई. छोटे वाहन अंदर लगाए गए थे. बताया गया कि कटिहार से यात्रा चलकर बेगूसराय पहुंची थी. शुक्रवार को जिले के अलग-अलग इलाकों में जाकर राम जन्मभूमि आने का निमंत्रण देते हुए यात्रा राम जन्मभूमि पहुंचती. स्थानीय निवासी अशोक कुमार ने बताया कि ये रथ शाम को आया था. इसके साथ लगभग 40 से 50 लोग थे.

### इलाज के लिए चालक को कराया गया भर्ती

यह घटना रात के करीब 12 बजे के आसपास की बताई जा रही है. शोर सुनकर लोग बाहर निकले तो देखा कि रथ में भयंकर आग लगी है. स्थानीय लोगों ने किसी तरह दीवार पर चढ़कर गेट को खोला और काफी मशक्कत के बाद रथ में लगी आग पर काबू पाया. रथ पर सोया चालक भी झुलस गया था जिसे स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस ने इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया. एसपी योगेंद्र कुमार ने बताया कि बीती रात सूचना मिली थी कि सिंघौल थाना क्षेत्र में यह घटना हुई है. सूचना मिलते ही सदर एसडीपीओ अमित कुमार और सिंघौल थानाध्यक्ष दीपक कुमार को घटनास्थल पर भेज दिया गया था. स्थानीय लोगों के सहयोग से आग पर काबू पा लिया गया. ड्राइवर झुलस गया है, हालांकि वो खतरे से बाहर है. एसपी ने कहा कि रथ पर हवन करने वाला कुंड रखा हुआ था जिसमें आग लगी थी. हवन का सामान भी रथ पर ही रखा हुआ था जिसके कारण ऐसा लग रहा है कि आग लगी थी.

गिरिराज सिंह का कांग्रेस पर हमला, कहा-

# पूर्वजों ने मंदिर के लिए जान दी

संवाददात। पटना

केंद्रीय मंत्री और बीजेपी के फायर ब्रांड नेता गिरिराज सिंह ने शुक्रवार को कांग्रेस आलाकमान पर बड़ा हमला किया. राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के न्यौता को ठुकराने के मामले पर उन्होंने कहा कि जब से नेहरू प्रधानमंत्री बने तब से कांग्रेस हिंदू विरोधी है. सोमनाथ मंदिर का जब जीर्णोद्धार का काम चल रहा था तो नेहरू ने मुख्यमंत्री को हड़काया था. राष्ट्रपति को वहां जाने से रोका था. इंदिरा गांधी और राजीव गांधी भी हिंदू विरोधी थे. वही काम सोनिया गांधी कर रही हैं. कांग्रेस का डीएनए हिंदी विरोधी है. सोनिया गांधी स्टालिन के साथ मिलकर सनातन को खत्म करने का एजेंडा चला रही हैं.

**लाखों की संख्या में लोग पहुंचेंगे :** बता दें कि राम मंदिर का 22 जनवरी को उद्घाटन होना है. लाखों की संख्या में लोग पहुंच रहे हैं. काफी संख्या में नेता, मंत्री और वीवीआईपी भी पहुंचेंगे. इसको लेकर राजनीति भी हो रही है. अलग-अलग बयान दिए जा रहे हैं. बीजेपी का कहना है कि यह उनका कार्यक्रम नहीं है बल्कि राम जन्मभूमि ट्रस्ट का है. सोनिया गांधी, मल्लिकार्जुन खरगे और अधीर रंजन चौधरी राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा में नहीं जा रहे हैं. इसको लेकर गिरिराज सिंह ने कांग्रेस पर हमला बोला है. उन्होंने कहा कि बिहार में महागठबंधन नहीं, ठगबंधन है.

## ट्रक से 70 लाख का गांजा बरामद

**जमुई।** जमुई पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है. जमुई-चकाई मुख्य मार्ग के डुमरी चेक पोस्ट के पास से पुलिस ने एक ट्रक से 70 लाख का गांजा बरामद किया है. हालांकि ट्रक चालक और उप चालक पुलिस को चकमा देकर फरार हो गये. जानकारी के अनुसार, एसपी शौर्य सुमन को गुप्त सूचना मिली थी कि झारखंड से एक ट्रक में भारी मात्रा में गांजा जमुई लाया जा रहा है. सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एक टीम का गठन किया गया और उत्पाद पुलिस की मदद से डुमरी चेक पोस्ट के पास चेकिंग अभियान चलाया गया. पुलिस को देख गांजा तस्कर ट्रक छोड़कर फरार हो गया. जब ट्रक की तलाशी ली गयी तो मुढ़ी के बोरे से 46 पैकेट गांजा मिला.

अचानक निरीक्षण करने अस्पताल पहुंचे तेजस्वी

# इमरजेंसी में नहीं मिले कोई डॉक्टर तो लगाई फटकार

संवाददता। पटना

स्वास्थ्य मंत्री तेजस्वी यादव ने अचानक गुरुवार देर रात वैशाली सदर अस्पताल पहुंचे. तेजस्वी यादव को अचानक देख स्वास्थ्य कर्मी में अफरातफरी का माहौल बना रहा है. तेजस्वी के साथ डॉक्टर की पूरी टीम मौजूद थी. वह सदर अस्पताल के डॉक्टर और स्वास्थ्यकर्मी से बातचीत कर रहे थे. तेजस्वी ने मरीज और तीमारदारों से बातचीत की. डायलिसिस सेंटर में कचरों का अंबार और इमरजेंसी वार्ड में एक ही डॉक्टर देख डिप्टी सीएम ने जमकर कर्मचारी को फटकार लगाई. अस्पताल में नाइट ड्यूटी पर इमरजेंसी वार्ड में एक ही डॉक्टर पाए जाने पर फटकार लगाई. अस्पताल में संसाधन की कमी पाए जाने पर उन्होंने अस्पताल कर्मियों को डांट-डपट किया. हाजीपुर सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉक्टर हरि प्रसाद भी सूचना मिलने के बाद सदर अस्पताल पहुंचे. कमियों को दूर करेंगे मीडिया से बातचीत के दौरान तेजस्वी यादव ने कहा कि पटना में मरीजों का लोड ज्यादा ही है. उसे रोकने के लिए काम किया जा रहा है. अस्पताल से मरीजों का इलाज नहीं कर पटना रेफर कर दिया जाता है. इसको लेकर बताया कि यह लोग इलाज नहीं कर रेफर कर देते हैं.

## कारोबार

## कुलमीत बावा को किया गया पदोन्नत

**नयी दिल्ली।** एंटरप्राइज रिसोर्सेज प्लानिंग सॉफ्टवेयर कंपनी एसएपी ने अपने भारतीय उपमहाद्वीप के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक कुलमीत बावा को एसएपी बिजनेस टेक्नोलॉजी प्लेटफॉर्म के मुख्य राजस्व अधिकारी के रूप में वैश्विक भूमिका में पदोन्नत किया है. कंपनी की ओर से जारी बयान के अनुसार, अपनी नई भूमिका में बावा एसएपी की कृत्रिम मेधा, डेटा तथा एनालिटिक्स, स्वचालन तथा एकीकरण सहित दुनिया भर में एसएपी बीटीपी का वृद्धि संबंधी काम संभालेंगे.

## एनसीएलटी ने विलय की दी मंजूरी

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) ने टाटा मेटालिक्स लिमिटेड को उसकी मूल कंपनी टाटा स्टील में विलय की मंजूरी दे दी है. इससे अनुषंगी कंपनी के वित्तीय परिणामों की घोषणा से पहले निदेशक मंडल की बैठक रद्द कर दी गई है. टाटा मेटालिक्स ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि कंपनी के वित्तीय नतीजे घोषित करने के लिए 12 जनवरी को होने वाली निदेशक मंडल की बैठक रद्द कर दी गई है.

## निखिल राव बनें मुख्य विपणन अधिकारी

**नयी दिल्ली।** चॉकलेट व कन्फेक्शनरी निर्माता मार्स रिगली इंडिया ने निखिल राव को अपना मुख्य विपणन अधिकारी (सीएमओ) नियुक्त करने की शुक्रवार को घोषणा की. राव मोंडेलेज से मार्स रिगली इंडिया में शामिल हुए हैं. कंपनी की ओर से जारी बयान के अनुसार, इस नई स्थिति में राव विपणन, रणनीतिक पहल का नेतृत्व करेंगे और भारत में मार्स रिगली की रणनीति के कार्यान्वयन का निर्देशन करेंगे. वह गुरुग्राम में पदस्थ रहेंगे और मार्स रिगली इंडिया के कंट्री जनरल मैनेजर टैमर कादरी के अधीन काम करेंगे. टैमर कादरी ने कहा, राव यह सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे कि मार्स रिगली इंडिया नई तथा गतिशील प्रतिस्पर्धा और लगातार विकसित हो रहे उपभोक्ता रुझानों के लिए नवाचार जारी रखे.

यूएस में बिटकॉइन एक्सचेंज ट्रेडेड फंड को अनुमति मिलने पर आरबीआई गवर्नर बोले

# हम दूसरों का अनुकरण नहीं करेंगे

भाषा। मुंबई

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने दुनिया और इमर्जिंग मार्केट्स के लिए रिस्क का हवाला देते हुए क्रिप्टो पर कहा कि हम दूसरों का अनुकरण नहीं करेंगे. दास ने साफ किया कि क्रिप्टो करंसी के प्रति आरबीआई और उनका अपना विरोध नहीं बदलेगा. उन्होंने कहा कि मुझे नहीं लगता कि दुनिया या उभरते बाजार ट्यूलिप मेनिया जैसा क्रिप्टोमेनिया झेल सकते हैं. गुरुवार एक फाइनैंशल सेक्टर के सेमिनार को संबोधित करते हुए दास ने कहा कि इमर्जिंग इकॉनमी के लिए क्रिप्टो के रास्ते पर चलाना कई रिस्क उत्पन्न करेगा और उनसे निपटना बेहद मुश्किल होगा. क्रिप्टोकरेंसी पर अमेरिका के कदम के बारे में पूछे जाने पर दास ने कहा कि सवाल यह है कि आप उस रास्ते पर क्यों जाना चाहते हैं? आपको क्या मिलने वाला है?' उन्होंने कहा कि मैं इस पर टिप्पणी नहीं करना चाहता कि किसी दूसरे देश ने क्या किया है. वे जानते हैं कि उनके देश के लिए सबसे अच्छा क्या है, लेकिन मैं यह कहना चाहूंगा कि उन्होंने खुद इसमें जोखिमों की पहचान की है और लोगों को बहुत सावधान रहने की सलाह दी है. गौरतलब है कि अमेरिकी रेगुलेटर द्वारा बिटकॉइन एक्सचेंज ट्रेडेड फंड को अनुमति दी गई है और उसके लिए नियमों में आवश्यक बदलाव भी किया है. दास से यह पूछने पर कि क्या वे चुनाव से पहले अंतरिम बजट को महंगाई बढ़ाने वाला मानते हैं? उन्होंने कहा कि सरकार के पिछले रेकॉर्ड को देखते हुए उन्हें नहीं लगता कि अंतरिम बजट से महंगाई बढ़ेगी. उन्होंने बैंकिंग सिस्टम के लिए साइबर सिक्योरिटी को मुख्य चुनौती बताते हुए उसके लिए आवश्यक उपायों का जिक्र किया. गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि भारतीय वित्तीय संस्थानों को लोन देने के मामले में ग्राहकों का आकलन करने के लिए एल्गोरिदम और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर भरोसा करने से बचना चाहिए. उन्होंने कहा कि बैंकों और नॉन-बैंक फाइनैंशल कंपनियों को उधार देने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले मॉडल की मजबूती का मूल्यांकन करना चाहिए. गवर्नर ने कहा कि अगर इसे कम नहीं किया गया तो इस तरह की ग्रोथ आगे चलकर टिकाऊ नहीं होगी. गौरतलब है कि भारतीय रिजर्व बैंक ने हाल के महीनों में रिस्की लेंडिंग पर प्रतिबंध कड़े कर दिए हैं.



**बदलाव नहीं**

- दास ने बहुत सावधान रहने की सलाह दी
- आरबीआई ने रिस्की लेंडिंग पर प्रतिबंध कड़े किये
- एल्गोरिदम पर भरोसा करने से बचना चाहिए

### अमेरिका का क्रिप्टोकरेंसी को लेकर बड़ा फैसला

बता दें कि अमेरिका ने क्रिप्टोकरेंसी को लेकर बड़ा फैसला किया है. अमेरिका रेगुलेटरी ने एक्सचेंज ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) को मंजूरी दे दी है. इससे बिटकॉइन में निवेश करने वाले निवेशकों को बड़ा फायदा होने जा रहा है. अमेरिकी वित्तीय बाजार के लिए ये कदम बड़ा मील का पत्थर साबित हो सकता है. इसके जरिए दुनियाभर में सबसे ज्यादा ट्रेड होने वाली क्रिप्टोकरेंसी बिटकॉइन की पहुंच ज्यादा निवेशकों तक होने का रास्ता खुल गया है. आर्थिक विशेषज्ञों के मुताबिक ये फैसला क्रिप्टोकरेंसी मार्केट के लिए बड़ा गेमचेंजर साबित होने जा रहा है.

### गडकरी ने किया उद्घाटन



नागपुरः केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी शुक्रवार को नागपुर में एएआर-इंडामेर एमआरओ की एक सुविधा के उद्घाटन के दौरान एनसीपी सांसद प्रफुल्ल पटेल और पूर्व सांसद विजय दर्डा के साथ.

# कच्चे तेल में उछाल, 80 डॉलर प्रति बैरल के करीब

**नयी दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में तेजी का रुख है. पिछले 24 घंटे में ब्रेंट क्रूड का मूल्य करीब 2 डॉलर उछलकर 80 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 74 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंच गया है. हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने शुक्रवार को पेट्रोल-डीजल की कीमत में कोई बदलाव नहीं किया है. इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये, डीजल 90.08 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये, डीजल 94.27 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये, डीजल 92.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपये और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है. अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के पांचवें दिन शुरुआती कारोबार में ब्रेंड क्रूड 1.81 डॉलर यानी 2.34 फीसदी की उछाल के साथ 79.22 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है. वहीं, वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड भी 1.80 डॉलर यानी 2.50 फीसदी की बढ़त के साथ 73.82 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है.

उछाल | नए शिखर पर शेयर बाजार, निवेशकों को एक दिन में 3 लाख करोड़ का मुनाफा

# सेंसेक्स-निफ्टी ने बनाया ऑल टाइम हाई का नया रिकॉर्ड

एजेंसी। नयी दिल्ली

घरेलू शेयर बाजार शुक्रवार को जबरदस्त तेजी का गवाह बना. सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों ने शुक्रवार को मजबूती के अपने सारे पिछले रिकॉर्ड तोड़ दिए. शुक्रवार को कारोबार की शुरुआत पॉजिटिव सेंटिमेंट्स के साथ हुई थी. दिन के कारोबार में ज्यादातर समय खरीदारों का जोर बना रहा. हालांकि बाजार में यदा-कदा मुनाफावसूली भी होती रही, इसके बावजूद शेयर बाजार एक बार फिर रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच कर बंद होने में सफल रहा. पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 1.18 प्रतिशत और निफ्टी 1.14 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए. शुक्रवार को दिन भर कारोबार में रियल्टी, आईटी और पीएसयू बैंक सेक्टर के शेयरों में जोरदार खरीदारी होती रही. आईटी इंडेक्स 5 प्रतिशत की तेजी के साथ पिछले 42 महीने के सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंचा. इसी तरह ऑयल एंड गैस तथा रियल्टी इंडेक्स भी 2 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए. कारोबार में हेल्थकेयर और ऑटोमोबाइल सेक्टर में बिकवाली होती रही. ब्रॉडर मार्केट में भी लगातार खरीदारी होती रही, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.36 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ. इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.41 प्रतिशत की बढ़त के साथ कारोबार का अंत किया.

शुक्रवार को बाजार की तेजी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में करीब 3 लाख करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हो गई. बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन कारोबार के बाद बढ़ कर 373.44 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया. जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी गुरुवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 370.44 लाख करोड़ रुपये था. इस तरह निवेशकों को कारोबार से करीब 2.97 लाख करोड़ रुपये का फायदा हो गया. कारोबार में बीएसई में 3,942 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई. इनमें 2,111 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 1,744 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 87 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए. एनएसई में 2,143 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई. इनमें से 1,116 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान और 1,027 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए. इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 19 शेयर बढ़त के साथ और 11 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए. जबकि निफ्टी में शामिल शेयरों में से 31 शेयर हरे निशान में और 19 शेयर लाल निशान में बंद हुए. बीएसई का सेंसेक्स 426.89 अंक की मजबूती के साथ 72,148.07 अंक के स्तर पर खुला. कारोबार की शुरुआत होने के बाद से ही खरीदारों ने अपना जोर बना दिया, जिसके कारण इस सूचकांक की चाल में तेजी आ गई.



पूरे दिन के कारोबार के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से इंफोसिस 7.93 प्रतिशत, ओएनजीसी 5.45 प्रतिशत, टेक महिंद्रा 4.69 प्रतिशत, एलटी माइंडट्री 4.65 प्रतिशत और टीसीएस 3.94 प्रतिशत की मजबूती के साथ टॉप 5 गेनर्स की सूची में शामिल हुए. दूसरी ओर, सिप्ला 1.33 प्रतिशत, अपोलो हॉस्पिटल 1.26 प्रतिशत, अल्ट्राटेक सीमेंट 1.13 प्रतिशत, बजाज फिनसर्व 1.04 प्रतिशत और पावर ग्रिड कॉरपोरेशन 1.01 प्रतिशत की गिरावट के साथ टॉप 5 लूजर्स की सूची में शामिल हुए.

## पेज एक का शेष...

### डीसी मुझ पर सांसद को गिरफ्तार करने का डालते थे दबाव

इतना ही नहीं और निशिकांत दुबे को जबरन गिरफ्तार करने का अक्सर दबाव बनाते थे. गृह विभाग को सुभाष चंद्र जाट के द्वारा लिखे पत्र में कहा गया है कि डीसी मंजूनाथ भजंत्री ने लोकसभा समिति के सामने निशिकांत दुबे के खिलाफ गलत शिकायत करने का भी दबाव बनाया था. लिखे पत्र के मुताबिक लोकसभा समिति सांसद द्वारा मंजूनाथ भजंत्री के खिलाफ लाए प्रिविलेज मोशन की जांच कर रही थी.



### सांसद का पक्ष लेने का भी आरोप लगाते थे

सुभाष चंद्र जाट में अपने पत्र में आगे लिखा है कि मंजूनाथ भजंत्री जिला थाना प्रभारी और जांच अधिकारी से गुप्त फाइलें मंगवाते थे, वे एसपी के मना करने के बावजूद जबरन फाइल पढ़ते थे. उन्होंने सांसद दुबे का कभी भी सहयोग नहीं किया. वहीं भजंत्री ने सांसद के खिलाफ मधुपुर थाना में दर्ज एक मुकदमे में भी जबरन गिरफ्तार करने का दबाव बनाया था साथ ही वे एसपी सुभाष पर सांसद का पक्ष लेने का भी आरोप लगाते थे.

## राशिफल



आचार्य प्रणव मिश्रा

**मेष** कर्म भाव में चन्द्र है. किसी सरकारी कार्य में गति मिलेगी. पिता से लाभ होगा. जल्दबाजी में कोई निर्णय न लें. व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेगा. आय में निश्चितता रहेगी. नौकरी में कार्यभार बढ़ेगा.

**वृषभ** भाग्य का साथ मिलेगा. ससुराल से शुभ समाचार मिलेगा. धर्म में मन लगेगा. व्यापार लाभदायक रहेगा. पारिवारिक सहयोग मिलेगा. घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी. लेन-देन में सावधानी रखें. इत्र का दान करें.

**मिथुन** किसी महिला मित्र से अनबन होगी. अचानक खर्च होगा. सत्संग का लाभ मिलेगा. आत्मशांति रहेगी. यात्रा संभव है. व्यापार ठीक चलेगा. नौकरी में चैन रहेगा. दूसरों की जवाबदारी न लें. थकान रह सकती है.

**कर्क** जीवनसाथी के सहयोग से कोई शुभ कार्य होगा. किसी भी प्रकार के विवाद में न पड़ें. जोखिम व जमानत के कार्य टालें. व्यापार ठीक चलेगा. आय में निश्चितता रहेगी. मित्रों के साथ समय अच्छा व्यतीत होगा.

**सिंह** यदि बहुत जरूरी नहीं हो तो ऋण लेने से बचें. साथ ही मानसिक रोग से बचें. शारीरिक कष्ट संभव है. जल्दबाजी से हानि होगी. जोखिम व जमानत के कार्य टालें. समय अनुकूल नहीं है. अन्न दान करें.

**कन्या** समस्या का हल सहज ही प्राप्त नहीं होगा. किसी वरिष्ठ व्यक्ति का सहयोग मिलेगा. भाग्य अनुकूल है. व्यापार-व्यवसाय में वृद्धि होगी. धन प्राप्ति सुगम होगी. शत्रुओं का पराभव होगा. किसी व्यक्ति की बातों में न आएं.

**तुला** माता के स्वास्थ्य पर ध्यान दें. कार्य नहीं होने से मनमुटाव होगा. पार्टी व पिकनिक का आयोजन हो सकता है. नौकरी में कार्य की प्रशंसा होगी. जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा. घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी.

**वृश्चिक** भाई बहन के साथ कही घूमने का योग होगा. समय अनुकूल है. नौकरी में सहकर्मी साथ देंगे. ऐश्वर्य व आरामदायक साधनों पर व्यय होगा. जोखिम व जमानत के कार्य टालें. कार्य होगा पर जल्दबाजी से बचें.

**धनु** सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी. घर-बाहर पूछ-परख रहेगी. लेन-देन में सावधानी रखें. अपरिचितों पर अंधविश्वास न करें. कारोबार ठीक चलेगा. भाग्य अनुकूल है. समय का लाभ लें. मिठाई का दान करें.

**मकर** किसी बड़े काम को करने की योजना बनेगी. आत्मसम्मान बना रहेगा. व्यापार लाभदायक रहेगा. घर-परिवार में कोई मांगलिक कार्य का आयोजन हो सकता है. घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी. अन्न का दान करें.

**कुंभ** नेत्र रोग से बचें. धन के आगमन पर मन खुश होगा. समय अनुकूल है. धन प्राप्ति सुगम होगी. समय अनुकूल है. जोखिम व जमानत के कार्य टालें. परिवार के साथ समय प्रसन्नतापूर्वक व्यतीत होगा. काला वस्तु का दान करें.

**मीन** आय के लिए दिन अच्छा है. गलत लोगों से बचना चाहिए. अच्छी खबर मिल सकती है. दौड़धूप से स्वास्थ्य पर असर पड़ सकता है. आय बनी रहेगी. व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा. गुरु गायत्री मंत्र का जाप करें.

# उत्तर-पश्चिम से आनेवाली हवाओं से झारखंड का 7 डिग्री से. तक गिरा पारा

शुभम किशोर। रांची

झारखंड में उत्तर-पश्चिमी से आने वाली हवाओं ने ठंड बढ़ा दिया है. मौसम विभाग के अनुसार पिछले 24 घंटे में राज्य में 3 से 7°C तक न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई. पिछले कुछ दिनों में पश्चिमी विक्षोभ ने झारखंड में सर्द हवा के प्रवाह को रोक दिया था. विक्षोभ खत्म हो गया है और उत्तर से चलने वाली उत्तर-पश्चिमी हवा से झारखंड के तापमान में गिरावट दर्ज की गई है. राज्य में अगले 3-4 दिनों के दौरान न्यूनतम तापमान में कोई बड़े बदलाव की संभावना नहीं है. 15 जनवरी के बाद से धीरे-धीरे 2-3°C की वृद्धि हो सकती है. वहीं 17-18 जनवरी को राज्य में कहीं-कहीं पर हल्के दर्जे की वर्षा होने की संभावना है. आने वाले दिनों में धुंध के बाद में आसमान साफ़ रहेगा और मौसम



शुष्क रहेगा. पिछले 24 घंटे में राज्य में मौसम शुष्क रहा. सबसे अधिक उच्चतम तापमान 27.6°C चाईबासा में जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान 5.7°C गढ़वा में दर्ज किया गया. मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने कहा कि अभी लोगों को खास ध्यान रखने की जरूरत है. सभी गर्म पेय पदार्थ लें. साथ ही पूरे और गर्म कपड़े पहने. रांची का न्यूनतम पारा 10°C के नीचे आ गया है.

**तापमान डिग्री से. में**

- रांची 23 .1, 9 .6
- जमशेदपुर 27 .1, 10 .8
- डाल्टेनगंज 26 .2, 6 .8
- बोकारो थर्मल 23 .1, 7 .1
- चाईबासा 27 .6, 9 .6
- देवघर 23 .2, 9 .1
- गिरिडीह 21 .9, 7 .9
- गढ़वा 22 .9, 5 .7

रांची डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने कहा कि जिला प्रशासन अपने स्तर से तमाम प्रयास कर रहा है. मुख्य चौराहों पर अलाव की व्यवस्था, शेल्टर होम में रहने के पुखते इंतजाम और लगातार कंबल का वितरण किया जा रहा है.

## अचानक बढ़ी कड़ाके की ठंड से कांपा पलामू

**मेदिनीनगर।** उत्तर–पश्चिमी क्षेत्र से आने वाली पहाड़ों की सर्द हवाओं से पलामू के मौसम का मिजाज बदल गया है. दिन में धूप, लेकिन दोपहर बाद ठंडी हवाओं से कनकनी बढ़ गई है. यह स्थिति अगले पांच से छह दिनों तक रहने की संभावना है. अचानक आए मौसम में बदलाव से पलामू जिले के न्यूनतम तापमान में सात डिग्री तक की गिरावट दर्ज की गई है. शुक्रवार को न्यूनतम तापमान 6 .08 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया. 24 घंटे पहले 14 डिग्री सेल्सियस रहा था. हालांकि अधिकतम तापमान में एक डिग्री की बढ़ोतरी दर्ज की गई है. 26 .02 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया. 17 जनवरी को बारिश के आसार है. बादलों के छाने के बाद पारा चढ़ेगा, तभी राहत मिलने की संभावना है. मौसम विज्ञान केन्द्र रांची के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि उत्तरी भारत शीतलहर की चपेट में है. वहां से आ रही ठंडी हवाओं की वजह से पलामू सहित राज्यभर में ठंड बढ़ गई है. अगले पांच दिनों में न्यूनतम तापमान में चार से पांच डिग्री की गिरावट होगी. ऐसी स्थिति 13 और 14 जनवरी को भी रहेगी. 15 जनवरी को न्यूनतम तापमान 10 डिग्री के आसपास रहने की संभावना है. 17 जनवरी को एक बार फिर हल्के दर्जे की बारिश होने की संभावना है. अगले तीन दिनों तक सुबह में कोहरा और धुंध छाया रहेगा. बाद में आसमान साफ और मौसम शुष्क रहेगा .इस सीजन में पहली बार अचानक आए मौसम में बदलाव से जनजीवन पर असर पड़ा है. सुबह, शाम और रात को घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है. कनकनी से हाथ पांव फूटने लगे हैं. लोग आग तापकर शरीर को गर्म कर रहे हैं.

### जनजातीय युवा कला एवं सांस्कृतिक समागम का समापन, बोले राज्यपाल

# प्रकृति प्रेमी होता है जनजातीय समुदाय

प्रमुख संवाददाता। रांची

राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा है कि जनजातीय समुदाय प्रकृति प्रेमी होते हैं. वे जड़ी-बूटियों के बारे में बहुत कुछ जानते हैं. पारंपरिक कौशल उनकी विरासत का हिस्सा है, आवश्यकता है उनके पारंपरिक कौशल को और भी तराशने की. झारखंड खनिज संपदा के मामले में सबसे अव्वल राज्य है. हम इस संसाधन का उपयोग कर एवं साझा प्रयास कर इसका समग्र विकास कर सकते हैं. इसके लिए युवा शक्ति को भी आगे आना होगा. राज्यपाल शुक्रवार को विकास भारती द्वारा आयोजित 'जनजातीय युवा कला एवं सांस्कृतिक समागम 2024' कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे. उन्होंने कहा स्वामी विवेकानंद का जीवन हमें आत्मविश्वासी एवं समर्पित होकर राष्ट्र को और सशक्त बनाने हेतु कार्य करने के लिए प्रेरित करता है.

**विकास भारती सराहना का पात्र :** राज्यपाल ने कहा कि विकास भारती पिछले 41 वर्षों से जनजातियों के उत्थान की दिशा में लगातार कार्य करता आ रहा है, इसके लिए संस्था सराहना के पात्र हैं. इस संस्थान ने शिक्षा, रोजगार, महिला स्वावलंबन, कौशल विकास और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी उल्लेखनीय कार्य किया है. पीएम नरेंद्र मोदी का भी मानना है कि समग्र विकास की अवधारणा तभी फलीभूत होगी जब सुदूरवर्ती गांवों में रहने वाले लोगों का आर्थिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक विकास होगा. हमलोगों के लिए गर्व की बात है की आदिवासी समाज की एक महिला राष्ट्रपति पद को सुशोभित कर रही हैं. राज्य के जनजातियों के विकास के केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा द्वारा लगातार कार्य किया जा रहा है. उन्होंने 85 से अधिक एकलव्य विद्यालय की सौगात झारखंड को दी है. इस दौरान राज्यपाल ने विभिन्न स्टालों का भ्रमण किया. असुर जनजातीय की लौह निर्माण की कला को भी देखा.



**खास बातें**

- संसाधन का उपयोग कर व साझा प्रयास से होगा विकास
- पारंपरिक कौशल उनकी विरासत का अहम हिस्सा है



### राज्यभर के 32 जनजातीय समाज के लोग शामिल हुए

**रांची।** विकास भारती के स्थापना दिवस के मौके पर राज्यभर के 32 जनजातीय समाज के लोग शामिल हुए. बरियातु के विकास भारती के 43 वां स्थापना दिवस समारोह का शुक्रवार को समापन हो गया, जिसमें असुर जनजाति की ओर से लाल मिट्टी और कोयला से लोहा बनाने की परंपरा की प्रदर्शनी लगायी गयी थी. कुम्हार द्वारा चक्की के माध्यम से दीया बनाने का कला का प्रदर्शन किया गया. हाथ से बनाये गये विभिन्न डिजाइन के पटिया का भी स्टॉल में प्रदर्शन किया गया. इस अवसर पर 18 विभिन्न जनजातीय समूहों द्वारा अपनी–अपनी संस्कृति के अनुसार पारम्परिक नृत्य–गान एवं वाद्ययंत्र का मंच के माध्यम से प्रदर्शन किया गया और साथ ही संस्था के अन्तर्गत विभिन्न परियोजनाओं के द्वारा (कृषि विज्ञान केन्द्र, जन शिक्षण संस्थान आदि) 19 स्टॉलों के माध्यम से जीवंत प्रदर्शनी को प्रस्तुत किया गया. समारोह में झारखंड राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों से 10 हजार से अधिक युवा एवं युवतियां शामिल हुए.

## बदस्तूर जारी है जंगली हाथियों का उत्पात, दहशत में ग्रामीण

संवाददाता। चांडिल

चांडिल अनुमंडल क्षेत्र में जंगली हाथियों का उत्पात बदस्तूर जारी है. नीमडीह प्रखंड के आंडा में कुंआ में गिरकर हाथी के मरने के बाद जंगली हाथियों का झुंड बौखला गया है. हाथियों का झुंड रोज किसी ना किसी गांव में अपनी दमदार उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं. गुरुवार की रात जंगली हाथियों का झुंड कुकड़ प्रखंड के सिरूम गांव में डेरा जमाया हुआ था. बीते कई दिनों से जंगली हाथियों का झुंड इसी क्षेत्र में डेरा जमाए हुए है, जिसके कारण ग्रामीण दहशत में हैं. लोग शाम ढलने के बाद घर से निकलना बंद कर दिए है.

**धान खाया, दरवाजा तोड़ा :** गुरुवार की रात जंगली हाथियों का झुंड कुकड़ प्रखंड के सिरूम में अपनी उपस्थिति दर्ज कराया. हाथियों के झुंड ने सिरुम निवासी अजय सिंह का धान चट कर गए. वहीं मनोज सिंह के खेत में लगे आलू को अपना निवाला बनाया. हाथियों ने जाते-जाते चित्तरंजन हालदार के मकान का दरवाजा भी तोड़ दिया. वहीं रास्ते में लक्ष्मी कुमार के जमीन पर लगे एक पेड़ को भी तोड़ दिया. जंगली हाथियों के उत्पात से ग्रामीण परेशान हो गए है.

## वन विभाग में हेड ही नहीं, एक पद पीसीसीएफ का भी खाली

संवाददाता। रांची

राज्य सरकार के वन विभाग में हेड ऑफ डिपार्टमेंट ही नहीं हैं. एल खियांग्यते के मुख्य सचिव बनने के बाद से वन विभाग में हेड ऑफ डिपार्टमेंट का पद खाली हो गया है. इससे पहले इस विभाग की जिम्मेवारी एल खियांग्यते के पास भी थी. वहीं पीसीसीएफ का भी एक पद खाली है. राज्य पीसीसीएफ के चार पद हैं. फिलहाल इस रैंक के तीन अफसर ही कार्यरत हैं. प्रधान मुख्य वन संरक्षक (पीसीसीएफ) का एक और पद 31 जनवरी को खाली हो जाएगा. कलवंत सिंह 31 जनवरी को रिटायर होंगे.

**वर्तमान में कौन-कौन हैं पीसीसीएफ रैंक के अफसर**

- संजय श्रीवास्तव (पीसीसीएफ हॉफ)
- कलवंत सिंह( पीसीसीएफ वाइल्ड लाइफ)
- शशिकर सामंता( बंजर भूमि अभिकरण, प्रभार में प्रदूषण बोर्ड के अध्यक्ष)

कलवंत सिंह फिलहाल पीसीसीएफ वाइल्ड लाइफ के पद पर पदस्थापित हैं. वहीं बायोडायवर्सिटी बोर्ड में अध्यक्ष का पद खाली है. यह पद पीसीसीएफ रैंक का है. प्रोन्नति के लिए बैठक भी नहीं हुई है.

## भाजपा कार्यालय से लवकुश रथ रवाना



**रांची।** भाजपा के प्रदेश कार्यालय से लवकुश रथ को रवाना किया.यह रथ कुशवाहा महासभा की ओर से निकाला गया है. इसके माध्यम से पूरे प्रदेश में अयोध्या राम मंदिर में राम लला की प्रतिष्ठा के अवसर पर अक्षत निमंत्रण वितरण किया जाएगा. राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश और विधायक कुशवाहा शशिभूषण मेहता समेत कई नेता इस मौके पर मौजूद थे. कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने कहा कि कुशवाहा समाज लव कुश का वंशज है. आज जब भगवान राम 500वर्षों के बाद अपने घर में विराजमान होने जा रहे हैं, तब यह समाज के लिए गौरव का क्षण है. उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में कुल 8 रथ निकाले जा रहे हैं, जिसके माध्यम से गांव गांव में निमंत्रण अक्षत का वितरण किया जाएगा.

## सीसीएल का निःशुल्क मेडिकल कैंप



**रांची।** बुकरू नगरी बस्ती में सीसीएल के जन आरोग्य केन्द्र द्वारा निःशुल्क चर्म रोग (लेप्रोसी) सहित अन्य बीमारियों के स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया. शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा 142 लोगों की जांच की गयी एवं चिकीत्सीय परामर्श दिया गया. शिविर में विशेषकर हाईपरटेंशन, कुष्ठ रोग एवं आंख का निःशुल्क जांच किया गया, जिसमें 60 लोगों का शुगर एवं 42 लोगों के हिमोग्लोबीन की भी जांच की गयी. शिविर के सफल आयोजन में सीएमएस सीसीएल डॉ. रत्नेश जैन, सीएमएस मयूरी भट्टाचार्य, प्रीती तीग्गा, डॉ. शशिकान्त प्रसाद, डॉ. अनिता होरो, डॉ. अम्बरीश कुमार, डॉ. अंकुर, डॉ. पायल, डॉ. शिखा, कमलेश पंडित एवं अन्य का महत्वपूर्ण योगदान रहा.

### एमपीएल को मिला पर्यावरण उत्कृष्टता पुरस्कार

# ऐसी उपलब्धियां हमें और जिम्मेदार बनाती हैं : सीईओ




संवाददाता। मैथन (धनबाद)

पर्यावरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए मैथन पावर लिमिटेड (एमपीएल) को पर्यावरण उत्कृष्टता पुरस्कार (प्लेटिनम पुरस्कार, उच्चतम श्रेणी) से नवाजा गया है. यह पुरस्कार 11 जनवरी को कोलकाता में आयोजित 17वां पर्यावरण साझेदारी शिखर सम्मेलन में इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स की ओर से प्रदान किया गया है. सम्मेलन में एमपीएल के आपरेशन हेड प्रवीण वी राउत एवं पर्यावरण विभाग के हेड पीके बंधु ने यह पुरस्कार ग्रहण किया. एमपीएल को यह पुरस्कार आईसीसी ओएचएसई कमेटी के चैयरमैन एवं ईएच हेड डॉ. कृष्णा निर्माल्या तथा डब्ल्यूबी पीसीबी के सदस्य सचिव डॉ. राजेश कुमार (आईपीएस) ने प्रदान किया. मौके पर पश्चिम बंगाल के प्रभारी पर्यावरण मंत्री मो. गुलाम रब्बानी भी उपस्थित थे. इस उपलब्धि पर एमपीएल के सीईओ विजयंत रंजन ने खुशी जाहिर करते हुए कहा है कि उपलब्धियां हमें और जिम्मेदार बनाती है. इसलिए और बेहतर करते हुए इस सिलसिला को जारी रखना चाहिए, ताकि सभी मानकों पर खरा उतरते हुए सदैव शीर्ष पर रहें. सीईओ श्री रंजन ने पर्यावरण विभाग सहित पूरे एमपीएल टीम को बधाई दी है. एमपीएल के वरीय अधिकारी सुधाकर टंडन, डीके गंगवाल, काजल कुमार सिंह, सुप्रतीक मुखर्जी आदि ने हर्ष जाहिर करते हुए बधाई दी है.

## जोहार नीतीश यात्रा को लेकर चला जदयू का रंगारंग प्रचार अभियान

**कोडरमा।** जोहार नीतीश यात्रा को लेकर झुमरीतिलैया के विभिन्न चौक चौराहो पर नुक्कड़ नाटक और गीत संगीत पेश किया गया. बता दें कि बिहार के मुख्यमंत्री सह जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार 3 फरवरी को झारखंड के रामगढ़ पहुंचेंगे. कार्यक्रम की तैयारी को लेकर व्यापक प्रचार प्रसार किया जा रहा. झुमरीतिलैया में सामन्तो पेट्रोल पंप, स्मार्ट बाज़ार, स्टेशन परिसर, झंडा चौक, गझण्डी ऑटो जीप स्टैंड, कलामन्दिर, विशुनपुर रोड में कलाकारों ने गीत-संगीत और नुक्कड़ नाटक कर जोहार नीतीश यात्रा का प्रचार प्रसार किया. जदयू जिलाध्यक्ष कृष्णा सिंह घटवार ने नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड की धरती पर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आ रहे हैं. जोहार नीतीश यात्रा के जरिये झारखंड में जदयू अपनी राजनीतिक हिस्सेदारी बढ़ाएगी. जदयू जोहार यात्रा के जरिये अपनी ताकत का एहसास कराएगी. उन्होंने कहा कि वर्तमान राजनीति घटनाक्रम में जोहार नीतीश यात्रा ऐतिहासिक साबित होगी.

# अंडर 19 फुटबॉल प्रतियोगिता में चैंपियन बनीं झारखंड की बेटियां

खेल संवाददाता। रांची



पंजाब के लुधियाना में संपन्न हुए 67 वीं राष्ट्रीय स्कूल गेम्स प्रतियोगिता के अंतर्गत अंडर 19 बालिका वर्ग फुटबॉल प्रतियोगिता में झारखंड की बेटियों चैंपियन बनीं. फ़ाइनल मुकाबले में झारखंड ने पश्चिम बंगाल को 2-1 से पराजित कर टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया. इस प्रतियोगिता में शुरू से ही झारखंड की टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में पंजाब को 3-0 से हराकर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली थी. फ़ाइनल मुकाबले में राज्य की बेटियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पश्चिम बंगाल की टीम को पराजित कर दिया. टीम में एलिजाबेथ एक्का(कप्तान), पुष्पा कुमारी(गोलकीपर), संध्या कुमारी(गोलकीपर), रीना कुमारी, कल्याणी कुमारी, अल्फा कंडुलना, ममता कुमारी, रौशनी तिग्गा, श्रेया पूर्ती, खुशबू लिंडा, अर्चना कुमारी, पूजा कुमारी, सनीता कुमारी, नैना कुमारी, रीना टोप्पो, सीमा कुमारी, विनीता कुमारी शामिल थी. झारखंड टीम की इस कामयाबी पर राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी श्री धीरसेन सोरेन ने कहा कि हमारी टीम ने एक योद्धा की तरह पूरे टूर्नामेंट में खेला है, और कभी भी अपने जज्बे को नहीं खोया. इस जीत के लिए टीम के सभी सदस्य बधाई के पात्र है. झारखंड की अंडर 19 बालिका फुटबॉल टीम की सफलता पर स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव के रवि कुमार, झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद की निदेशक किरण कुमारी पासी, राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन सोरेंग समेत खेल और शिक्षा के अन्य पदाधिकारियों ने टीम को बधाई दी.

**खास बातें**

- फ़ाइनल मुकाबले में झारखंड ने पश्चिम बंगाल को हराया
- राज्य के कार्यक्रम पदाधिकारी ने टीम को दी बधाई

### एक शाम युवाओं के नाम | स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर हरमू मैदान में विशेष कार्यक्रम का आयोजन

# हनुमान चालीसा अपने आप में एक संपूर्ण मंत्र : विजय शंकर मेहता

संवाददाता। रांची

श्री हनुमान सेवा संस्थान रांची के तत्वावधान में शुक्रवार को स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के उपलक्ष्य में एक शाम युवाओं के नाम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम संध्या सात बजे हनुमान चालीसा से प्रारंभ हुआ, जिसमें प्रसिद्ध कथावाचक संत पं. विजय शंकर मेहता द्वारा हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ कराया गया. इस पाठ में देश-विदेश के पांच करोड़ से अधिक लोग संस्कार टीवी एवं अन्य टीवी चैनलों के माध्यम से लाइव जुड़े थे.

इस अवसर पर पं. मेहता ने कहा कि परम पिता की असीम अनुकंपा है कि स्वामी विवेकानंद की पावन जयंती के अवसर पर हम हनुमान जी का



स्मरण कर रहे हैं. इसके साथ ही आज हम मातृ शक्ति पर चर्चा करेंगे। उन्होंने मां कौशल्या की भी चर्चा की अयोध्या में श्री राम के आगमन पर की। उन्होंने कहा कि विवेकानंद जी कहते हैं कि कोई भी सफलता बिना संघर्ष के नहीं मिल सकती। जीवन में जब भी चुनौतियों का सामना करना पड़े, हमेशा मुस्करा कर करें। उन्होंने कहा कि हनुमान चालीसा अपने आपमें एक संपूर्ण मंत्र है।विवेकानंद जी कहते हैं, हनुमान जी से सीखो. जहां भी रहो सही रहो. हनुमान जी की सेवा से जुड़े रहो। विवेकानंद जी से प्रेरणा लें, ताकि कितनी भी निंदा हो अपने लक्ष्य से आप न भटकें। उन्होंने सहनशील बनने के सात उपाय बताते हुए कहा कि रात में सोने और उठने के बाद हनुमान जी का अवश्य ध्यान करो।

इस अवसर पर मंचासीन पं. मेहता को श्री हनुमान सेवा संस्थान रांची के अध्यक्ष राकेश भास्कर ने माल्यार्पण व अंग वस्त्र से अभिनंदन और स्वागत किया। उन्होंने समारोह में मौजूद लोगों का स्वागत करते हुए कहा कि विगत 13 सालों से यह कार्यक्रम होता आया है और आगे भी होता रहेगा. इस अवसर पर पं. मेहता से सांसद समीर उरांव, सांसद संजय सेठ, राकेश भास्कर, धर्मेंद्र तिवारी, प्रमोद सारस्वत, इंद्रजीत यादव, अरुण झा, सुरेश सिंह, राज किशोर सिंह, विमलेश सिंह, गोपाल सोनी, नवीन झा, केके गुप्ता, अजय सिंह, रामचंद्र जायसवाल,अरुण कुमार सिंह सहित काफी लोगों ने आशीर्वाद प्राप्त किया.

### पं. विजय शंकर मेहता ने किया पौधारोपण



रांची। कथावाचक पं. विजय शंकर मेहता तथा सांसद समीर उरांव शुक्रवार को हरमू में पौधा रोपण किया व स्वछता अभियान में शामिल हुए .पं. मेहता के सांनिध्य में प्रात: 8 :30 बजे से वृक्षारोपण, स्वच्छता अभियान व दोपहर 12 :30 बजे से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य रूप से सांसद समीर उरांव अध्यक्ष राकेश भास्कर, संरक्षक प्रमोद सारस्वत ,सुरेश सिंह,अरुण कुमार झा इंद्रजीत यादव, नवीन झा ,सहित काफी

## हरमू मैदान में आज से श्री राम कथा की ज्ञानवर्षा



संवाददाता। रांची

श्री हनुमान सेवा संस्थान व श्री राम कथा आयोजन समिति, रांची के तत्वावधान में 13 जनवरी से 21 जनवरी 2024 तक रांची के हरमू मैदान में नौ दिवसीय श्रीराम कथा का भव्य आयोजन किया जाएगा. आयोजन समिति के अध्यक्ष राकेश भास्कर ने बताया कि महामंडलेश्वर स्वामी डॉ उमाकान्तानन्द सरस्वती श्रीराम कथा की ज्ञानवर्षा करेंगे. आयोजन के निमित्त 13 जनवरी को अपराह्न एक बजे हरमू मैदान के समीप हाईकोर्ट मंदिर से 500 महिलाओं द्वारा कलश शोभा यात्रा निकाली जाएगी, जो हरमू मैदान कथा स्थल पहुंचेगी. समिति के प्रवक्ता प्रमोद सारस्वत ने बताया कि 13 जनवरी से 21जनवरी 2024 तक चलने वाले कथा का समय प्रतिदिन दोपहर 3:00 बजे से सायं 7:00 बजे तक रहेगा. कथा स्थल पर विशाल पंडाल बन रहा है.जिसमे 4000 से भी ज्यादा लोगों के बैठने की व्यवस्था उपलब्ध रहेगी.पंडाल के अंदर लाइट की सुविधा के संग कुर्सियों की व्यवस्था श्रोताओ के लिए रखी गयी है.

## आज के मुकाबले

- जर्मनी बनाम चिली (पूल ए, दोपहर 12 बजे)
- जापान बनाम चेक रिपब्लिक (पूल ए, दोपहर 2 .30 बजे)
- न्यूजीलैंड बनाम इटली (पूल बी, शाम 5 बजे)
- भारत बनाम अमेरिका (पूल बी, शाम 7 .30 बजे)



## आज से हॉकीमय होगी रांची

### खतरनाक साबित हो सकता है अमेरिका



भारत और अमेरिका ने 1983 के बाद से एक दूसरे के खिलाफ 15 बार खेला है जिसमें से नौ बार अमेरिका ने जीत दर्ज की जबकि भारत चार ही बार जीत सका और दो मैच ड्रॉ रहे. रैंकिंग में नीचे होने के बावजूद अमेरिकी टीम खतरनाक साबित हो सकती है. भारत की मुख्य कोच यानेके शॉपमैन ने टूर्नामेंट से पूर्व प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि हम एशियाई खेलों के जरिये ओलंपिक के लिये क्वालीफाई करने से चूक गए लेकिन अब वह बीती बात है.

### रूपिंदरपाल सिंह का मंत्र 'फर्स्ट रशर' को पछाड़ो

भारतीय महिला हॉकी टीम में पेनल्टी कॉर्नर को गोल में तब्दील नहीं कर पाना पिछले कुछ समय से परेशानी का कारण बना हुआ है और पूर्व स्टार ड्रैग फ्लिकर रूपिंदरपाल सिंह का मानना है कि इसमें सफलता पाने का तरीका 'फर्स्ट रशर' (रोकने के लिए पहले भागकर आने वाले) को पछाड़ना है. पेनल्टी कॉर्नर की समस्याओं को ठीक करने के लिए पूर्व भारतीय पुरुष टीम के ड्रैग फ्लिक विशेषज्ञ रूपिंदर ने शनिवार से यहां शुरू होने वाले एफआईएच ओलंपिक क्वालीफायर से पहले महिला टीम को पांच दिन तक गुर सिखाये.

**एफआईएच ओलंपिक क्वालीफायर : अमेरिका के खिलाफ आज अपने अभियान की शुरुआत करेगा भारत**

# पेरिस का टिकट कटाना चाहेगी भारतीय टीम

संवाददाता । रांची

एशियाई खेलों में तीसरे स्थान पर रहने की निराशा से उबरते हुए भारतीय महिला हॉकी टीम एफआईएच ओलंपिक क्वालीफायर में शनिवार को अमेरिका के खिलाफ अपने अभियान का आगाज करेगी तो उसकी नजरें अपने मैदान पर खेलने का फायदा उठाते हुए पेरिस का टिकट कटाने पर लगी होंगी. मेजबान भारत, जर्मनी, चेक गणराज्य, इटली, जापान, अमेरिका, चिली और न्यूजीलैंड यहां पेरिस ओलंपिक क्वालीफायर में खेलेंगे. पेरिस ओलंपिक 26 जुलाई से 11 अगस्त के बीच खेले जायेंगे. दुनिया की पांचवें नंबर की टीम जर्मनी को इस टूर्नामेंट में सर्वोच्च रैंकिंग वाली टीम है, जबकि भारत छठे स्थान पर है. न्यूजीलैंड रैंकिंग में नौवे स्थान पर है जबकि जापान 11वें, चिली 14वें, अमेरिका 15वें, इटली 19वें और चेक रिपब्लिक 25वें स्थान पर है. भारत को पूल बी में न्यूजीलैंड, इटली, अमेरिका के साथ रखा गया है. वहीं जर्मनी, पूर्व एशियाई चैंपियन जापान, चिली और चेक गणराज्य पूल ए में हैं. अमेरिका के बाद भारत को 14 जनवरी को न्यूजीलैंड और 16 जनवरी को इटली से खेलना है. सेमीफाइनल 18 जनवरी को और फाइनल 19 जनवरी को होगा.



कड़ी चुनौती के लिए भारतीय टीम तैयार

### भारत को पेनाल्टी कॉर्नर में सुधार की जरूरत

भारत को पेनल्टी कॉर्नर में भी सुधार करना होगा जो लंबे समय से समस्या रही है. टूर्नामेंट से ठीक पहले भारत के पूर्व ड्रैग फ्लिकर रूपिंदर पाल सिंह ने खिलाड़ियों को अभ्यास कराया है. शॉपमैन ने कहा कि रूपिंदर काफी अनुभवी खिलाड़ी है और उसे पता है कि डी के भीतर दबाव का सामना कैसे करना है. उसके सत्र से गुरजीत कौर और दीपिका को काफी मदद मिली.

## क्वालीफायर से पहले इटली की टीम ने लिया प्रभु जगन्नाथ का आशीर्वाद



शुभम किशोर । रांची

ओलंपिक क्वालीफायर से पहले सभी आठ देशों की टीम प्रतियोगिता में बेतहर प्रदर्शन के लिए खूब पसीना बहा रही है. लेकिन खाली समय में खिलाड़ी रांची की गलियों और पर्यटन स्थलों का मुआयना भी कर रही है. इसी क्रम में इटली की टीम शुक्रवार सुबह जगन्नाथपुर मंदिर पहुंचीं और भगवान जगन्नाथ के दर्शन और पूजन किये साथ ही प्रभु जगन्नाथ का आशीर्वाद भी लिया. सभी ने फोटो और सेल्फी भी ली. इस दौरान टीम की सभी खिलाड़ियों ने माथे पर दुपट्टा रखा था. खिलाड़ियों ने बताया कि दो दिन पहले वे रांची में खरिदारी करने निकली थीं. वहीं से यह दुपट्टा खरीदा है.



- जगन्नाथ मंदिर पहुंचकर खिलाड़ियों ने की पूजा अर्चना
- माथे पर दुपट्टा रखकर मंदिर पहुंची सभी खिलाड़ी

**रांची के मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में खेले जाएंगे टूर्नामेंट से सभी मैच**

**18** जनवरी को होगा ओलंपिक क्वालीफायर का सेमीफाइनल

**19** जनवरी को होगा ओलंपिक क्वालीफायर का फाइनल मुकाबला

**26** जुलाई से 11 अगस्त के होगा पेरिस ओलंपिक का आयोजन

**05** वें स्थान के साथ टूर्नामेंट में सर्वोच्च रैंकिंग वाली टीम है जर्मनी

## ब्रीफ खबरें

### गोल्फ टूर्नामेंट में दूसरे स्थान पर अवनि

**मेलबर्न** । भारत की अवनि प्रशांत ऑस्ट्रेलियाई मास्टर्स ऑफ अमैच्योर्स गोल्फ चैंपियनशिप के चौथे और आखिरी दौर में तीन अंडर 70 के कार्ड के साथ दूसरे स्थान पर रही. फिलीपींस की रियाने मिखाएला मालिक्सी उनसे एक शॉट आगे रही. अवनि ने कुल छह अंडर 286 स्कोर किया जबकि मालिक्सी का स्कोर सात अंडर 285 रहा.

### विहारी ने रणजी ट्रॉफी की कप्तानी छोड़ी

**मुंबई** । भारतीय खिलाड़ी हनुमा विहारी मौजूदा रणजी ट्रॉफी में आंध्र टीम की अगुआई नहीं करेंगे क्योंकि गुरुवार को वह कप्तानी से हट गये. शुक्रवार को आंध्र के ग्रुप बी मैच में मुंबई के खिलाफ रिकी भुई टीम की अगुआई कर रहे थे. मीडिया रिपोर्ट के अनुसार विहारी का यह निजी फैसला थी और वह अपनी बल्लेबाजी पर ध्यान लगाना चाहते थे.

# सात्विक व चिराग सेमीफाइनल में

भाषा । कुआलालंपुर

विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान पर काबिज सात्विक साईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की अनुभवी भारतीय जोड़ी शुक्रवार को यहां मलेशिया ओपन सुपर 1000 टूर्नामेंट में चीन के रेन जियांग यू और हे जी टिंग की जोड़ी को सीधे गेम में हराकर लगातार दूसरे सेमीफाइनल में पहुंची. पिछले साल एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय जोड़ी ने मैच के दौरान शानदार तालमेल और नियंत्रण दिखाते हुए विश्व रैंकिंग में 32वें स्थान पर काबिज यू और टिंग की जोड़ी को महज 35 मिनट तक चले एकतरफा मुकाबले में 21-11, 21-8 से पराजित किया.

दूसरी वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी को फाइनल में पहुंचने के लिए कोरिया के कांग मिन ह्युक तथा सियो सेउंग जे और मलेशिया की तीसरी वरीयता प्राप्त आरोन चिया तथा सोह वूई यिक की जोड़ी के विजेता से भिड़ना होगा. अश्विनी पोनप्पा और तनीषा क्रास्टो की जोड़ी को महिला युगल क्वार्टर फाइनल में जापान की रिन इवानागा और की नाकानिशी से सीधे गेम में हार का सामना करना पड़ा. विश्व रैंकिंग में 24वें स्थान पर काबिज भारतीय जोड़ी ने इससे पहले शीर्ष रैंकिंग और दो बार की विश्व चैंपियन मायू मात्सुमोतो और वकाना नागाहारा की जोड़ी को हराकर सुर्खियां बटोरी थी. भारतीय जोड़ी हालांकि उस प्रदर्शन को जारी नहीं रख सकी और इवानागा तथा नाकानिशी की जोड़ी से 39 मिनट तक चले मैच को 15-21, 13-21 से हार गयी. यह भारतीय जोड़ी की विश्व रैंकिंग में 15वें स्थान पर काबिज जापान की जोड़ी के खिलाफ दूसरी हार थी.

इवानागा तथा नाकानिशी ने पिछले महीने लखनऊ में सैयद मोदी इंटरनेशनल सुपर 300 के फाइनल में अश्विनी और तनीषा की जोड़ी को हराया था.



**मलेशिया ओपन**

- सात्विक -चिराग ने रेन व जी टिंग की जोड़ी को हराया
- एकतरफा मुकाबले में 21-11, 21-8 से जीती भारतीय जोड़ी

### श्रीलंका क्रिकेट को निलंबन हटने की उम्मीद

**कोलंबो** । अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के सीईओ जैफ अलार्डिस ने हाल ही में श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे और खेलमंत्री हारिन फर्नांडो से 'सार्थक' बातचीत की है जिसके बाद श्रीलंका क्रिकेट ने उस पर लगा अंतरराष्ट्रीय निलंबन वापिस लिये जाने की उम्मीद जताई है. आईसीसी ने श्रीलंका क्रिकेट के कामकाज में राजनीतिक दखल का हवाला देकर पिछले साल नवंबर में उसे निलंबित कर दिया था. श्रीलंका में होने वाला अंडर 19 विश्व कप भी दक्षिण अफ्रीका में आयोजित कराने का फैसला लिया गया. अलार्डिस से बैठक के बाद फर्नांडो ने एक्स पर पोस्ट किया कि उनकी बातचीत सार्थक रही. अलार्डिस अब आईसीसी बोर्ड को रिपोर्ट देंगे. इससे पहले पिछले साल जून में आईसीसी उपाध्यक्ष इमरान ख्वाजा ने भी श्रीलंका का दौरा किया था. पिछले साल नवंबर में तत्कालीन खेलमंत्री रोशन रणसिंघे ने समूचे श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड को भंग करके पूर्व कप्तान अर्जुन रणतुंगा की अध्यक्षता में अंतरिम समिति का गठन किया था.

# मुख्य ड्रॉ में पहुंचे सुमित नागल

भाषा । मेलबर्न

भारत के सुमित नागल स्लोवाकिया के एलेक्स मोलकान को हराकर ऑस्ट्रेलियाई ओपन के एकल मुख्य ड्रॉ में पहुंच गए हैं. नागल ने दो घंटे तीन मिनट तक चले मैच में 6 . 4, 6 . 4 से जीत दर्ज की. उनके प्रतिद्वंद्वी ने दूसरे सेट के दसवें गेम में 30.40 पर डबलफाल्ट किया. नागल का सामना पहले दौर में दुनिया के 31वें नंबर के खिलाड़ी कजाखस्तान के अलेक्जेंडर बुबलिक से होगा. इस समय विश्व रैंकिंग में 139वें स्थान पर काबिज नागल 2021 के बाद पहली बार किसी ग्रैंडस्लैम के मुख्य ड्रॉ में खेलेंगे. उन्हें 2021 में पहले दौर में लिथुआनिया के रिकार्डास बेरांकिस ने हराया था. नागल 2019 और 2020 में अमेरिकी ओपन के मुख्य ड्रॉ में भी पहुंचे थे. उन्होंने 2019 अमेरिकी ओपन में रोजर फेडरर के खिलाफ एक सेट जीता था हालांकि वह मुकाबला हार गए थे. इसके बाद अगले साल वह दूसरे दौर तक पहुंचे थे जिसमें उन्हें डोमिनिक थिएम ने हराया जिन्होंने बाद में खिताब जीता.



**ऑस्ट्रेलिया ओपन**

- मोलकान को हराकर नागल ने मुख्य ड्रॉ में जगह बनायी
- मुख्य ड्रॉ के पहले दौर में अलेक्जेंडर बुबलिक से भिड़ेंगे नागल

**क्रिकेट**

**अफगानिस्तान के खिलाफ पहले टी-20 मैच में दुबे ने किया था शानदार प्रदर्शन**

# धौनी से मिली सीख को अमल करना चाहता था: शिवम दुबे

भाषा । मोहाली

अफगानिस्तान के खिलाफ पहले टी-20 मैच में 40 गेंद में 60 रन बनाने वाले शिवम दुबे ने अपने तेवर और शैली में बदलाव का श्रेय महेंद्र सिंह धौनी को दिया. दुबे के आक्रामक अर्धशतक से भारत ने गुरुवार को छह विकेट से जीत दर्ज की. इस पारी से वह प्लेयर ऑफ द मैच भी बने. दुबे ने कहा कि जब मैं बल्लेबाजी के लिये आया तो उस पर अमल करना चाहता था जो मैच 'फिनिश' करने के बारे में मैने एमएस धौनी से सीखा है. उन्होंने मुझे अलग अलग हालात में खेलना सिखाया और दो तीन टिप्स दिये थे. उन्होंने कहा कि अगर वह मेरी बल्लेबाजी की समीक्षा करते रहेंगे तो मैं अच्छा खेलता रहूंगा. उनकी वजह



से मेरा आत्मविश्वास बढा. दुबे ने इससे पहले पिछले साल हांगझोउ एशियाई खेलों में भारत के लिये खेला था. वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू टी20 श्रृंखला में भारतीय टीम का हिस्सा थे लेकिन खेलने का मौका नहीं मिला.

**रोहित की कप्तानी में धौनी की झलक :** शिवम दुबे ने कहा कि उन्हें रोहित शर्मा की कप्तानी में धौनी की झलक मिलती है. उन्होंने कहा कि दोनों मुझे ऊपरी क्रम में बल्लेबाजी करने देते हैं. अभी बहुत मेहनत करनी है और मुझे पता है कि वे मेरे साथ हैं और चाहते हैं कि मैं अच्छा खेलूं. इससे मेरे भीतर सकारात्मकता आती है. दुबे ने अफगानिस्तान के कप्तान इब्राहिम जदरान का विकेट भी लिया. दुबे ने कहा कि मैने आफ सीजन में अपनी फिटनेस पर काफी काम किया है. इसके अलावा घरेलू क्रिकेट में काफी गेंदबाजी की है जिससे प्रदर्शन में सुधार आया है.

### विश्व कप टीम में जगह बनाना चाहते हैं अक्षर

चोट के कारण वनडे विश्व कप से बाहर रहे स्पिनर अक्षर पटेल ने कहा कि उनकी नजरे आईपीएल 2024 में अच्छा प्रदर्शन करके जून में होने वाले टी-20 विश्व कप के लिये भारतीय टीम में जगह बनाने पर लगी है. अक्षर ने अफगानिस्तान के खिलाफ पहले टी-20 में चार ओवर में 23 रन देकर दो विकेट लिये थे. उन्होंने कहा कि मेरा काम अपना शत प्रतिशत देना है. मैं विश्व कप टीम चयन के बारे में ज्यादा नहीं सोच रहा. अगर सोचूंगा तो दबाव में आ जाऊंगा. उन्होंने कहा कि अभी मेरा फोकस आईपीएल पर है और इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट शृंखला भी खेलनी है.



भारत को वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले विश्व कप से पहले दो और टी-20 मैच खेलने हैं. अक्षर ने कहा कि हमें विश्व कप से पहले दो ही टी-20 और खेलने है.

### हेलिकॉप्टर से मैच खेलने जाएंगे वार्नर

**सिडनी** । टेस्ट क्रिकेट से डेविड वॉर्नर के संन्यास का जश्न जारी है और यह आक्रामक बल्लेबाज बिग बैश लीग में सिडनी थंडर्स के लिये मैच खेलने हेलिकॉप्टर से एससीजी उतरेंगे. हंटर वैली में अपने भाई की शादी से वॉर्नर सीधे हेलिकॉप्टर से आयेंगे जिस पर 'थैंक्स डेव' लिखा होगा. थंडर के तेज गेंदबाज गुरिंदर संधू ने ईएसपीएन क्रिकइन्फो से कहा कि वह हमारे लिये खेलने के लिये काफी मेहनत कर रहा है. वॉर्नर ने पिछले सप्ताह अपने घरेलू मैदान एससीजी पर आखिरी टेस्ट खेला जिसमें आस्ट्रेलिया ने जीत दर्ज की. वॉर्नर वनडे को अलविदा कह चुके हैं लेकिन टी20 खेलते रहेंगे. सिडनी थंडर्स का सामना शुक्रवार को सिडनी सिक्सर्स से होगा. वॉर्नर ने पिछले सत्र में थंडर्स के साथ दो साल का करार किया था.

# अखिल श्योराण को स्वर्ण तोमर ने रजत पदक जीता

भाषा । जकार्ता

भारतीय निशानेबाजों अखिल श्योराण और ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर में पुरूषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंस में शुक्रवार को क्रमशः स्वर्ण और रजत पदक जीते. श्योराण ने 460.2 स्कोर करके आठ निशानेबाजों का फाइनल जीता. वहीं तोक्यो ओलंपिक खेल चुके तोमर 459.0 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रहे. थाईलैंड के टी वोंगसुकदी ने कांस्य पदक मिला. श्योराण, तोमर और स्वप्निल कुसाले ने मिलकर टीम वर्ग में स्वर्ण पदक जीता. भारतीय टीम ने 1758 अंक हासिल किये. चीन 18 अंक पीछे दूसरे ओर दक्षिण कोरिया तीसरे स्थान पर रहा. व्यक्तिगत क्वालीफिकेशन में तोमर 588 अंक लेकर तीसरे और श्योराण 586 अंक के साथ छठे स्थान पर रहे. भारत के नीरज कुमार चैन सिंह ने भी क्वालीफिकेशन में भाग लिया लेकिन सिर्फ रैंकिंग अंक हासिल करने के लिये. वह फाइनल में प्रवेश की पात्रता नहीं रखते थे. भारत के अब दस स्वर्ण, आठ रजत और छह कांस्य पदक हो गए हैं. 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंस में तीनों भारतीयों ने फाइनल में प्रवेश किया. क्वालीफाइंग दौर में ऐश्वर्य दूसरे, श्योराण तीसरे और कुसाले चौथे स्थान पर रहे.

**निशानेबाजी क्वालीफायर**

**460 .2** अंक के साथ श्योराण को स्वर्ण

**459** अंक के साथ दूसरे स्थान पर रहे तोमर

# पीएम मोदी ने कालाराम मंदिर में पूजा..सफाई सेवा भी की...



### ब्रीफ खबरें

**राष्ट्रपति ने स्वामी जी को दी श्रद्धांजलि**

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आध्यात्मिक गुरु व समाज सुधारक स्वामी विवेकानंद की जयंती पर शुक्रवार को उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और आशा व्यक्त की कि उनकी शिक्षाएं और विचार भावी पीढ़ियों का मार्गदर्शन करते रहेंगे. मुर्मू ने 'एक्स' पर पोस्ट में लिखा, मैं स्वामी विवेकानंद की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करती हूं. स्वामी जी ने भारतीयों को उनकी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से अवगत कराने के लिए देश भर में यात्रा की.

**राम मंदिर जरूर जाएंगे : सिद्धरमैया**

**शिवमोगा।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने शुक्रवार को कहा कि 22 जनवरी के बाद उन्हें जब भी समय मिलेगा, वह भगवान राम की पूजा करने अयोध्या जाएंगे. इसके साथ ही उन्होंने कहा कि उस दिन कांग्रेस के नेता एवं कार्यकर्ता राज्यभर में राम मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना करेंगे. उन्होंने इस जिला मुख्यालय शहर में संवाददाताओं से कहा, मुझे (22 जनवरी को) राम मंदिर उद्घाटन के लिए निमंत्रण नहीं मिला है. हम श्री राम के दर्शन के लिए भाजपा के पीछे-पीछे नहीं दौड़ रहे हैं.

**अमेरिका नीत हमलों में पांच लोगों की मौत**

**दुबई।** यमन पर अमेरिकी नेतृत्व वाले हवाई हमलों में कम से कम पांच लोग मारे गए और छह अन्य घायल हो गए. यह जानकारी हुती विद्रोहियों के एक सैन्य प्रवक्ता ने शुक्रवार को दी. ब्रिगेडियर जनरल याह्या सारी ने एक वीडियो टेप संबोधन में यह घोषणा की. सारी ने कहा, अमेरिकी और ब्रिटिश दुश्मन हमारे यमनी लोगों के खिलाफ अपनी आपराधिक आक्रामकता के लिए पूरी तरह से जिम्मेदार हैं और इसका जवाब और दंड दिये बिना नहीं छोड़ा जाएगा.

**उत्तर कोरिया रूसी पर्यटकों के लिए सीमाएं खोलेगा**

**सियोल।** कोविड-19 महामारी के चलते 2020 में लॉकडाउन लगाए जाने के बाद पहली बार उत्तर कोरिया रूसी पर्यटकों के लिए अपनी सीमाएं खोलेगा. रूस सरकार संचालित 'तास' समाचार एजेंसी द्वारा बुधवार को प्रसारित खबर रूस और उत्तर कोरिया के बीच बढ़ते सहयोग को उजागर करती है. पिछले साल सितंबर में रूस के सुदूर पूर्व में एक 'कॉस्मोड्रोम' में उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच हुई बैठक के बाद पर्यटकों की यात्रा शुरू होने वाली है.

**10 लाख का इनामी माओवादी नेता गिरफ्तार**

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल पुलिस ने पुरूलिया जिले से माओवादी नेता सब्यसाची गोस्वामी उर्फ किशोर को गिरफ्तार किया है, जिस पर 10 लाख रुपये का इनाम घोषित था. एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी. उन्होंने बताया कि गोस्वामी को झारखंड सीमा के पास एक जंगल से गुरुवार रात को गिरफ्तार किया गया. उन्होंने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, हमारे पास झारखंड सीमा के समीप जंगलों में उसकी आवाजाही की सूचना थी.

### नासिक में 27वें राष्ट्रीय युवा उत्सव का पीएम नरेंद्र मोदी ने किया उद्घाटन, कहा-

# वंशवाद की राजनीति से देश को बचाएं

**भाषा। नासिक (महाराष्ट्र)**





प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को भारत के आज के युवाओं को 21वीं सदी की सर्वाधिक भाग्यशाली पीढ़ी बताया, जो अमृत काल के दौरान देश को और अधिक ऊंचाइयों पर ले जाने को तैयार है. साथ ही, उन्होंने वंशवादी राजनीति का प्रभाव घटाने के लिए उनसे चुनावी प्रक्रिया में भाग लेने का भी आग्रह किया.

मोदी ने यहां 27वें राष्ट्रीय युवा उत्सव का उद्घाटन करने के बाद उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि वंशवादी राजनीति ने देश को काफी नुकसान पहुंचाया है और उन्होंने युवाओं से यथाशीघ्र मतदाता सूची में अपना नाम शामिल कराने का आग्रह किया. भारत लोकतंत्र की जननी है. यदि युवा मतदान कर अपने राजनीतिक विचार प्रकट करेंगे तो देश का भविष्य अच्छा होगा.

प्रधानमंत्री ने कहा कि पहली बार मतदान करने वाले लोग भारत के लोकतंत्र में नयी ऊर्जा और शक्ति ला सकते हैं. श्री अरविंद और स्वामी विवेकानंद का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि युवाओं में प्रतिबद्धता और बुद्धिमत्ता होने के कारण उनमें अमृत काल में इतिहास रचने की क्षमता है. राष्ट्रीय युवा उत्सव का आयोजन हर साल 12 से 16 जनवरी तक किया जाता है. स्वामी विवेकानंद जयंती 12 जनवरी को मनाई जाती है.

प्रधानमंत्री ने कहा, भारत शीर्ष पांच वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है. यह अपनी प्रतिबद्धता और युवाओं की क्षमता के कारण शीर्ष तीन स्टार्ट-अप परिवेश वाले देशों की सूची में शामिल है. उन्होंने अपने संबोधन के दौरान कहा कि भारत में सबसे सस्ता मोबाइल डाटा विश्व के लोगों को चौंका रहा है. हमें विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनना है. विश्व आज भारत को कौशल प्राप्त कार्यबल वाले देश के रूप में देख रहा है. उन्होंने नागरिकों से, अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले देशभर के मंदिरों और तीर्थ स्थलों पर स्वच्छता अभियान चलाकर श्रमदान करने की अपील की. उन्होंने यह भी कहा कि भारत के युवा योग और आयुर्वेद के 'ब्रांड अंबेसडर' बन रहे हैं.

**खास बातें**

- युवाओं से चुनावी प्रक्रिया में भाग लेने का आग्रह किया
- भारत के युवा योग व आयुर्वेद के 'ब्रांड अंबेसडर' बन रहे हैं

## प्रधानमंत्री ने कालाराम मंदिर में भगवान राम के दर्शन के बाद बजाए झांझ-मजीरे

▪ मंदिर में दर्शन करने से पहले शहर में एक रोड शो भी किया

**नासिक।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को नासिक में भगवान राम के प्रख्यात कालाराम मंदिर में पूजा-अर्चना की और 'भजन-कीर्तन' में शामिल हुए. इस दौरान उन्होंने झांझ-मजीरे भी बजाए. महाराष्ट्र के एक दिवसीय दौरे पर आए प्रधानमंत्री ने शहर के पंचवटी क्षेत्र में गोदावरी नदी के किनारे स्थित मंदिर में दर्शन करने से पहले शहर में एक रोड शो भी किया. प्रधानमंत्री का यह दौरा 22 जनवरी को अयोध्या में भव्य राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा से ठीक 10 दिन पहले हुआ. कालाराम मंदिर के न्यासी वकील अनिकेत निकम और धनंजय पुजारी ने प्रधानमंत्री का स्वागत किया। इस बीच सड़क के दोनों ओर लोगों ने



'जय श्रीराम' के नारे लगाए. मोदी ने मंदिर में भगवान गणेश और भगवान राम का 'पूजन' एवं 'आरती' की जिसमें मुख्य पुजारी, महंत सुधीरदास पुजारी ने अनुष्ठान कराया. प्रधानमंत्री ने मंदिर की प्रदक्षिणा (परिक्रमा) की और 'भजन-कीर्तन' में भाग लिया. इस दौरान उन्होंने अन्य भक्तों के साथ झांझ-मजीरे बजाए. मंदिर के न्यासी सदस्यों ने उन्हें शॉल, प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह, भगवान राम की चांदी की मूर्ति और मंदिर के देवताओं भगवान राम, सीता एवं लक्ष्मण की तस्वीरें देकर सम्मानित किया. मंदिर में उन्हें पंजीरी (प्रसाद) दिया गया. प्रधानमंत्री ने इस दौरान महाकाव्य रामायण की कथा सुनी. उन्होंने विशेष रूप से 'लंका कांड' वाला खंड सुना, जिसमें भगवान राम की अयोध्या वापसी का गान है, रामायण को मराठी में प्रस्तुत किया गया और मोदी ने एआई अनुवाद के माध्यम से हिंदी संस्करण को सुना. मोदी ने मंदिर के पास स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर भी श्रद्धांजलि अर्पित की.

## भावनात्मक मुद्दों का राजनीतिक दुरुपयोग हो रहा है : राहुल

**भाषा। नयी दिल्ली**



कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को दावा किया कि मौजूदा समय में वास्तविक मुद्दों से नजरें फेर कर भावनात्मक मुद्दों का राजनीतिक दुरुपयोग किया जा रहा है, जो देश की जनता के साथ छल है. राहुल गांधी ने 'राष्ट्रीय युवा दिवस' के अवसर पर सोशल मीडिया मंच ''एक्स'' पर पोस्ट किया, देश के युवाओं! आज 'राष्ट्रीय युवा दिवस' पर हमें स्वामी विवेकानंद के विचारों को फिर से याद करने की ज़रूरत है. उन्होंने युवाओं की ऊर्जा को ही एक समृद्ध देश का आधार कहा और पीड़ित एवं निर्धन की सेवा को ही सबसे बड़ी तपस्या बताया था. उन्होंने कहा, युवाओं को विचार करना ही होगा कि आखिर क्या होगी हमारे सपनों के भारत की पहचान? जीवन की गुणवत्ता या सिर्फ भावुकता? उत्तेजक नारे लगाता युवा या रोज़गार प्राप्त युवा? मोहब्बत या नफ़रत? कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने दावा किया कि आज वास्तविक मुद्दों से नज़रें फेर कर भावनात्मक मुद्दों का राजनीतिक दुरुपयोग किया जा रहा है, जो देश की जनता के साथ छल है.

## निमंत्रण न तो व्यक्तिगत, न ही कुरियर से मिला है : अखिलेश

**भाषा। लखनऊ**



समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शुक्रवार को कहा कि उन्हें अयोध्या में होने जा रहे भगवान राम के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का निमंत्रण न तो व्यक्तिगत रूप से और न ही कुरियर से मिला हैं. उन्होंने यह भी कहा कि अगर उन्हें निमंत्रण कोरियर से भेजा गया है तो उसकी रसीद उन्हें दिखा दी जाये, ताकि यह पता चल सके कि निमंत्रण सही पते पर ही भेजा गया है या नहीं. राजधानी में समाजवादी पार्टी कार्यालय में शुक्रवार को पत्रकारों से बातचीत में अखिलेश ने अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में आमंत्रित किये जाने के सवाल पर कहा, यह (भाजपा) अपमानित करने का काम करते हैं. मुझे कोई निमंत्रण नहीं मिला हैं. जब हम कोई कार्यक्रम करते हैं तो अपने परिचित को ही निमंत्रण देते हैं। हम किसी राह चलते को निमंत्रण नहीं देते. हमें कोई निमंत्रण नहीं दिया गया है. इस पर एक पत्रकार ने कहा कि सपा प्रमुख को निमंत्रण कुरियर से भेजा गया है. इस पर अखिलेश ने कहा, अब यह बात सामने आ रही हैं कि मुझे कुरियर से निमंत्रण भेजा गया हैं.

## प. बंगाल के मंत्री, नेताओं के आवास पर ईडी ने छापा मारा

**भाषा। कोलकाता**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने नगर निकायों में भर्ती में अनियमितता मामले की जांच को लेकर शुक्रवार को सुबह पश्चिम बंगाल के अग्निशमन व आपातकालीन सेवा मंत्री सुजीत बोस, तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के विधायक तापस रॉय और उत्तरी दमदम नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष सुबोध चक्रवर्ती के आवासों पर छापे मारे. एक अधिकारी ने यह जानकारी दी.

उन्होंने बताया कि ईडी के अधिकारियों ने केंद्रीय बलों के साथ शुक्रवार को सुबह उत्तर 24 परगना जिले के लेक टाउन इलाके में बोस के दो आवासों पर छापे मारे. अधिकारी के अनुसार, केंद्रीय एजेंसी के अधिकारियों ने तापस रॉय के 'बीबी गांगुली स्ट्रीट' स्थित आवास और चक्रवर्ती के बिराती स्थित आवास पर भी छापे मारे. अधिकारी ने को बताया, हम नगर निकायों में भर्तियों को लेकर टीएमसी के तीन नेताओं के आवासों पर तलाश अभियान चला रहे हैं... इस दौरान स्थानीय थानों के पुलिसकर्मी संबंधित स्थानों पर पहुंचे और पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी.

### राजस्थान में विकास को गति देगी भाजपा की डबल इंजन सरकार: मंत्री

**जयपुर।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को कहा कि 2014 से पहले तत्कालीन संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार ने राजस्थान जैसे बड़े राज्यों की पूरी तरह अनदेखी की और इस प्रदेश में अब भाजपा की 'डबल इंजन' सरकार विकास को गति देगी. वैष्णव ने कहा कि केंद्र में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा)-नीत सरकार आने के बाद रेलवे के विकास कार्यों का बजट कई गुना बढ़ा है. उन्होंने यहां पत्रकारों से कहा, वर्ष 2014 तक तत्कालीन संप्रग सरकार ने राजस्थान जैसे बड़े राज्यों की पूरी तरह से अनदेखी की.

### कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा : तैयारी अंतिम चरण में

## मथौबल के निजी मैदान से शुरू होगी यात्रा

**भाषा। इंफाल**

कांग्रेस ने शुक्रवार को कहा कि राहुल गांधी के नेतृत्व वाली 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' की शुरुआत मणिपुर की राजधानी इंफाल की बजाय 14 जनवरी को राज्य के थौबल जिले के एक निजी मैदान से होगी. कांग्रेस के मणिपुर अध्यक्ष कीशम मेघचंद्र ने कहा कि इंफाल के हट्टा कांगजेइबुंग मैदान से यात्रा शुरू करने की अनुमति मांगी गई थी, लेकिन राज्य सरकार ने कुछ शर्तों के साथ अनुमति दी. इस कारण अंतिम क्षण में कार्यक्रम स्थल में बदलाव करना पड़ा जो पूर्वनियोजित स्थल से 34 किलोमीटर दूर है.

उन्होंने कहा, हमने दो जनवरी को राज्य सरकार को प्रस्ताव दिया था कि इंफाल में भारत जोड़ो न्याय यात्रा को हट्टा कांगजेइबुंग मैदान से हरी झंडी दिखाए जाने की अनुमति दी जाए. हमने यह भी घोषणा की थी कि यात्रा इंफाल से शुरू होगी और मुंबई में संपन्न होगी.

राज्य के कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, हमने 10 जनवरी को इस संबंध में मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह से मुलाकात की थी, लेकिन हमें बताया गया कि अनुमति नहीं दी जाएगी. बाद में उस रात एक आदेश जारी किया गया, जिसमें हट्टा कांगजेइबुंग मैदान के लिए अनुमति तो दे दी गई, लेकिन इसमें शामिल होने वाले लोगों की संख्या सीमित कर दी गई. मेघचंद्र ने कहा कि राज्य से कांग्रेस के एक दल ने फिर से मुख्य सचिव विनीत जोशी के साथ पुलिस महानिदेशक राजीव सिंह और इंफाल पूर्व के उपायुक्त तथा पुलिस अधीक्षक के साथ मुलाकात की. उन्होंने कहा, हमें बताया गया कि कार्यक्रम स्थल पर 1,000 से अधिक लोगों को अनुमति नहीं दी जाएगी. अनुमति नहीं मिलने पर हम चिंतित थे.

### अभिनेत्री नयनतारा और सात अन्य के खिलाफ मामला दर्ज

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में पुलिस ने अभिनेत्री नयनतारा सहित आठ लोगों के खिलाफ इस आरोप के चलते मामला दर्ज किया है कि उनकी हाल ही में रिलीज हुई फिल्म 'अन्नपूर्णी' के कुछ दृश्यों को लेकर हिंदुओं की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं. शुक्रवार को एक अधिकारी ने यह जानकारी दी. मीरा-भयंदर के निवासी 48 वर्षीय शिकायतकर्ता ने नया नगर पुलिस थाने में अपनी शिकायत में कहा कि फिल्म 'लव जिहाद' को भी बढ़ावा देती है. फिल्म को नेटफ्लिक्स से हटा दिया गया है. नयनतारा सहित आठ लोगों के खिलाफ केस हुआ है.

**बेबाक राय** पंकज की फिल्म 'मैं अटल हूं' 19 जनवरी को रिलीज होने वाली है

# निर्वाचन आयोग के 'नेशनल आइकन' से इस्तीफा दिया

**भाषा। नयी दिल्ली**



अभिनेता पंकज त्रिपाठी ने निर्वाचन आयोग के 'नेशनल आइकन' के रूप में स्वेच्छा से इस्तीफा दे दिया है, क्योंकि वह 'मैं अटल हूं' फिल्म में एक राजनीतिक नेता की भूमिका निभा रहे हैं. त्रिपाठी, रवि जाधव के निर्देशन वाली फिल्म में पूर्व प्रधानमंत्री व भारतीय जनता पार्टी के दिवंगत नेता अटल बिहारी वाजपेयी की भूमिका निभा रहे हैं. अभिनेता ने कहा कि उन्होंने फिल्म का ट्रेलर जारी होने से पहले पद छोड़ने का मन बनाया था. राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता अभिनेता ने पीटीआई-भाषा से कहा, यह एक सामान्य प्रक्रिया है. खबर अब आई है लेकिन मैंने फिल्म का ट्रेलर जारी होने से पहले निर्वाचन आयोग को पत्र लिख दिया था. 'एक्स' पर निर्वाचन आयोग के प्रवक्ता के आधिकारिक हैंडल ने गुरुवार को यह खबर साझा की कि त्रिपाठी ने 'नेशनल आइकन' के रूप में इस्तीफा दे दिया है. उन्हें अक्टूबर 2022 में यह जिम्मेदारी सौंपी गई थी.

**खास बातें**

- मैं अटल हूं फिल्म का निर्देशन रवि जाधव ने किया है
- 2022 से ही चुनाव आयोग के आइकन थे

**राजनीतिक किरदार निभा रहा था, इसलिए दिया इस्तीफा**

पोस्ट में कहा गया है, आगामी फिल्म में राजनीतिक नेता के रूप में अपनी भूमिका को ध्यान में रखते हुए, अभिनेता पंकज त्रिपाठी ने सहमति पत्र की शर्तों के अनुसार निर्वाचन आयोग के नेशनल आइकन पद से इस्तीफा दे दिया है .आयोग अक्टूबर 2022 से मतदाता जागरूकता और स्वीप (सिस्टमेटिक वोटर्स एजुकेशन एंड इलेक्टोरल पार्टिसिपेशन) में प्रभावकारी योगदान देने के लिए उनका आभार जताता है . त्रिपाठी (57) ने कहा कि वह निर्वाचन आयोग के साथ जुड़े रहना और उसके मतदाता कार्यक्रमों के बारे में जागरूकता फैलाना चाहते थे . लेकिन एक अभिनेता के रूप में, आपको विभिन्न प्रकार की भूमिकाएं निभानी होती हैं और इसलिए मैं अटल बिहारी वाजपेयी जैसी राजनीतिक शख्सियत का किरदार निभा रहा हूं. मुझे लगा कि स्वेच्छा से इस्तीफा देना मेरे लिए उपयुक्त रहेगा . फिल्म के निर्माता विनोद भानुशाली, संदीप सिंह और कमलेश भानुशाली हैं . फिल्म 19 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होगी .

## आज के एक्टर हिंदी में लिखे संवाद भी नहीं पढ़ सकते : जावेद अख्तर

**भाषा। नयी दिल्ली**



वरिष्ठ गीतकार एवं लेखक जावेद अख्तर का कहना है कि उन्हें आज की नयी पीढ़ी के अभिनेताओं के लिए रोमन लिपि में हिंदी संवाद लिखना पड़ता है क्योंकि वे इसके अलावा कुछ और नहीं पढ़ सकते. इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में गुरुवार की शाम ''हिंदी और उर्दू: सियामीज़ ट्विन्स'' सत्र का आयोजन किया गया। सीडी देशमुख सभागार में हुए इस समारोह में 79 वर्षीय शायर अख्तर ने कहा, फिल्म उद्योग में हम नई पीढ़ी के अधिकतर कलाकारों के लिए रोमन (अंग्रेजी लिपि) में (हिंदी) संवाद लिखते हैं, क्योंकि वे इसके अलावा कुछ और नहीं पढ़ सकते. प्रोफेसर आलोक राय के साथ बातचीत में जावेद अख्तर ने कहा कि भाषा एक क्षेत्र की होती है और इसका धर्म से कोई लेना-देना नहीं है. पूर्ववर्ती पूर्वी पाकिस्तान के बंगाली कहते थे 'हम मर जाएंगे लेकिन उर्दू नहीं पढ़ेंगे, हमें अन्य देश (बांग्लादेश) चाहिए. ये 10 करोड़ लोग कौन थे, क्या वे उर्दू बोलते थे?. जावेद अख्तर ने कहा, क्या पश्चिम एशिया में अरब उर्दू बोलते हैं ? उर्दू केवल भारतीय उपमहाद्वीप की भाषा है. इसका मजहब से कोई लेना-देना नहीं है.

## जमशेदपुर के बिरला मंदिर में वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने की तैयारी, लोगों में दिख रहा उत्साह

# 18000 वर्गफीट में बनायी जा रही है श्री राम की भव्य रंगोली






22 को एलईडी स्क्रीन पर ड्रोन के माध्यम से दिखायी जाएगी रंगोली

संवाददाता। जमशेदपुर

भारत के लिए 22 जनवरी का दिन ऐतिहासिक होने वाला है. इस दिन अयोध्या के राम मंदिर में भगवान रामलीला विराजमान होंगे. पूरा भारत राममय हो चुका है. भारत का हर एक व्यक्ति अपने स्तर से इस दिन को अनोखा और ऐतिहासिक बनाने की कोशिश में लगा हुआ है. इसी क्रम में जमशेदपुर के गोलमुरी केबुल टाउन स्थित निर्माणाधीन स्वामी लक्ष्मीनारायण बिरला मंदिर परिसर में 18 हजार वर्गफीट में प्रभु श्री राम की रंगोली बनाई जा रही है. इसके लिए मंदिर परिसर में कारपेट बिछाया गया है, जिसपर रंगोली तैयार की जा रही है. रंगोली आर्टिस्ट विवेक मिश्रा द्वारा बनाई जा रही यह रंगोली बेहद ही आकर्षक है. विवेक ने बताया कि इससे पहले उन्होंने तीन हजार वर्ग फीट में बिष्टुपुर राम मंदिर में रंगोली बनाई गई थी. 22 जनवरी को इस रंगोली को एलईडी स्क्रीन पर ड्रोन के माध्यम से सभी को दिखाया जाएगा.

### 11 हजार दीपों से होगा दीपोत्सव कार्यक्रम

22 जनवरी की शाम को बिरला मंदिर में 11 हजार दीपों से दीपोत्सव कार्यक्रम भी होगा. विवेक के अनुसार इसके जरिए गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज कराने की तैयारी है. इसके लिए परिसर में चारो ओर कैमरे लगाये गए है. जिसमें प्रतिदिन किये जा रहे कार्य को रिकॉर्ड किया जा रहा है. इस रिकॉर्डिंग को गिनीज बुक को भेजा जाएगा. जिसके आधार पर वर्ल्ड रिकॉर्ड का खिताब मिलेगा. उन्होंने बताया कि वह रोजाना आठ घंटे मेहनत कर रहे हैं. इसमें लगभग 2300 किलो रंग का उपयोग हो रहा है. इस तस्वीर को बनाने के लिए विधायक सरयू राय का भी बहुत सहयोग उन्हें प्राप्त हुआ है.

### राम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को भेंट किया जाएगा 23 कैरट सोने का धनुष

**लखनऊ ।** अयोध्या में 22 जनवरी को राम लला (भगवान राम) की प्राण प्रतिष्ठा से पहले श्री राम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को अयोध्या स्थित अमाव राम मंदिर द्वारा 2.5 किलोग्राम का धनुष दिया जाएगा. अयोध्या के अमाव राम मंदिर के ट्रस्टी शायन कुणाल ने कहा कि 22 जनवरी को अयोध्या में राम लला (भगवान राम) की ''प्राण प्रतिष्ठा'' (प्रतिष्ठा) से पहले, हम उनके लिए चेन्नई से धनुष और तीर ला रहे हैं. श्री राम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को 19 जनवरी को यह दान कर दिया जाएगा. शायन कुणाल ने कहा कि धनुष को वाल्मिकी रामायण में इसके वर्णन के अनुसार बनाया गया है. इसमें विभिन्न तीरों के बारे में भी वर्णन किया गया है. चेन्नई के कुशल कारीगरों ने धनुष बनाया है. इस धनुष को बनाने में सोने के 23 कैरेट का उपयोग किया गया है. 2.5 किलोग्राम वजन वाले धनुष को बनाने में लगभग 600-700 ग्राम सोने का उपयोग किया गया है. उन्होंने कहा कि धनुष बनाने में लगभग दो महीने का समय लगा है.

### पवित्र जल लेकर जूना अखाड़े के संन्यासी अयोध्या रवाना

हरिद्वार
उत्तराखंड के पवित्र तीर्थों और गंगा समेत सभी नदियों का जल लेकर भगवान रामलला का अभिषेक करने के लिए जूना अखाड़े के नागा संन्यासियों का एक जत्था शुक्रवार को यहां से अयोध्या के लिए रवाना हुआ। जय श्री राम, हर हर महादेव के जय घोष के साथ अखाड़े के अंतरराष्ट्रीय सचिव श्रीमहंत महेश पुरी और मुख्य पुजारी श्रीमहंत सुरेशानंद सरस्वती के नेतृत्व में नागा संन्यासियों का जत्था हर की पैड़ी पहुंचा और मां गंगा की पूजा अर्चना कर गंगाजल से कलश भरा. इसके साथ ही उत्तराखंड के समस्त तीर्थों से लाये जल से भरे कलशों का भी पूजन किया गया जिसके बाद उन्हें लेकर नागा संन्यासी दक्षेश्वर महादेव मंदिर कनखल पहुंचे तथा भगवान शिव का अभिषेक कर अयोध्या में राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के निर्विघ्न संपन्न होने की प्रार्थना की.

## भगवान राम व मंदिर की छवि वाले भगवा झंडों की मांग कई गुना बढ़ी

**अयोध्या।** अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले, भगवान राम, भगवान हनुमान और निर्माणाधीन भव्य मंदिर की छवियों वाले भगवा झंडों की मांग कई गुना बढ़ गई है. चूंकि 22 जनवरी को ''प्राण प्रतिष्ठा'' के दिन अयोध्या वस्तुतः किले में तब्दील हो जाएगी, इसलिए आसपास के जिलों से श्रद्धालु राम लला के ''दर्शन'' के लिए जल्दी पहुंच रहे हैं और इन ध्वजों के अलावा भगवान राम के नाम और चित्र वाले अन्य सामान भी खरीद रहे हैं. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 22 जनवरी को राम मंदिर होने जा रहे भगवान राम के बाल स्वरूप के विग्रह के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होंगे. भव्य आयोजन में दो सप्ताह से भी कम समय बचा है, और अयोध्या में धार्मिक उत्साह का माहौल है. स्थानीय लोगों का कहना है कि अयोध्या राममयी हो रही है. स्थानीय दुकानदारों के अनुसार, भगवान राम और निर्माणाधीन राम मंदिर की छवि वाले भगवा झंडों के साथ ही अक्सर कारों की पिछली विंडशील्ड पर देखे जाने वाले ''जय श्रीराम'' के नारे और भगवान हनुमान की छवि की काफी मांग है. स्थानीय निवासियों ने बताया कि राम मंदिर मुद्दे पर 2019 के उच्चतम न्यायालय के फैसले के बाद से भगवा झंडों की मांग बढ़ रही है. रामपथ पर एक रेस्तरां चलाने वाले प्रदीप गुप्ता ने कहा कि पिछले कुछ सप्ताहों में और विशेष रूप से नये राम मंदिर में होने वाले ''प्राण प्रतिष्ठा'' समारोह के कारण, इसकी मांग बहुत है. उन्होंने कहा कि भगवान राम और निर्माणाधीन राम मंदिर की छवि वाले भगवा झंडे, विशेष रूप से श्रद्धालुओं के बीच बहुत लोकप्रिय हैं.

**50 से 1000 रुपये तक है झंडों की कीमत :** स्थानीय दुकानदारों ने बताया कि झंडे विभिन्न आकारों में हैं और इनकी कीमत 50 रुपये से लेकर 1,000 रुपये तक है. उन्होंने कहा कि पिछले कुछ सप्ताह में शुरू हुए कई अनुष्ठानों और ''शोभा यात्राओं'' के कारण भी इनकी मांग बढ़ी है. भगवा झंडे समेत धार्मिक वस्तुएं बेचने वाले दुकानदार मुकेश कुमार ने कहा कि यहां 'प्राण प्रतिष्ठा'' से पहले हमारा कारोबार बढ़ गया है. उन्होंने कहा कि बिक्री बढ़ गई है क्योंकि अयोध्या में कई स्थानों पर यज्ञ किए जा रहे हैं और अन्य स्थानों से भी मांग आ रही है. इन झंडों का उपयोग कथा और भागवत के दौरान भी किया जाता है. हम थोक दरों पर बिक्री करते हैं और प्रति दिन लगभग 10,000-12,000 रुपये कमा रहे हैं.

### प्रधानमंत्री ने शुरू किया 11 दिनों का विशेष अनुष्ठान

**नयी दिल्ली ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले शुक्रवार से 11 दिन का विशेष अनुष्ठान आरंभ किया. साथ ही उन्होंने कहा कि जो अनुभव उन्हें हो रहा है वैसा अनुभव उन्हें जीवन में पहले कभी नहीं हुआ. उन्होंने कहा कि मैं भावुक हूं, भाव-विह्वल हूं. मैं पहली बार जीवन में इस तरह के मनोभाव से गुजर रहा हूं. प्रधानमंत्री ने कहा कि जिस स्वप्न को अनेक पीढ़ियों ने वर्षों तक एक संकल्प की तरह अपने हृदय में जिया, उन्हें उसे साकार होते हुए देखने का सौभाग्य मिला है. मोदी ने एक ऑडियो संदेश में कहा कि उनके अंतर्मन की यह भाव यात्रा अभिव्यक्ति की नहीं बल्कि अनुभूति का अवसर है. उन्होंने कहा कि वह चाहते हुए भी इसकी गहनता, व्यापकता और तीव्रता को शब्दों में बांध नहीं पा रहे हैं.

रामलला प्राण प्रतिष्ठा उत्सव

## सीता की नैहर से मिथिला से चला 501 दौरा का 'सनेस'

ज्ञानवर्द्धन मिश्र। पटना

22 जनवरी का बेसब्री से इंतजार है. यह इंतजार देश-दुनिया सहित माता जानकी के नैहर मिथिला के लोगों को भी है. यह भावना सिर्फ धर्म से नहीं, बल्कि उससे अधिक एक परिवार और उससे भी अधिक अपनी बबुनी के घर-परिवार को बसते -देखने से जुड़ी हुई है. एक मां के लिए, बाबुल के लिए और नैहर के सभी लोगों के लिए इससे बढ़ कर और कोई खुशी नहीं हो सकती कि आज उसकी पुत्री का घर-संसार संवर रहा है. ऐसी ही खुशी और आनंदातिरेक की अनुभूति मिथिला के लोग कर रहे हैं. शुक्रवार को दरभंगा से 501 दौरा के भार ''सनेस'' के रूप में लेकर मिथिला के श्रद्धालु बबुनी सीता की ससुराल अयोध्या के लिए प्रस्थान किये. यह जानकारी दरभंगा के भाजपा सांसद डॉ. गोपालजी ठाकुर ने दी. यात्रा में सांसद के साथ पचाढ़ी महंत राम उदित दास मौनी बाबा, लगमा आश्रम के ब्रामश्चर्य बउआ भगवान, बेनीपुर महंत विनोद शास्त्री महाराज, विद्यापति सेवा संस्थान के महासचिव डॉ.वैद्यनाथ चौधरी बैजू सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु दरभंगा से प्रस्थान किये. पदयात्रा दरभंगा स्थित मां श्यामा माई मंदिर से शुरू हुई. यह यात्रा पटना, बक्सर होते हुए 13 जनवरी 2024 को अयोध्या धाम पहुंचेगी और श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को यह भार सौपेंगी.

### आभूषण से लेकर मिथिला पेंटिंग तक शामिल है 501 भार में



501 भार में अलग-अलग प्रकार के आभूषण, मिष्ठान, पकवान, वस्त्र, फल, मिथिला पेंटिंग, पाग, दोपट्टा, मखाना व मखाना के माला, पूजन व हवन सामग्री आदि शामिल है. सांसद डॉ. गोपालजी ठाकुर ने कहा कि लगभग 550 वर्षों बाद सनातन धर्म प्रेमियों के लिए ऐतिहासिक व सुखद क्षण आनेवाला है, जब प्रभु श्रीराम 22 जनवरी 2024 को अयोध्या धाम में निर्मित भव्य व दिव्य मंदिर में विराजमान होंगे. उन्होंने कहा कि प्रभु श्रीराम मिथिला के पाहुन (जमाई) हैं. इस पुण्य अवसर पर मिथिलावासी मां जानकी व प्रभु श्रीराम को श्रद्धापूर्वक उपहार देने हेतु उत्सुक हैं. उन्होंने कहा कि आदि काल से मिथिला में बेटियों के घर अर्थात उसके ससुराल में भार (उपहार) अर्थात सनेस ले जाने की परंपरा है, इसी के निमित्त मिथिला के केंद्र दरभंगा से श्रद्धालु अयोध्या धाम भार लेकर जा रहे हैं.

### 22 को राजकीय अवकाश घोषित करने की मांग

दरभंगा सांसद डॉ. गोपालजी ठाकुर ने बिहार सरकार से 22 जनवरी को राजकीय अवकाश घोषित करने की मांग की है. उन्होंने कहा कि 22 जनवरी की ऐतिहासिक तिथि पर मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने राजकीय अवकाश की घोषणा की है. उन्होंने कहा कि आगामी 22 जनवरी को बिहार सरकार के मुखिया नीतीश कुमार से राजकीय अवकाश की घोषणा करने की मांग की गयी है.

### गढ़वा में अयोध्या नगरी जैसी तैयारी चल रही, मंदिरों में पधारेंगे भगवान राम

**गढ़वा ।** लगभग 500 वर्षों बाद भगवान राम 22 जनवरी को अपने घर में वापस आयेंगे. इसे लेकर अयोध्या में आयोजित प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर गढ़वा के सनातनी उत्साहित हैं. इस ऐतिहासिक पल को गढ़वा में उतारने के लिए सनातनियों ने संकल्प लिया है. उस दिन गढ़वा जिला मुख्यालय को अधोध्या नगरी जैसे सजाने, सभी मंदिरां में धार्मिक आयोजन करने, मुहल्लों एवं गलियां को ध्वज से सजाने, मंदिरों में एलईडी टीवी एवं पर्दा लगाकर बड़े स्क्रीन पर अयोध्या में आयोजित कार्यक्रम का गढ़वा में लाईव दिखाने एवं भव्य शोभा यात्रा निकालने का निर्णय लिया गया है. मां गढ़देवी मंदिर में हुई बैठक उक्त निर्णय मां गढ़देवी मंदिर में आयोजित सनातनियां की बैठक में ली गई. निर्णय के अनुसार 16 जनवरी को शहर के सभी मुहल्लों में प्रभात फेरी निकालकर 22 जनवरी को आयोजित प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की जानकारी हिंदू परिवारों को दी जाएगी. 22 जनवरी से सुबह से मंदिरों में अखंड कीर्तन, हवन, भजन आदि का आयोजन किया जाएगा. दिन के एक बजे तक अयोध्या में आयोजित प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किया जाएगा. एक बजे दोपहर में मां गढ़देवी मंदिर से भगवान राम की भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी.

---

## कॅरियर-काउंसिलिंग

# फिशरीज साइंस की पढ़ाई कर युवा बना सकते हैं कॅरियर



एजुकेशन रिपोर्टर । रजनीश प्रसाद

बीएससी फिशरीज साइंस मुख्य रूप से साइंस में ग्रेजुएशन करने के इच्छुक छात्रों द्वारा की जाने वाली एक ग्रेजुएट डिग्री कोर्स है. ग्रेजुएशन डिग्री की तरह बीएससी फिशरीज साइंस भी 3 साल की अवधि वाला कोर्स है, जिसे छह सेमेस्टर में बांटा गया हैं. यह कोर्स मुख्य रूप से नेचुरल साइंस पर ध्यान केंद्रित करता है. फिशरीज साइंस मूल रूप से जलीय यानी पानी में रहने वाले जीव और जीवन विज्ञान के बारे में है. बीएससी फिशरीज साइंस में जूलॉजी, एक्वाकल्चर और बायोकेमिस्ट्री के मुख्य विषय शामिल हैं. इस कोर्स को करने का एक और महत्वपूर्ण कारण यह है कि यह युवाओं के लिए कॅरियर के कई रास्ते खोलता है. इस कोर्स में मछलियों, इको सिस्टम, रोगों और उनके खाद्य पदार्थों आदि का अध्ययन शामिल है. यह प्रजनन, जेनेटिक्स, खेती, पोषण आदि जैसे जलीय कृषि के विषयों पर आधारित है. इस कोर्स में मछली पकड़ने की प्रक्रिया, इलाज, कैनिंग, वेस्ट का उपयोग, फिशरीज, सूक्ष्म जीव विज्ञान आदि शामिल हैं. बीएससी फिशरीज साइंस में समुद्र विज्ञान, लिम्नोलॉजी, इकोसिस्टम, बायो डाइवर्सिटी और जलीय प्रदूषण शामिल हैं. मछली पकड़ने की तकनीक में क्राफ्ट इंजीनियरिंग, नेविगेशन और सीमैनशिप, समुद्री इंजन शामिल हैं. मछलियों का जीवन, मछलियों की ब्रीडिंग, इकोलॉजी और अनेक सब्जेक्ट पढ़ाये जाते हैं. कोर्स के दौरान स्टूडेंट्स को पानी तथा हर प्रकार की मछलियों के बारे में जानकारी दी जाती है. इस प्रकार छात्रों को फिशरी साइंस के सभी पहलुओं में एक्सपर्ट बनाया जाता है. इस फील्ड में डिप्लोमा से लेकर बैचलर और पीजी भी कोर्स उपलब्ध है.

### भारतीय विश्वविद्यालय में आवेदन प्रक्रिया

- सबसे पहले अपनी चुनी हुई यूनिवर्सिटी की ऑफिशियल वेबसाइट में जाकर रजिस्ट्रेशन करें.
- यूनिवर्सिटी की वेबसाइट में रजिस्ट्रेशन के बाद आपको एक यूजर नेम और पासवर्ड प्राप्त होगा.
- फिर वेबसाइट में साइन इन के बाद अपने चुने हुए कोर्स का चयन करें जिसे आप करना चाहते हैं.





- अब शैक्षिक योग्यता, वर्ग आदि के साथ आवेदन फॉर्म भरें.
- इसके बाद आवेदन फॉर्म जमा करें और आवश्यक आवेदन शुल्क का भुगतान करें.
- यदि एडमिशन, प्रवेश परीक्षा पर आधारित है, तो पहले प्रवेश परीक्षा के लिए रजिस्ट्रेशन करें और फिर रिजल्ट के बाद काउंसलिंग की प्रतीक्षा करें. प्रवेश परीक्षा के अंको के आधार पर आपका चयन किया जाएगा और लिस्ट जारी की जाएगी.

**कॅरियर**

बीएससी फिशरीज साइंस ग्रेजुएट्स रिसर्च, ट्रेनिंग और टीचिंग के अलावा प्रोसेसिंग एंड प्रोडक्शन, प्रिजर्वेशन, मरीनकल्चर, फिश फार्म, बैंक्स, फिशरीज डेवलपमेंट बोड्‌र्स, फिश ब्रीडिंग फार्म्स, फूड इंडस्ट्री आदि सरकारी और प्राइवेट सेक्टर में जॉब कर सकते हैं. फिशरीज से संबंधित कोर्स करने के बाद असिस्टेंट फिशरीज डेवलपमेंट ऑफिसर, डिस्ट्रिक्ट फिशरीज डेवलपमेंट ऑफिसर, असिस्टेंट प्रोफेसर, रिसर्च असिस्टेंट, टेक्निशियन तथा बायोकेमिस्ट आदि पदों पर काम किया जा सकता है.

1. रिसर्च एनालिस्ट ऑपरेशंस
2. फिशरी बायोलॉजिस्ट
3. फिशरी ऑफिसर
4. रिटेल स्टोर मैनेजर
5. एक्वाकल्चर टेक्निशन
6. नेशनल सेल्स रिप्रेजेंटेटिव
7. फिश फार्मिंग कंसल्टेंट





## जॉब अलर्ट

### 1. ऑयल इंडिया लिमिटेड ने सुपरिटेंडेंट मेडिकल ऑफिसर के लिए रिक्तियां निकाली है

**संस्था** – ऑयल इंडिया लिमिटेड
**पद नाम** – मेडिकल ऑफिसर, सीनियर ऑफिसर
**पद संख्या** – 102
**अधिसूचना** – जारी
**नौकरी का स्थान** – संपूर्ण भारत
**आवेदन मोड** – ऑनलाइन
**ऑनलाइन एप्लीकेशन फॉर्म भरने की अंतिम तिथि** – 29 जनवरी 2024
**ऑफिसियल साईट** – https://oilexecutive.cbtexamportal.in

**पदों का विवरण**

| | |
|---|---|
| मेडिकल ऑफिसर | 02 |
| सुपरिटेंडेंट अभियंता | 02 |
| सीनियर ऑफिसर | 97 |

**आयु सीमा** – 32 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए.

### 2. बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) ने कृषि विभाग में रिक्तियां निकाली है

**संस्था का नाम** – बिहार लोक सेवा आयोग
**पद नाम** – ब्लॉक कृषि अधिकारी
**पद संख्या** – 1051
**नौकरी का स्थान** – कृषि विभाग पटना
**आवेदन मोड** – ऑनलाइन
**फॉर्म भरने की तिथि** – 15-28 जनवरी 2024
**ऑफिसियल साईट** – https://www.bpsc.bih.nic.in
**शैक्षणिक योग्यता** –
अनुमंडल कृषि अधिकारी / उप परियोजना निदेशक/ सहायक निदेशक – मान्यता प्राप्त कृषि विश्वविद्यालय/ संस्थान / केंद्रीय विश्वविद्यालय (कृषि संकाय) से कृषि विज्ञान में स्नातक डिग्री जरूरी है.
**सहायक निदेशक** – मान्यता प्राप्त कृषि विश्वविद्यालय से कृषि संकाय से कृषि अभियंत्रण व पौधा संरक्षण में स्नातक डिग्री जरूरी है.
**ब्लॉक कृषि पदाधिकारी** – मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/ संस्था से कृषि विज्ञान में स्नातक (बीएससी कृषि) की डिग्री जरूरी है.
**आयु सीमा** –21 से 37 वर्ष

### 3. नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड( एनसीएल) ने सहायक फोरमैन के पदों के लिए रिक्तियां निकाली है

**पद नाम नाम** – असिस्टेंट फोरमैन
**पद संख्या** – 150
**नौकरी का स्थान** – संपूर्ण भारत
**आवेदन मोड** – ऑनलाइन
**फॉर्म भरने की तिथि** – 15 जनवरी - फरवरी 2024
**ऑफिसियल साईट** – https://www.nclcil.in
**आयु सीमा** – 18 से 30 वर्ष
**शैक्षणिक योग्यता** – सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त किसी भी संस्थान से इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग में डिप्लोमा या संबंधित और उच्च योग्यता होना जरूरी है (न्यूनतम 3 वर्ष कार्यक्रम).

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - सुरजीत सिंह, स्थानीय संपादक - संजय सिंह*. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - JHAHIN/2023/84487 ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)